वाराणसी, सोमवार, 6 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 1, वर्ष 12, अंक 1, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00
परख सच की
# जनसंदेश टाइम्स
11 सफलता के
ग्यारह साल बेमिसाल
वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित
डाक संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news









# पुलिस मुठभेड़ में बावरिया गिरोह के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**सफलता**

**एक बदमाश को लगी गोली, लूट का सामान व नकदी बरामद**

एक बदमाश को पैर में गोली भी लगी है जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।



अस्पताल में उपचारार्थ पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश

**जौनपुर।** थाना लाइन बाजार, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने एक मुठभेड़ में बावरिया गिरोह के दो सदस्यों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर उनके पास से असलहा मोटरसाइकिल एवं लूट के सामान आदि बरामद किया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को पैर में गोली भी लगी है जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार नवागत पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा बीती रात्रि अपराध गोष्ठी के दौरान जनपद को भयमुक्त शांत व सुरक्षित बनाने हेतु अवगत कराया गया था। उसी के क्रम में अपराध के प्रभावी नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक लाइन बाजार मय हमराह नगर के प्रसाद तिराहे पर अपराध नियत्रण हेतु सदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग कर रहे थे उसी समय प्रभारी एसओजी, प्रभारी सर्विलांस मय टीम वहां पहुंच गये। मुखबिर खास से सूचना मिली की बावरिया गिरोह के बदमाश बलिया से आजमगढ़ के रास्ते होते हुए मड़ियाहूं जायेंगे। इस सूचना पर पुलिस टीम प्रसाद तिराहे पर सघन चेकिंग करने लगी। कुछ देर बाद एक मोटरसाइकिल पर दो की संख्या में सवार व्यक्ति आजमगढ़ से जौनपुर की ओर आते हुए दिखाई दिये जिन्हे रूकने का इशारा किया गया तो बदमाश अपनी मोटरसाइकिल तेजी से चलाते हुए चौकियाधाम जाने वाले रास्ते की तरफ मुड़ गये। मोटरसाइकिल पर बैठा पीछे वाला व्यक्ति जान से मारने की नियत से दो राउण्ड फायर किया। एक गोली प्र.नि. लाइन बाजार के बुलेट फ्रूफ जैकेट पर लगी तथा एक गोली स्वाट टीम के हे.का. गोविन्द तिवारी के दाहिने हाथ को छूते हुए निकल गयी। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो बदमाश भगौतीपुर गाँव की ओर जाने वाले रास्ते पर मुड़ गये तथा रास्ता खराब होने के कारण कुछ दूर जाने पर मोटर साइकिल फिसल गयी। आत्मरक्षार्थ चेतावनी देते हुए पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया जिससे बदमाश घायल होकर गिरे पड़े। घायल बदमाशों से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम सोमपाल बावरिया पुत्र मुंशी निवासी अहदमगढ़ सोनारदार थाना झिंनझाना जनपद शामली व दूसरे ने अपना नाम विक्की पुत्र कालू राम निवासी खानपुर कला थाना झिंनझाना जनपद शामली बताया। उनके पास से तमंचा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, लूट की चैन व चैन बिक्री की नकदी बरामद हुई। घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मुंकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में आदेश कुमार त्यागी प्रभारी निरीक्षक थाना लाइन बाजार, जयप्रकाश यादव निरीक्षक अपराध थाना लाइनबाजार, चन्दन कुमार राय प्रभारी चौकी चौकिया धाम थाना, उ.नि. धीरेन्द्र कुमार सोनकर, रामजनम यादव प्रभारी सर्विलॉस, मनोज कुमार सिंह प्रभारी एसओजी व हमराहीगण शामिल रहे।

# सूर्यबली व मो. हसन पीजी कॉलेज का फाइनल में प्रवेश

**खेल**

**12 फरवरी को दोनों में होगा फाइनल का मुकाबला**

**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के स्थित एकलव्य स्टेडियम में महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में दो सेमीफाइनल मैच खेले गए जिसमें पहला सेमीफाइनल मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज और टीडीपीजी कॉलेजके बीच खेला गया जिसमें मो. हसन पीजी कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट गिराकर 141 रन बनाए जिसमें अनुज सिंह ने 52 गेंद पर 74 रन एवं आशीष ने 42 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में टीडीपीजी कालेज की तरफ से मिलन यादव ने 4 ओवर में 15 रन देकर 6 विकेट एवं अखिल ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीडीपीजी कालेज ने 17 ओवर में सभी विकेट खोकर 99 रन ही बना सकी, जिसमें शशांक पाण्डेय 24 गेंद पर 18 रन, अखिल ने 19 गेंद पर 17 का योगदान रहा। गेंदबाजी में मो. हसन पीजी कालेज की तरफ से शशांक ने 4 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट एवं किशन सिंह ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किये। मो. हसन पीजी कालेज ने 42 रन से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरा सेमीफाइनल मैच पीजी कालेज गाजीपुर एवं सूर्यबली यादव महाविद्यालय देवकली के बीच खेला गया जिसमें पीजी कालेज गाजीपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 93 रन बनाए, जिसमें सौरभ त्रिपाठी ने 36 गेंदों पर 26 रन, अजय कुमार चौधरी ने 12 गेंद पर 21 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में सूर्यबली यादव महाविद्यालय देवकली के हर्ष शर्मा ने 4 ओवर 29 रन देकर 4 विकेट एवं अंकित ने 3 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सूर्यबली यादव महाविद्यालय ने 9 विकेट खोकर 93 रन ही बना पायी जिसमें मुदस्सिर खान ने 36 गेद पर 41 रन तथा आयुष ने 19 गेंद पर 17 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में पीजी कालेज, गाजीपुर की तरफ से निकेश कुमार यादव ने 3 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट, शशांक पाण्डेय ने 2 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट एवं इशान मिश्रा ने 4 ओवर 14 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किये। इस प्रकार से मैच टाई हो गया। सुपर ओवर में सूर्यबली यादव महाविद्यालय ने पीजी कालेज गाजीपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच सूर्यबली यादव महाविद्यालय एवं मो. हसन पीजी कालेज के बीच 12 फरवरी को खेला जायेगा। अम्पायर की भूमिका में प्रदीप पटेल, राज बहादुर यादव एवं स्कोरर की भूमिका विपिन सर्राफ रहे। उक्त अवसर पर सहायक कुलसचिव दीपक कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, खेल सहायक रजनीश कुमार सिंह, सतेन्द्र कुमार सिंह, क्रिकेट प्रशिक्षक विजय प्रकाश, अल्का सिंह चौहान, भानू प्रताप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पांच किलो गांजा व 80 लीटर कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



शराब और गांजे के साथ गिरफ्तार बदमाश

**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के दो अलग-अलग ग्राम पंचायतों से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए 5 किलो गांजा तथा 80 लीटर आमिश्रित कच्ची शराब बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक नवागत पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना स्थानीय टीम बनाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में अवैध वाहन व संदिग्ध ब्यक्तियो की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के मछलीगांव पुराने ईंट भट्ठे के पास से 5 किलो नाजायज गांजा के साथ उक्त ग्राम पंचायत निवासी शशिकेश उर्फ गोलू शुक्ला पुत्र अजय प्रकाश उर्फ नन्हे शुक्ला तथा द्वितीय टीम प्रभारी राजेंद्र प्रसाद ने अपने हमराही कांस्टेबल के साथ मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के सरायगुंजा तिराहे से 80 लीटर आमिश्रित कच्ची शराब के साथ उक्त ग्राम पंचायत निवासी शैलेन्द्र यादव पुत्र स्व. राम अभिलाख को गिरफ्तार करते हुए बिभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर दोनों अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेज दिया है।

# कुर्क किए गए सामानों की होगी नीलामी

**सुइथाकला।** न्यायालय के आदेश के क्रम में कुर्क किए गए सामानों की नीलामी सोमवार को दो बजे स्थानीय थाना परिसर में होगी। इस आशय की जानकारी थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

बतौर पुलिस चौकी क्षेत्र सरायमोहिऊद्दीनपुर गांव निवासी अमरेन्द्र ऊर्फ पवन पुत्र सन्तराम विन्द मुकदमा अपराध संख्या 2207/2021 धारा 128 सीआरपीसी से सम्बन्धित अभियुक्त है जिसके विरूद्ध विगत 22 अक्टूबर को माननीय न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम ने आदेश कर रखा था जिसके परिपालन में कुर्क किए गए अभियुक्त के सामानों की नीलामी सोमवार को दो बजे थाना परिसर में नायब तहसीलदार सन्दीप कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में होगी। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने लोगों से ससमय प्रतिभाग करने की अपील की है।

# अपराधियों को किसी भी हाल में बक्शा न जाये : डॉ. अजय पाल

**आदेश**

**नवागत पुलिस अधीक्षक ने किया कोतवाली का औचक निरीक्षण**

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** नवागत पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा रविवार दोपहर अचानक कोतवाली पहुंचे। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक चोब सिंह व प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय मौजूद रहे।

कोतवाली में पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों का निरीक्षण किया। मौके पर असलहा सफाई का कार्य चल रहा था। इस बावत जानकारी लिया। कहाकि असलहे का रख रखाव बढ़िया होने पर संतोष जताया। वहीं सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। परिसर में जमा गाड़ियों के निस्तारण हेतु निर्देश दिया। वहीं बंदी गृह समेत तमाम रजिस्टर देखा। अपराध पर नियंत्रण लगाने हेतु सख्ती का निर्देश दिया। गश्त बढ़ाने, अराजक तत्वों पर नजर रखने, फरार व वारंटी को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। कहा अपराधियों को किसी भी हाल में बक्शा न जाये वे चाहें कितनी भी ऊंची पकड़ रखते हों। जन सामान्य से बेहतर संवाद स्थापित करने को निर्देशित किया। प्रथम आगमन पर पुलिस कर्मियों की सांसें अटकी रहीं। पौन घंटे निरीक्षण करने के उपरांत सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश दे मुख्यालय हेतु रवाना हुए। आल इज वेल होने पर प्रभारी निरीक्षक समेत कर्मियों ने राहत की सांस ली।



शाहगंज कोतवाली का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक

## अज्ञात वृद्ध का मिला शव

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ठकठौलिया गांव स्थित गांधी आश्रम के समीप एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को ठकठौलिया गांव के समीप गांधी आश्रम के पास एक 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा हुआ मिला। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने का प्रयास किया। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने लिखा-पढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विधायक निधि से बनने वाले इंटरलॉकिंग का किया शिलान्यास

**खुटहन।** पनौली गांव में रविवार को अपनी निधि से बनाए जाने वाली इंटरलाकिंग का विधायक रमेश सिंह ने वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के साथ शिलान्यास किया। गांव के पीडब्ल्यूडी रोड से शिव मंदिर तक डेढ़ सौ मीटर इंटरलाकिंग, जिस पर लगभग सात लाख रुपए ब्यय होना है। जिसे किसी कारणवश मनरेगा से नहीं बनाया जा सका। ग्रामीणों की समस्या देख विधायक ने पूर्व में ही उसे अपनी निधि से बनाने का आश्वासन दिया था जिसकी शुरूआत कर दी गई।

गांव में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का वादा है कि गांवों की कोई भी वस्ती ही नहीं, कोई ऐसा घर नहीं बचेगा, जहां तक मार्ग, बिजली, पानी, पात्रों को आवास, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न? करा दी जाय। अधिकतर गांव में इन समस्याओं का निदान भी हो चुका है। जहां नहीं हुआ है, वहां अति शीघ्र काम चालू हो जाएगा। उन्होंने सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए लोगों से आह्वान किया कि आगामी 6 मार्च को जमुनिया इंटर कालेज के मैदान में भव्य सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है जिसका रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य दहेज के दानव को समाज से मिटाना है इसके लिए विशेष रूप से युवा वर्ग आगे आयें। इस मौके पर ग्राम प्रधान विंदू चौधरी, ओमप्रकाश यादव, संतलाल सोनी, पप्पू सिंह, अजीत सिंह, रामकुमार, प्रेमचंद तिवारी, गुलाब, रीगन सिंह आदि मौजूद रहे।



इंटरलाकिंग का शिलान्यास करते विधायक रमेश सिंह

# जिले को 35 हजार करोड़ की मिलेगी सौगात : सांसद

**बैठक**

**भाजपा की जिला स्तरीय बैठक और डाटा प्रबंधन कार्यशाला संपन्न**




भाजपा की जिला स्तरीय बैठक को सम्बोधित करते सांसद मछलीशहर

**नेवढ़िया।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक और डाटा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन स्थानीय एक मैरिज हॉल में किया गया। बैठक का शुभारंम्भ पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यसमिति बैठक में आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा व संगठनात्मक चर्चा किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि पार्टी के काशी क्षेत्र के मंत्री अशोक तिवारी ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में महाशक्ति बनकर उभर रहा है। कुछ दिन पूर्व जब रुस यूक्रेन युद्ध चल रहा था उस युद्ध को रोककर अपने लोगों को वहां से सुरक्षित भारत लाया गया यह इसका जीता जागता उदाहरण है। अभी बीते समय गुजरात विधानसभा चुनाव में जनता का भरपूर समर्थन अपार स्नेह पार्टी को मिला जिसने विगत कई चुनावों का इतिहास ही पलट कर रख दिया। उन्होंने कहाकि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ने 2024 लोकसभा की चुनाव की तैयारी की रणनीति बीते लोकसभा चुनाव के समय से ही बनानी शुरू कर दी थी जिसका परिणाम है कि आज हमारी जिले मंडल से लेकर बूथ स्तर तक की कमेटी बेहद संगठित और मजबूत है। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय भाजपा सांसद बीपी सरोज ने कहा की प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की दूरवर्ती सोच के चलते आज जनपद को 35 हजार करोड़ के उद्योगों की सौगात मिलने जा रही है जिनके लगने के बाद नौजवानों को जिले से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कहा कि पूरे जिले में छोटी-बड़ी कुल मिलाकर 500 सड़कें लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जानी है। जिला अध्यक्ष रामविलास पाल ने कहा कि यह भाजपा की कुशल संगठनात्मक क्षमता का ही परिणाम है कि आज समाजवादी पार्टी को विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष का स्थान तक नहीं मिल पा रहा है क्योंकि नेता प्रतिपक्ष के लिए कुल 10 सदस्यों की जरूरत है जबकि हाल ही में भाजपा ने 4 सीटें जीतकर सपा को विधान परिषद में सिर्फ 9 सीटों तक सीमित कर दिया है। भाजपा काशी क्षेत्र चुनाव प्रबंधन समिति के सह संयोजक संदीप तिवारी ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं को सरल एप इंस्टॉल करवाया। बैठक को जिला प्रभारी केके सिंह, जिला महामंत्री राजेश श्रीवास्तव, मनोज दुबे, महिलाल गौतम ने भी संबोधित किया। इस मौके पर डॉक्टर अजय सिंह, इंदुबाला सिंह, जयेश सिंह, वंदना पटेल, डॉ. श्याम दत्त दुबे, प्रहलाद यादव, शिवम पाल, अनुराग सिन्हा, अखिल प्रताप सिंह, प्रहलाद यादव, मृत्युंजय तिवारी, शैलेश गिरी आदि लोग थे। संचालन जिला महामंत्री डॉ. अजय कुमार सिंह ने किया। जिला कार्यसमिति के बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने आये सभी अतिथियों का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया।

# समाचार पत्र कर्मी को मनबढ़ ने धमकाया

जनसंदेश न्यूज

**दुस्साहस**

**फोन कर दी जान से मारने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस**

**जौनपुर।** जनपद भर में बढ़ते अपराध के ग्राफ के बीच अब स्वतंत्र पत्रकारिता भी सुरक्षित नहीं रह गई है। आये दिन नये मामले प्रकाश में आते रहें है जिसमें हत्याओं सहित अन्य संगीन मामले बढ़ते जा रहें है। इसी बीच जौनपुर डिपो से सम्बन्धित खबर प्रकाशित करने पर समाचार पत्र कर्मी को जान से मारने की धमकी मिल रही है।

बताते चलें कि नगर कोतवाली क्षेत्र के सिपाह चाचकपुर निवासी जीशान हैदर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात्रि लगभग 9.42 बजे एक समाचार पत्र के कार्यालय प्रभारी को जान से मारने की धमकी इस बात पर मिली कि समाचार पत्र लगातार जौनपुर डिपो में मिल रही खामियों का समाचार प्रकाशित करता चला आ रहा है जिसको लेकर भ्रष्टाचारियों में खलबली मच गई है। इसी मामले से सम्बन्धित रोडवेज के कर्मचारी ने मोबाइल संख्या 9152283018 से फोन कर अपना नाम राजेश उपाध्याय बताते हुए चेतावनी दी कि तुमको मना किया गया था कि अब खबर नहीं चलनी चाहिये लेकिन तुम माने नहीं, अब तुमने बहुत बड़ी गलती कर दी है जिसका खामियाजा भुगतने के लिये तैयार रहो। उसने यह भी कहा कि जिस चौराहे पर मिलोगे वहीं घसीट कर पिटूंगा और कोई मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ पायेगा। लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है और दोषी के विरूद्ध उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। फिलहाल देर शाम तक पुलिस की तरफ से कोई प्रगति नहीं दिखाई दी।

## संक्षेप

### स्थगन आदेश के बाबजूद बंजर भूमि पर किया जा रहा कब्जा

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के नरहन गांव में स्थगन आदेश के बाबजूद भी बंजर भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में शनिवार की सुबह समाधान दिवस पर पहुंच पत्रक सौंप न्याय की गुहार लगाई। शिकायत कर्ता ने बताया कि गांव के आराजी नंबर 2184 बंजर खाते की भूमि व नाला सैकड़ों वर्ष पुराना है जिस पर क्षेत्र के जाने माने डॉ. बहादुर अली खान पुत्र मुनौवर खान व अन्य लोगों द्वारा भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। उक्त लोगों द्वारा नरहन गांव की ही अन्य बंजर, भीटा, तालाब आदि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कराया गया है जिसको लेकर कई बार तहसील प्रशासन व जिला प्रशासन से शिकायत की गई है बाबजूद इसके भी धनबल व बाहुबल के बल पर डॉ. बहादुर खान व अन्य लोगों का कब्जा किया जा रहा है। पत्रक देने वालों में प्रदीप कुमार, अजय सोनकर, दिलीप सोनकर, मिथलेश गिरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### आमने-सामने बाइक की टक्कर, एक घायल

**मछलीशहर।** रविवार की भोर में जौनपुर-रायबरेली हाइवे के मरी माई पुलिया के निकट दो बाइकों में आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर में अतुल यादव 35 वर्ष पुत्र राम नारायण ग्राम मनिकापुर थाना सिकरारा गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि टक्कर के बाद दूसरा बाइक सवार फरार हो गया। अगल बगल के लोगों की सहायता से एम्बुलेंस से घायल को सीएचसी लाया गया जहाँ चिकित्सक ने नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पांच गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** अपराध की रोकथाम अपराधियों की धरपकड़ व गैरजमानती वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत गैर जमानती वारंटी अनिल कुमार, सुनील कुमार, हीरालाल निवासीगण बनकट, दिवाकर दूबे निवासी कुड़रिया व सन्तोष मिश्र निवासी मुड़ाव थाना पवांरा को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, उपनिरीक्षक मंजय यादव, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ रविवार की सुबह विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

# रंगारंग कार्यक्रमों के बीच मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**कार्यक्रम**

**नृत्य और गीत के माध्यम से सामाज को किया जागरूक**

**प्रतियोगिता में विजयी छात्र किये गए पुरस्कृत**



विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते विधायक

**जफराबाद।** रविवार को कस्बे के मकतब इस्लामिया का वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के बीच बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र छात्राओं ने नृत्य गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। छात्रों द्वारा समाज को जागरूक, शिक्षा को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि शिरकत कर रहे विधायक जगदीश नारायण राय ने कहा कि शिक्षा से ही देश का विकाश संभव है। उन्होंने बच्चियों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नारी शिक्षा दो परिवारों को शिक्षित करती है। मकतब के पुरातन छात्र डॉ. मोहम्मद हुसैन को निसारुल हक द्वारा पुरस्कृत किया गया। विधायक द्वारा प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करने वालो में विशेष रूप से मैनेजर डॉक्टर हुसैन अंसारी, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष उमाकांत गिरी, सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. सरफराज खान, जमाल हाशमी, अब्दुस्सलाम, रसूल आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य अख्तर अली ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सरफराज खान ने किया। कार्यक्रम में दानिश, डीके, डॉक्टर सलाम, मुस्तकीम अंसारी सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स

**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 2976543 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र खो गया हैं। मनीषा उपाध्याय पुत्री मारकंडेय उपाधाय पता- रमनीपुर पिलकिछा, जौनपुर।

# खेल से होता है शारीरिक व बौद्धिक विकास : डॉ. आलोक

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** आर्य स्पोर्टिंग फुटबाल क्लब के नेतृत्व में मैच का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि डा. अलोक सिंह ने कहा कि खेल आयोजन से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और शारीरिक गतिविधि से बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। प्रतियोगिता में हार हो या जीत हमें द्वेष की भावना न रखते हुए बेहतर तैयारी करनी चाहिए। इसी क्रम में अतिथि के रूप में डा. स्वाती यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख सिरकोनी सभाजीत यादव उर्फ कल्लू पहलवान, श्यामलाल पहलवान, बलिराज, राजेन्द्र प्रसाद, संतोष यादव, हिरेन्द्र यादव, बेचन यादव, प्रवीण यादव, शैलेन्द्र भारती, विनोद यादव, राहुल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।



# शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम : डॉ. सुषमा पटेल

**आयोजन**

**वार्षिकोत्सव में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समा**



वार्षिकोत्सव समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र

**मुंगराबादशाहपुर।** क्षेत्र के रज्जूपुर मधुपुर में एमपी इंटरमीडिएट कॉलेज का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने गीत, राधा कृष्ण नृत्य, देश भक्ति नाटिका समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुतियां कर सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. सुषमा पटेल ने कहा कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। शिक्षा समाज को गतिशील बनाती है व विकास का आधार प्रदान करती। विशिष्ट अतिथि विधायक पंकज पटेल ने कहा कि बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं। ऐसे में समाज की जिम्मेदारी है कि लिंग भेद के चलते बेटियों के अधिकारों को न छीनें। बेटियों के शिक्षित होने से दो घरों को रोशनी मिलती है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं में वैभव वर्मा, सुमिता, शिवम, शिवांगी, आयुषी, ज्योति, काजल, अंजू, मनीषा, हर्ष, प्रियांशी, शिवानी, श्वेता, शुभम, स्मिता, प्राची व कोमल आदि ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति कर समा बांधा। पूर्व विधायक डॉ. सुषमा पटेल ने विद्यालय के नवनिर्मित दो कमरों का उद्घाटन करते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रबंधक छोटेलाल पटेल व अध्यक्ष लालता प्रसाद पटेल ने अतिथियों को सम्मानित करते हुए आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम इकबाल सिंह तथा संचालन प्रोफेसर विजय वर्मा ने किया। इस अवसर पर शैलेंद्र साहू, शरद पटेल, टीटी आलोक पटेल, शकल नारायण, दीपक पटेल, वीरेंद्र बिंद, राजू पटेल, नीलू पटेल, अश्वनी तिवारी, सोनी पटेल, सरोज सिंह, पूजा, प्रीति, रेनू व आंचल आदि लोग मौजूद हैं।

वाराणसी, सोमवार, 6 फरवरी, 2023

फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 1, वर्ष 12, अंक 1, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

11 सफलता के ग्यारह साल बेमिसाल

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## कभी सुगम, कभी दुर्गम रास्तों से गुजरा सफर

### 11 साल बेमिसाल



प्रदीप कुमार, सम्पादक

यात्रा किसी की हो, कैसी भी हो, कभी आसान नहीं होती, खासकर पत्रकारिता की यात्रा तो तमाम मुश्किलों और चुनौतियों से भरी होती है। ऊपर से जितनी सुगम, अंदर से उतनी ही खुरदरी। लक्ष्य और दायित्व के बीच संतुलन बनाते आगे बढ़ना आसान नहीं। हर कदम पर एक नई परीक्षा प्रतीक्षारत रहती है। आमतौर पर किसी परीक्षा में परीक्षार्थी अनगिनत होते हैं पर परीक्षक एक। लेकिन पत्रकारिता ऐसी परीक्षा है जिसमें परीक्षक अनगिनत होते हैं और रोजाना उनकी जांच परख से होकर गुजरना पड़ता है। सबकी कसौटी अलग-अलग, इन सब पर खरा उतरना सबसे बड़ी जिम्मेदारी। आज आप सभी शुभेच्छुओं से यह कहते हुए हर्ष और सन्तोष मिश्रित गर्व का अनुभव हो रहा है कि 'जनसंदेश टाइम्स' अपनी 11 वर्षों की यात्रा में आपके स्नेह और सहयोग से परीक्षा की हर चुनौतियों का सामना करते हुए आपकी कसौटी पर खरा उतरता रहा। एक दशक से भी अधिक की इस यात्रा में हमने अपना सम्बल बनाया - सवाल, संवाद और सरोकार को। जनसंदेश परिवार का सदैव मानना रहा कि पत्रकारिता की बुनियाद है सवाल , संवाद और जनसरोकार । इसके बिना किसी जिंदा , सभ्य और लोकतांत्रिक समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। जन सरोकार के सवाल ही किसी व्यवस्था को जवाबदेह बनाते हैं और संवाद से तय होती है जांच परख की राह। लेकिन इन सबके बीच खुद को किसी भी पूर्वाग्रह से मुक्त रखते हुए पूरी निष्पक्षता के साथ तथ्यपरक विश्लेषण ही समाज के लैम्पपोस्ट का काम करता है जिसकी रोशनी में कोई भी व्यवस्था अपनी लोककल्याण की नीति और कार्यक्रम तय कर सकती है।

यह कहने में हमें कोई गुरेज नहीं कि 'जनसंदेश टाइम्स' ने उन मुद्दों और सवालों से कभी परहेज नहीं किया जो आम आदमी की जिंदगी के नफा-नुकसान से जुड़े रहे। हमने न सिर्फ उन्हें ईमानदारी से उठाया बल्कि समाधान तक पहुंचाने का पूरा प्रयास भी किया। इसमें मिली सफलता अथवा असफलता कभी हमारी बेड़ी नहीं बनी। कामयाबी पर न कभी इतराये और नाकामी पर न कभी मायूस हुए। समभाव से आगे बढ़ते रहे। हर आपदा को हमने चुनौती के रूप में लिया और उसका सामना किया। दुनिया में आर्थिक बदलाव की आंधी और सूचना के क्षेत्र में तकनीकी क्रांति के चलते समूचा मीडिया जगत जहां प्रोफेशनलिज्म का पहाड़ बन गया, वहीं मिशन की पत्रकारिता को अपनी नन्ही हथेलियों से थामे रखने की हमारी कोशिश आज भी जारी है । मिशन शोषित , पीड़ित और वंचित समाज की आवाज बने रहने का , मिशन सर्वधर्म समभाव का, मिशन लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का , मिशन किसी किस्म के भेदभाव के खिलाफ जागरूकता का , मिशन स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता का। इसी मिशन ने सूचना माध्यमों की इस भीड़ में अपनी अलग और खास पहचान बनाये रखने की जिजीविषा को कायम रखा है। हमें यकीन है कि आपके सहयोग और स्नेह के सहारे हम न सिर्फ भविष्य की कारगर भूमिका निर्धारित करने में सफल होंगे बल्कि अपने लक्ष्य को भी हासिल कर लेंगे। हमारा संकल्प है एक भरोसेमंद डाकिया की भूमिका निभाने की । ऐसा डाकिया, जिसका आपसे सीधा रिश्ता हो , जो सबकी खबर ले और सबकी खबर दे और खबर भी ऐसी, जो सच की आंच में परखी गयी हो ।

# सद्गुरु ने भक्ति संग कर्म साधना को दिया महत्व

## संत रविदास जयंती पर योगी आदित्यनाथ ने रविदास मंदिर में टेका मत्था

जनसंदेश न्यूज

**लगाई हाजिरी**

**सीएम बोले : रविदास की सिद्धि के प्रसाद स्वरूप प्रशस्त हो रहा मानवता के कल्याण का मार्ग**

**श्रद्धालुओं और भक्तों को दी बधाई निरंजन दास को पढ़कर सुनाया पीएम का शुभकामना संदेश**

**वाराणसी।** संत रविदास की 646वीं जयंती पर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीर गोवर्द्धनपुर स्थित मंदिर में मत्था टेका। उन्होंने सभी भक्तों और श्रद्धालुओं को सद्गुरु रविदास की जयंती के मौके पर बधाइयां देते हुए कहा कि सद्गुरु ने भक्ति के साथ ही साथ हमेशा कर्म की साधना को महत्व दिया। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कहकर उन्होंने समाज को कर्म का बड़ा व्यापक संदेश दिया। सीएम ने इस मौके पर सद्गुरु निरंजन दास से भेंटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भेजा गया शुभकामना संदेश पढ़कर सुनाया।

मुख्यमंत्री योगी हेलीकॉप्टर से सुबह करीब 9.30 बजे बीएचयू हेलीपैड पर उतरे। उसके बाद सीरगोवर्द्धपुर स्थित संत रविदास मंदिर पहुंचे। उनके आगमन को देखते हुए संबंधित आवागमन मार्गों समेत बीएचयू और लंका से मंदिर तक व आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। मंदिर पहुंचने पर मुख्यद्वार पर मंदिर के स्वयंसेवकों ने योगी का सिर विशिष्ट रुमाल से सिर ढका। उसके बाद सीएम ने अंदर प्रवेश किया।

इस अवसर पर योगी ने शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि यह बड़ा पावन दिन है। आज से 646 वर्ष पूर्व काशी की इस पावन धरा पर एक ऐसी दिव्य ज्योति का आविर्भाव हुआ जिन्होंने तत्कालीन भक्तिमार्ग के प्रख्यात संत सद्गुरु रामानंद महाराज के सानिध्य में अपनी तपस्या और साधना के जरिये



संत रविदास जयंती पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सीरगोवर्द्धनपुर स्थित रविदास मंदिर में मत्था टेका और इस मौके पर संत निरंजन दास ने उन्हें संत रविदास का चित्र भेंट किया

सिद्धि प्राप्त की थी। आज उसी सिद्धि के प्रसाद स्वरूप मानवता के कल्याण का मार्ग किस तरह प्रशस्त हो रहा है यह हम सबको स्पष्ट दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले केंद्र व राज्य सरकार की ओर से उपस्थित सभी श्रद्धालुओं, भक्तों और सीर गोवर्द्धन से जुड़े सभी शुभचिंतकों के प्रति लख लख बधाई देता हूं। हम सब जानते हैं कि भक्ति के साथ ही साथ कर्मसाधना को सद्गुरु रविदास ने सदैव महत्व दिया। उन्होंने 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कहकर समाज को कर्म करने का संदेश दिया। इस मौके पर सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से भेजा गया संदेश भी पढ़ा।

### रविदास ने की थी भेदभावविहीन समाज की कल्पना : पीएम मोदी

संत रविदास मंदिर में रविवार को पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत निरंजन दास की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पढ़कर सुनाया। जिसमें पीएम ने लिखा था कि संत रविदासजी की 646वीं जयंती पर समस्त देशवासियों की ओर से उनको श्रद्धापूर्वक कोटि-कोटि नमन। इस अवसर पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम के बारे में जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई है। संत रविदासजी के विचारों का विस्तार असीम है। उनके दर्शन और विचार सदैव प्रासंगिक हैं। उन्होंने ऐसे समाज की कल्पना की थी जहां किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। सामाजिक सुधार और समरसता के लिए वह आजीवन प्रयत्नशील रहे। वह कहते थे कि 'ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सभन को अन्न, छोट बड़ो सब समान बसे, रविदास रहे प्रसन्न।' समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए उन्होंने सौहार्द और भाईचारे की भावना पर बल दिया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के जिस मंत्र के साथ हम आगे बढ़े रहे हैं, उसमें संत रविदासजी के न्याय, समानता और सेवा पर आधारित कालजयी विचारों का भाव पूरी तरह से समाहित है। आजादी के अमृत कालखंड में संत रविदासजी के मूल्यों से प्रेरणा लेकर एक सशक्त समावेशी और भव्य राष्ट्र के निर्माण कि दिशा में हम तेजी से अग्रसर हैं। सामूहिकता के सामर्थ्य के साथ उनके दिखाए गये रास्ते पर चलकर हम 21वीं सदी में भारत को निश्चय ही नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे।

# यूपी में इंवेस्टर्स समिट और जी-20 की बैठकों में रहेगी सख्त सुरक्षा

**चौकसी**

**अलर्ट मोड पर रहेंगे एसटीएफ और एटीएस**

**लखनऊ।** लखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट और लखनऊ, आगरा, वाराणसी और नोएडा में आयोजित होने वाले जी-20 की बैठकों के मुद्देनजर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए गए हैं। संबंधित सभी शहरों में बैठक स्थलों के अलावा एयरपोर्ट, मेहमानों के ठहरने के स्थानों, आवागमन के मार्गों और भ्रमण वाले स्थानों पर सुरक्षा और यातायात के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत सभी स्थानों को जोन व सेक्टर में बांटकर पुलिस की तैनाती की रणनीति तैयार की गई है। पुलिस महानिदेशक डॉ. डीएस चौहान की मौजूदगी में हुई बैठक में इंवेस्टर्स समिट और जी-20 की बैठकों को लेकर सुरक्षा की रणनीति तैयार की गई है। यह जानकारी देते हुए अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि बैठकों के दौरान एटीएस और एसटीएफ जैसी विशेष यूनिटों को अलर्ट मोड में रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दुर्दांत अपराधियों, माफियाओं और अराजक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने को कहा गया है। कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर एटीएस स्पॉट टीम को भी तैनात किए जाने का फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि डीजीपी ने अधिकारियों को सुरक्षा प्रबंधन के लिए माईक्रो प्लान तैयार करने के साथ खुफिया तंत्र को अभी से सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं।

## पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का निधन

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का निधन हो गया है। पाकिस्तान मीडिया के हवाले से यह खबर सामने आई है। मुशर्रफ लंबे समय से बीमार चल रहे थे और दुबई के अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा था। उन्होंने 79 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। मुशर्रफ अमाइलॉइडोसिस बीमारी से जूझ रहे थे। इस बीच, जानकारी मिली है कि पूर्व सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्रफ के पार्थिव शरीर को दफनाने के लिए पाकिस्तान ले जाया जाएगा। जियो न्यूज के मुताबिक, परवेज मुशर्रफ के परिजनों ने उनके पार्थिव शरीर को पाकिस्तान ले जाने के लिए दुबई में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास में एक आवेदन दायर किया है।

# केंद्रीय कर्मचारियों को होली पर मिलेगा तोहफा!



**खुशखबरी**

**महंगाई भत्ते में चार फीसदी की बढ़ोतरी कर सकती है सरकार**

**नई दिल्ली।** कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में केंद्र सरकार चार फीसदी की बढ़ोतरी कर सकती है। सरकार के इस फैसले का फायदा करीब एक करोड़ केंद्रीय कर्मचारियों को मिलेगा। बता दें कि अभी केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 38 फीसदी है, जिसे चार फीसदी बढ़ाकर 42 फीसदी किया जा सकता है। इस बढोतरी के लिए एक फामूर्ले पर सहमति बनी है। बता दें कि कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की गणना हर महीने श्रम ब्यूरो द्वारा की जाती है, जो कि श्रम मंत्रालय का अंग है।

औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) के आधार पर कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते की गणना की जाती है। दिसंबर 2022 के लिए 31 जनवरी 2023 को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जारी किया गया है। इस सूचकांक के अनुसार, महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 4.23 फीसदी बैठती है। ऐसे में माना जा रहा है कि केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। बता दें कि प्रक्रिया के तहत वित्त मंत्रालय का व्यय विभाग डीए में वृद्धि का प्रस्ताव तैयार करेगा, जिसमें इसके राजस्व पर पड़ने वाले असर के बारे में भी बताया जाएगा। बाद में इस प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा, जहां से मंजूरी के बाद डीए में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी लागू हो जाएगी। यह बढ़ोतरी एक जनवरी 2023 से लागू हो सकती है। इससे पहले 28 सितंबर 2022 में केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की थी। साल में दो बार महंगाई भत्ते की समीक्षा की जाती है। यह समीक्षा जनवरी और जुलाई में होती है।




# सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में ओम प्रकाश सिंह बने राष्ट्रीय सचिव



**तीसरी बार जारी की संशोधित लिस्ट**



**लखनऊ।** समाजवादी पाटी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की संशोधित लिस्ट जारी कर दी है, जिसके बाद अखिलेश यादव की टीम में ठाकुर और ब्राह्मण नेताओं को भी जगह मिली है. बता दें कि पिछले दिनों पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की जारी लिस्ट में क्षत्रिय और ब्राह्मण वर्ग को कम तवज्जों दी गई थी, जिसके बाद इन वर्ग के नेताओं में खासी नाराजगी देखने को मिली। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी ने ठाकुर और ब्राह्मण नेताओं का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी में संशोधन किया और संशोधित लिस्ट जारी की। समाजवादी पार्टी ने पुरानी लिस्ट को संशोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी में विनय तिवारी और ओम प्रकाश सिंह ठाकुर को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। इसके अलावा अरविंद सिंह गोप को भी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव की जगह मिली है। वहीं चौथा नाम नीरज सक्सेना का है, जिन्हें राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। कुल मिलाकर अगर बात करें तो चार नेताओं को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जोड़ा गया है। इसके अलावा राम गोविंद चौधरी जो पहले राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य थे, उन्हें अब राष्ट्रीय सचिव का स्थान मिला है। यह तीसरी बार है जब समाजवादी पार्टी ने अपनी संशोधित लिस्ट जारी की है। इसी के साथ पहले 19 राष्ट्रीय सचिव थे जिसमें 5 राष्ट्रीय सचिव जुड़ने के बाद यह संख्या अब 24 हो गई हैं। इस प्रकार संशोधित राष्ट्रीय कार्यकारिणी लिस्ट में कुल 67 सदस्य हैं। बता दें कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी लिस्ट में ओबीसी नेताओं की संख्या सबसे ज्यादा है। इन ओबीसी नेताओं में से स्वामी प्रसाद मौर्य, रवि प्रकाश वर्मा, शिवपाल यादव, बलराम यादव, लालजी वर्मा, राम अचल राजभर विशम्भर प्रसाद निषाद, हरेंद्र मलिक, नीरज चौधरी को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। जबकि कुल 34 नेता ओबीसी वर्ग के हैं। इसके अलावा 5 ब्राह्मण नेताओं को कार्यकारिणी में जगह दी गई है।

# भारतीयों के लिए अमेरिकी वीजा एप्वाइंटमेंट के नियम बदले

**मिली राहत**

**4.16 लाख आवेदन इंटरव्यू के लिए पेंडिंग, 3.85 लाख आवेदनों के लिए अभी तारीख ही तय नहीं**

**अब अमेरिकी दूतावास में जाकर भी दे सकेंगे इंटरव्यू**

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी वीजा के लिए बैकलॉग को कम करने के प्रयासों के बावजूद एप्वाइंटमेंट का वेटिंग पीरियड अभी 500 दिनों से अधिक है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने रविवार को कहा कि जो भारतीय विदेश यात्रा कर रहे हैं, वे वहीं पर अमेरिकी दूतावास या वाणिज्य दूतावास में वीजा एप्वाइंटमेंट ले कर सकते हैं। जैसे कोई भारतीय अभी थाईलैंड में है तो वह वहां के अमेरिकी दूतावास से अमेरिका के बी1 और बी2 वीजा (यात्रा और कारोबार) के लिए एप्वाइंटमेंट ले सकता है।

वीजा प्रोसेस में देरी को कम करने के लिए अमेरिका ने हाल ही में नई पहल शुरू की। इसमें पहली बार वीजा के लिए आवेदन करने वालों के लिए खास इंटरव्यू तय करना और कांसुलर स्टाफ की संख्या बढ़ाना शामिल है। दिल्ली में अमेरिकी दूतावास और मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और हैदराबाद में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों ने भी 21 जनवरी को स्पेशल सटरडे इंटरव्यू डेज रखा गया था। अमेरिकी विदेश विभाग ने पहले से अमेरिकी वीजा ले चुके एप्लीकेंट्स के लिए इंटरव्यू में छूट प्रोसेस भी लागू की है। भारत में अमेरिकी मिशन ने दो हफ्ते पहले 2 लाख 50 हजार से अधिक अतिरिक्त बी1/बी2 अपॉइंटमेंट्स जारी किए थे। एक वरिष्ठ अमेरिकी वीजा अधिकारी ने बताया कि अमेरिका भारत में लंबे वीजा वेटिंग को खत्म करने के लिए पूरी ताकत लगा रहा है। इसमें देश में कांसुलर अधिकारियों का एक कैडर भेजना और जर्मनी, थाईलैंड जैसे दूर के देशों में बने अमेरिकी दूतावास भी भारतीय वीजा आवेदकों के लिए खोलना शामिल है। भारत उन बहुत कम देशों में से एक है, जहां कोरोना वायरस से संबंधित यात्रा प्रतिबंध हटाए जाने के बाद अमेरिकी वीजा के लिए आवेदनों में बड़ी तेजी देखी गई। बी1 (व्यवसाय) और बी2 (पर्यटक) कैटेगरी के तहत पहली बार के वीजा आवेदकों के लिए लंबी वेटिंग को लेकर भारत में चिंताएं बढ़ रही हैं। अमेरिका के नेशनल वीजा सेंटर की बैकलॉग रिपोर्ट के अनुसार, 31 अगस्त तक 4,16,856 आवेदन इंटरव्यू के लिए पेंडिंग थे। इनके अलावा 3,84,681 आवेदनों के लिए अभी इंटरव्यू की तारीख तय की जानी है। एक ट्रैवल एजेंसी के एजेंट का कहना है कि इतनी ज्यादा वेटिंग का मतलब यह है कि 2023 के बाद ही वीजा मिलेगा। विजिटर्स वीजा आवेदन की फीस 12 हजार रु. है।



# सिटी मजिस्ट्रेट ने शुरू की सूदखोरों के प्रापर्टी की जांच

**कसा शिकंजा**

### तीन दिन के अंदर किरायेदारों से मकान खाली कराने का दिया आदेश

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता सुसाइट प्रकरण का मामला और तूल पकड़ता जा रहा है। सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त और आंदोलनरत व्यापारियों और परिवार के लोगों के एक्शन के बाद जिला प्रशासन ने सूदखोरों की प्रापर्टी की जांच शुरू कर दिया है।

रविवार को सिटी मजिस्टैज्ट, सीओ सिटी, कोतवाल, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी, लेखपाल की टीम सूदखोर देवनारायण पूना व अजय सिंह के घर पहुंची। सबसे पहले टीम भृगु आश्रम मंदिर के सामने देवनारायण पूनाव अजय सिंह के होटल और घर पहुंची उसके बाद सतनी सराय कालोनी में भी सूदखोरों की प्रापर्टी की जांच हुई। फिर वहां से टीम गोशाला रोड स्थित एक आवास पर पहुंची यहां भी पुलिस ने जांच पड़ताल की। लेखपालों ने कुल 6 मकानों की नापी की। इस सिलसिले में सिटी मजिस्टेज्ट डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि प्रापर्टी का कागज व नक्शा पास कापी मांगी गयी है। उसके बाद कागजों की जांच पड़ताल होगी यदि गलत पायी गयी तो उनके खिलाफ दण्डनात्मक कार्रवाई की जायेगी। उधर शहर में चर्चा यह बना रहा कि सूदखोरों के मकानों पर प्रशासन बुल्डोजर चलाने की तैयारी कर रहा है। शहर कोतवाल ने अजय सिंह व देवनारायण पूना सिंह के आवास में रहने वाले किरायेदारों को यह निर्देश दिया है कि वह तीन दिन के अंदर मकान को खाली कर दें।



### चौथे दिन भी मृतक गन व्यवसायी के घर पहुंचे व्यापारी

मालगोदाम रोड स्थित मृतक गन व्यवसायी के घर जिले के व्यापार मण्डल के लोग पहुंचे थे और परिवार को न्याय दिलाने की बात कही। यहां पहुंचने वालों में रामजी गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, सुनील परख, अरूण गुप्ता, मंजय सिंह, अरविन्द गांधी, अशोक गुप्ता आदि लोग पहुंचे थे।

### नंदलाल आत्महत्या कांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता के लाइव सुसाइड के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पहले सदर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही दबोच चुकी है। पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधोयों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है।

उल्लेखनीय है कि दो फरवरी को थाना कोतवाली पर वादिनी मुकदमा द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनके पति स्व. नन्दलाल गुप्ता को कुछ लोगों के जबरदस्ती प्रताड़ित करने व फर्जी तरीके से आवासीय भूमि का रजिस्ट्री करा लेने के कारण मानसिक दबाव व तनाव के चलते अपनी ही पिस्टल से आत्महत्या कर लिए है।

इस सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अब तक कुल 2 अभियुक्तों गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं रविवार को नामजद व विवेचना के क्रम में प्रकाश में आए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने वाले व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाले एक अभियुक्त सुनील मिश्रा पुत्र स्व. पारसनाथ मिश्रा निवासी निवासी परिखरा थाना बांसडीह रोड को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करने की तैयारी की रही है।

## बैठक में व्यापारियों ने भरी हुंकार, आज सौंपेंगे ज्ञापन

**नंदलाल कांड**

### टाउन हॉल में व्यापारियों की होगी जुटान, पहुंचेंगे कलेक्ट्रेट

**बलिया।** स्वर्गीय नंदलाल गुप्ता आत्महत्या प्रकरण में संयुक्त व्यापार मंडल बलिया के तत्वावधान में रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में बैठक हुई। इसमें नंदलाल गुप्ता की आत्महत्या की घटना पर गहरा शोक प्रकट किया गया और अंत में 2 मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि एक मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को 6 फरवरी को दिया जाएगा। इसके लिए पूरे जनपद के व्यापारी टाउन हॉल में सुबह 10 बजे तक पहुंच जाएंगे। इस दौरान व्यापारियों ने मांग किया कि सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए, स्वर्गीय नंदलाल गुप्ता के पत्नी को सरकारी नौकरी और 50 लाख उत्तर प्रदेश सरकार दे, मकान का जो मुहाईदा कराया गया है उसको रद्द करके स्वर्गीय नंदलाल गुप्ता जी के पत्नी मोनी गुप्ता के नाम किया जाए। यदि मांगे 8 फरवरी तक नहीं मानी गई तो 9 फरवरी को पूरा बलिया जनपद दुकान बंद रहेगा और व्यापारी सड़क पर उतर कर आंदोलन करेगा। अध्यक्षता प्रदीप वर्मा तथा संचालन सुनील परख ने किया। बैठक में मंजय सिंह, राहुल गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी, विनोद वर्मा, धीरज गुप्ता, अनिल, श्याम रौनियार, संतोष गुप्ता, प्रभु रौनियार, दीना भाई आदि मौजूद रहे।



### बैठक में व्यापारियों ने कहा

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद गांधी ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखद है। इससे पूरे व्यापारी समाज मर्माहत है। जिस समस्या के कारण स्वर्गीय नंदलाल गुप्ता ने आत्महत्या किया है यह समस्या पूरे जनपद में कैंसर की तरह फैल चुका है जिसका इलाज बहुत आवश्यक है। वरिष्ठ नेता साथी रामजी गुप्ता ने कहा कि यह घटना किसी कीमत पर बर्दाश्त करने लायक नहीं इसका विरोध होगा। वरिष्ठ नेता लक्ष्मण गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से व्यापारी समाज आक्रोशित है। फेडरेशन व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने कहां की सूदखोरों ने जो कार्य किया जा रहा है किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है व्यापार मंडल इसका विरोध करेगा।

## कापियों की हेराफेरी रोकने के लिये होगा सिक्योरिटी कोड

**बलिया।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा 16 फरवरी से शुरू होगी। यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्तर पुस्तिकाओं की हेराफेरी पर रोक लगाने के लिए सिक्योरिटी कोड होगा। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की अलग-अलग रंग की उत्तर पुस्तिकाओं एक क्रम से वितरित करने का निर्देश दिया गया है।

बोर्ड परीक्षा में उत्तर पुस्तिकाओं की हेराफेरी व छेड़छाड़ के मामले आते रहते थे। ऐसी धांधली न हो इसलिए इस बार व्यवस्था सख्त की गई है। राजकीय मुद्रालय की ओर से प्रकाशित उत्तर पुस्तिकाओं को निर्धारित क्रमांक से ही केंद्रवार व परीक्षाथीर्वार आवंटित किया गया है। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में 77,307, इंटरमीडिएट में 81,758 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिले में हाईस्कूल की 2.80 हजार (अ) और 40 हजार (ब) तो इंटरमीडिएट की एक लाख 53 हजार (अ) और 20 हजार (ब) उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच चुकी हैं। इसको जीजीआईसी स्थित स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखवाया दिया गया। सिक्योरिटी कोड स्कैन करते ही उत्तर पुस्तिका किस सेंटर व किस अनुक्रमांक के परीक्षार्थी को आवंटित है, इसकी जानकारी मिल जाएगी।

आपूर्ति मिलने के बाद सचिव ने माध्यमिक शिक्षा विभाग को वितरण से जुड़े निर्देश भी दिए हैं। वितरण के दौरान परीक्षा केंद्रों के बंडल पर परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार क्रम से निर्गत करने तथा एक बंडल समाप्त होने पर दूसरे बंडल से उत्तर पुस्तिकाओं निर्गत करने को कहा गया है। उत्तर पुस्तिकाओं को वितरण करने के बाद किस क्रमांक की उत्तर पुस्तिका किस केंद्र को आवंटित हुई इससे जुड़ी संपूर्ण जानकारी निर्धारित प्रारूप पर कार्यालय भेजने को भी कहा है।

## ई-रिक्शा और ट्रैक्टर की हुई भिड़ंत में एक महिला की मौत

**बांसडीह।** ई-रिक्शा और तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक महिला घायल हो गईं। आनन-फानन में घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद ने तत्काल महिला को ई-रिक्शे से निकाल सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भेजा, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय भेज दिया। जहां एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं दूसरी महिला का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी में रखवा दिया। घटना के बाद प्राप्त सूचना के अनुसार मृतक चिंता देवी उम्र 45 वर्ष पत्नी राजेश यादव निवासी उससा, बगहा थाना पकड़ी अपने भाई की शादी में शामिल होने अपने मायके हालपुर थाना बांसडीह आई थी। रविवार को बांसडीह से एक महिला सुनीता देवी के साथ शादी का सामान खरीदारी कर ई-रिक्शा से हालपुर की तरफ जा रही थी अभी वह कस्बे के पांडेय के पोखरा पर पहुंची थी कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हो गईं। सोमवार को उसके भाई सनी यादव पुत्र काशीनाथ यादव का तिलक समारोह है। वहीं इस घटना से खुशी का माहौल गमगीन हो गया। वहीं इस हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार बताया जा रहा है, ट्रैक्टर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।



### कैंसर से डटकर मुकाबला कर रहे निर्भय नारायण शुक्ल

**बैरिया (बलिया)।** विगत कई वर्षों से कैंसर से डट कर मुकाबला करने वाले कैंसर पीड़ितों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पर तैनात फार्मासिस्ट डॉ निर्भय नारायण शुक्ला। कभी सूचना विभाग में लोक गायक के रूप में सेवा देने वाले निर्भय नारायण शुक्ला काफी समय तत्कालीन वन मंत्री राजधारी सिंह के पीआरओ रहे। गले में कैंसर की बीमारी लिए रोगियों की सेवा में हरदम तत्पर रहने वाले निर्भय नारायण शुक्ल हमेशा हंसते मुस्कुराते हुए लोगों की सेवा करते हैं। उनका मानना है कि ऊपर वाले ने जितनी सांसे दी हैं। उसे कोई छीन नहीं सकता है। ऐसे में घुट घुट कर जीने से अच्छा है कि जो भी जिंदगी बची है। उसे हंसकर जिया जाए। 52 वर्षीय निर्भय नारायण शुक्ला सिकंदरपुर तहसील के जिगिड़सर गांव के मूल निवासी हैं। गले के कैंसर से पीड़ित हैं। उनका इलाज लखनऊ के पीजीआई में व मुंबई के कैंसर संस्थान में चल रहा है।

## मांगों को लेकर किसानों ने भरी हुंकार

**दी चेतावनी**

### हिन्द पूर्वांचल किसान यूनियन द्वारा कार्यक्रम आयोजित

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** नरहीं में हिन्द पूर्वांचल किसान यूनियन द्वारा रविवार को आयोजित किसान सम्मेलन में अपनी मांगों को लेकर किसानों ने एक स्वर में हुंकार भरी। किसानों ने कहा कि अगर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

पचगांवा के दौलतपुर गांव में स्थित इंटर कालेज पर हिन्द पूर्वांचल किसान यूनियन के बैनर तले किसान सम्मेलन किया गया जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता वंशनारायण राय रहें जहां भारी संख्या में जुटे किसानों ने खेती से संबंधित दिक्कतों को बताया। किसानों को सम्बोधित करते हुए वंशनारायण राय ने कहा कि वर्तमान परिवेश में खेती किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता। गड़हांचल में अभी भी बड़े भूभाग पर बिजली आपूर्ति नहीं हो पाती है जिसके कारण किसानों को सिंचाई के लिए डीजल का प्रयोग करना पड़ता है जो काफी महंगा साबित हो रहा है। यूनियन के संयोजक कमलदेव सिंह ने कहा कि किसान फीडर की नितांत आवश्यकता है सरकार अपने खर्च पर किसानों के खेत तक बिजली के पोल तार ट्रांसफर का इंतजाम करें। किसान नेता सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों की लड़ाई का बिगुल आज फूंक दिया गया है आने वाले दिनों में किसानों की मेहनत जरूर रंग लाएगी। अध्यक्षता ठाकुर दयाल सिंह एवं संचालन विजय शंकर सिंह ने किया। इस मौके पर योगेन्द्र यादव, ब्रम्हानंद सिंह, गंगेश्वर सिंह, देवेन्द्र सिंह, राकेश सिंह, डॉ अनिल कुमार राय, जनार्दन सिंह, अजीत सिंह, मन्टू सिंह, गोलू, अभयनारायण सिंह, लक्ष्मण सिंह, शोभनाथ, प्रधान अनिल कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।



किसान सम्मेलन में उपस्थित किसान।

### पांच दिवसीय प्रतिष्ठात्मक शतचण्डी महायज्ञ आज से

**बैरिया (बलिया)।** पांच दिवसीय प्रतिष्ठात्मक शतचण्डी महायज्ञ क्षेत्र के कर्णछपरा गांव के (शिवमंदिर) से शुभारम्भ सोमवार को जलयात्रा से होगा प्रारंभ। जल यात्रा जुलूस को संत श्रीरोमणि स्वामी हरिहरानंद जी प्रातः आठ बजे करेगें रवाना। जलयात्रा में हजारों श्रद्धालु भाग लेगें। उल्लेखनीय है कि कर्णछपरा (उतर टोला शिवमंदिर) पर मां दुर्गा जी की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संत श्रीरोमणि स्वामी हरिहरानंद के निर्देशन में पांच दिवसीय प्रतिष्ठात्मक शतचण्डी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ के लिए जलयात्रा 6 फरवरी दिन सोमवार को प्रातः 8 बजे से मांझी सरयू घाट के लिये प्रस्थान करेगा तथा पंचांग पूजन का आयोजन होगा। मंगलवार को मण्डप प्रवेश, वेदी पूजन, पाठ प्रारंभ व कर्मकुंटी और जलाधिवास, बुधवार को अन्नाधिवास व अरणी मंथन, बृहस्पतिवार को महास्नान, नगर परिक्रमा तथा शय्याधिवास होगा। शुक्रवार को माता दुर्गा जी के मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा व महायज्ञ की पूणार्हुति सम्पन्न होगा।

## मत्स्य पालकों को 40 फीसदी अनुदान देगी सरकार

**बैरिया (बलिया)।** योगी सरकार ने मछली पालन करने वाले के लिए बहुत बड़ा योजना धरातल पर उतारा है। मछली पालन करने वाले पट्टे धारियो को अब सरकार 40 फीसदी अनुदान देगी। जिससे मछली पालन को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए सरकार ने मछली पालन में वृद्धि कर मछुआ समुदाय के आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मत्सय संपदा योजना को लागू किया है। इस योजना के तहत ग्राम सभा व अन्य पट्टे के तालाबों में प्रथम वर्ष इकाई लागत चार लाख रुपए प्रति हेक्टेयर के निवेश पर मछली पालकों को 40 फीसदी का अनुदान दिया जाएगा। मत्स्य बीज बैंक का स्थापना के लिए भी 40 फीसदी का अनुदान सरकार द्वारा दिया जाएगा। जिससे पट्टा धारकों को राहत मिलेगा। मत्स्य विभाग के मुख्य अधिकारी सज्जन कुमार ने बैरिया मे रविवार को पत्रकारो को बताया कि सूबे की योगी सरकार द्वारा पीएम मत्स्य संपदा योजना की तरह प्रदेश में सीएम मत्स्य संपदा योजना शुरू की गई है। इस योजना में मनरेगा योजना व पट्टा धारक द्वारा स्वयं अथवा अन्य विभागों के माध्यम से सुधारे गए ग्राम सभा के तालाबों में प्रथम वर्ष निवेश अथवा मत्स्य बीज बैंक स्थापना के लिए मत्स्य बीज स्थान, फ्राई, आहार, जलापूर्ति, संसाधन, जाल, दवाई आदि क्रय करने पर आवेदक को इकाई लागत चार लाख रु. प्रति हे. पर 40 फिसदी अनुदान मत्स्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

**विभागीय वेबसाइट पर करें आवेदनः** मत्स्य विभाग के मुख्य अधिकारी सज्जन कुमार ने बताया कि योजना के लिए आवेदन विभागीय वेबसाइट पर 7 फरवरी से 16 फरवरी के बीच कर सकते हैं। श्री कुमार ने स्पष्ट किया कि तालाब का पट्टा की अवधि कम से कम चार वर्ष अवशेष रहा हो।

## किसान स्कूल में कृषि के नये तरीके सीखेंगे अन्नदाता

**बलिया।** जनपद में 51 किसान स्कूल खोले जाएंगे। इन स्कूलों में अधिकारी व विशेषज्ञ किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन करने, परंपरागत खेती के स्थान पर वैज्ञानिक विधि समझाएंगे। इससे किसान अच्छी और आधुनिक खेती कर अच्छा मुनाफा कमा सकते है।

रबी सीजन की गेहूं फसल के लिए जनपद में 51 फार्मर स्कूल खोले जाएंगे। एक ब्लॉक में तीन फार्मर स्कूल खोले जाएंगे। इस फार्मर स्कूल में एक किसान के यहां एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में अधिकारी अपनी निगरानी में गेहूं की बुआई करेंगे। एक स्कूल में उसी गांवों के कई किसानों को पंजीकृत किया जाएगा।

बीच-बीच में अधिकारी, वैज्ञानिक, कृषि विशेषज्ञ किसानों को गेहूं उत्पादन करने के बारीकी के गुर सिखाएंगे। यहीं नहीं फार्मर स्कूल में उत्पादित गेहूं के खेत का किसानों को भ्रमण कराया जाएगा ताकि किसान जानकारी प्राप्त करने के साथ साथ धरातल पर फसल को देख भी लें। वहीं कृषि विभाग रबी फसल की गेहूं के प्रत्येक ब्लॉक में 11 मॉडल प्रदर्शन प्लाट तैयार कराएगा। जिले में 187 मॉडल प्रदर्शन खेत बनाएं जाएंगे। एक मॉडल प्रदर्शन प्लाट 0.4 हेक्टेयर में बनाया जाएगा।

विभाग की निगरानी में तैयार होने वाले प्रदर्शन प्लाट का किसानों को भ्रमण कराया जाएगा।

### किसान स्कूल खोलने की हो रही तैयारी

इस संबंध में उप कृषि निदेशक इंद्राज ने बताया कि एक ब्लॉक में तीन फार्मर स्कूल खोले जाएंगे। फार्मर स्कूलों में किसानों को बुआई विधि, सिंचाई, वैज्ञानिक विधि से खेती कर अधिक उत्पादन लेने के तरीके सिखाएंगे। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी है।

### महालक्ष्मी विष्णु महायज्ञ की आज निकलेगी कलश यात्रा

**नगरा।** ब्लाक के लोहरयियां गांव में होने वाले नवकुण्डात्मक महालक्ष्मी विष्णु महायज्ञ की तैयारी अन्तिम चरण में है। यज्ञ की सफलता के लिए प्रतिबद्ध गिरीश दास ने कहा कि 6 फरवरी से 14 फरवरी तक चलने वाले यज्ञ मे सुबह सोमवार को 9 बजे से कलश यात्रा के साथ गांव भ्रमण करके यज्ञ मण्डप मे स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम की कमान सम्भाले ओमानन्द जी महाराज ने कहा कि प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 12 बजे तक हवन पूजन के साथ रामलीला 12 बजे से 03 बजे तक, रमेश दास महाराज का कथा अपराह्न 3.30 से सायं 5.30 तक, आदि शक्ति महिला संघ अध्यक्ष सुनीता साध्वीव हरिहरान्द महाराज सहित अन्य विद्वतजनो का सायं 6 बजे से 8.30 बजे तक प्रवचन होगा. इसके पश्चात शिव पार्वती, राधा कृष्ण, राम लक्ष्मण जानकी, पंचमुखी हनुमान, शनिदेव, शिरडी के सांई बाबा वार्षिक पुजनोत्सव एवं श्री देवरहवा बाबा मन्दिर निर्माण के साथ मुर्ति प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा।

## शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन व्यर्थ है : डॉ. राजेन्द्र

**बैरिया।** जिस प्रकार लक्ष्य के बिना किसी भी जीव का जीवन निराधार होता है। ठीक उसी प्रकार शिक्षा के बिना भी मनुष्य का जीवन व्यर्थ होता है। इसलिए शिक्षा, ज्ञान और अच्छे संस्कारों को मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी पूँजी माना गया है। उक्त बातें नागा जी सरस्वती विद्या मन्दिर भोजापुर के प्रधानाचार्य डा. राजेन्द्र पाण्डेय ने रविवार को दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित विद्यारम्भ संस्कार के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे।

प्रधानाचार्य ने कहा कि, हिन्दू धर्म में विद्यारम्भ संस्कार धर्म, वेद, ज्ञान, आदर्श और स्कूली शिक्षा अर्जित करने का प्रथम एवं बेहद महत्वपूर्ण चरण कहा जाता है। इस संस्कार को माता पिता भगवान की पूजा-अर्चना कर अपने बच्चों के लिए यह कामना करते है कि अपने जीवन में उनका बच्चा अच्छी व बेहतर शिक्षा ग्रहण कर समाज व उनके कुल का नाम और गौरव बढ़ाये। विद्यारम्भ संस्कार ही वो माध्यम है, जिसकी मदद से शुरूआत में ही बच्चों में पढ़ाई और शिक्षा को लेकर एक अलग तरह का उत्साह और जिज्ञासा पैदा की जा सकती है। इस संस्कार के माध्यम से हर माता पिता अपने बच्चों के प्रति जागरूक तो होते ही है साथ ही हर शिक्षक भी बच्चों के प्रति अपना दायित्व भली भांति ठीक से समझ पाता है। शायद इन्हीं कारणों के चलते हिन्दू धर्म में विद्यारंभ संस्कार को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुरली छपरा ब्लाक के ब्लाक प्रमुख कन्हैया सिंह ने कहा कि यह विद्यालय ज्ञान और संस्कार को प्रदान करने के लिए हमेशा से अग्रसर रहा है और यही एकमात्र विद्यालय है, जो इस पूरे क्षेत्र में ज्ञान और संस्कार को बच्चों में डालने के लिए निरंतर ही अग्रसर है। विद्यालय के प्रबंधक अनिल सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारे आचार्य और अचार्या तथा प्रधानाचार्य के कड़ी मेहनत से यह विद्यालय जिले में उच्चतम शिखर की ओर अग्रसर हो रहा है और आगे भी रहेगा। विद्यारंभ संस्कार के इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. डा. संजय कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र सिंह आदि ने मिलकर पूजन-अर्चन सम्पन्न किया। इस अवसर पर 110 भैया-बहनों का विद्यारंभ संस्कार सकुशल सम्पन्न हुआ। मौके पर आचार्यगण और आचार्या भगिनी तथा पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराने हेतु आचार्य आदित्य पराशर तथा संचालन ज्ञान प्रकाश दूबे ने किया।



## संक्षेप

### हर्ष और उल्लास के साथ मनायी गयी रविदास जयंती



**बांसडीह।** स्थानीय कस्बा सहित ग्रामीण इलाकों में रविवार को गुरु रविदास महाराज का प्रकाशोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर में जुलूस निकाल संत रविदास जी की मूर्ति के साथ भव्य झांकी के साथ नगर भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों व संगत ने गुरु रविदास जी की जीवनी पर रोशनी डाली। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास एक महान मानवता वादी और धर्म सुधारक संत थे। उन्होंने अपना जीवन जाति विहीन और भेदभाव रहित समाज के निर्माण में लगाया था। सुरक्षा व्यवस्था हेतु कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह मय पुलिसफोर्स भी जुलूस के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर राकेश मिश्रा, दीवान, अभिषेक मिश्रा, लालजी राजभर, संजय राम, अमन कुमार, राजेश राम, अजय कुमार, कन्हैया राम इत्यादि श्रद्धालु जुलूस में सेवा भाव से लगे रहे।

### फेफना में निकली भव्य शोभायात्रा



**फेफना।** स्थानीय कस्बा में संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। दलित बस्ती स्थित रविदास मंदिर से निकली शोभायात्रा रेलवे क्रासिंग से होते हुए राजभर बस्ती से हुए चट्टी से पुनः रविदास मंदिर पर पहुंची। इसमें विभिन्न तरीके की झांकिया सजाई गई थी। इस अवसर पर अन्नू, नवीन कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान केशव प्रसाद गुप्ता, कुंज बिहारी, अशोक भारती, मन्नू, सुशील कुमार, सुनील कुमार, रमेश राम, श्याम बिहारी राम, रवि राम अमीचन्द, बिजेंद्र, हरिन्द्र रमेश उर्फ खूटी, अभिमन्यु कुमार, दीपक कुमार, घुरा राम, उमा राम, श्रीभगवान आदि मौजूद रहे।

### एक दिवसीय लंगटू बाबा मेला संपन्न

**रेवती।** रेवती विकास खण्ड क्षेत्र के भोपालपुर ग्राम सभा स्थित प्रख्यात लंगटू बाबा समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लंगटूलबाबा पूजन समारोह के दौरान एक दिवसीय मेले का आयोजन बुधवार की शाम संपन्न हुआ। मेले में आयोजित दंगल में क्षेत्रिय पहलवानों ने जोर आजमाइश करते हुए एक दूसरे को आसमान दिखाने का प्रयास किया। विजयी पहलवानों को आयोजन समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। आयोजन समिति द्वारा आयोजित भंडारे में सैकड़ों साधु-संतों सहित आगंतुकों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व पूजन समिति के सदस्यों द्वारा परंपरागत तरीके से लंगटू बाबा समाधि स्थल पर विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। तत्पश्चात लंगटू बाबा पूजन में दूर-दूर से आए लोगों ने विधिवत पूजन अर्चन करते हुए समाधि स्थल पर माथा टेक अपने अभीष्ट की कामना किया। मेले में चाट जलेबी एवं मीना बाजार की दुकानों पर भारी भीड़ रही। बच्चे अपने अभिभावकों से खिलौनों की दुकानों पर खिलौने लेने के लिए जिद कर रहे थे। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

### राम गोविंद चौधरी राष्ट्रीय सचिव पद पर हुए मनोनीत



**बलिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सूची में परिवर्तन करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी का कद बढ़ाया और उन्हें राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया हैं रविवार को इस बात की सूचना मिलते ही जनपद के समाजवादियों में प्रसन्नता फैल गई। जिस समय संशोधित सूची जारी हुई उस समय पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चैधरी अपने विधानसभा क्षेत्र बांसडीह में ही संत रविदास जयन्ती कार्यक्रम थे और वहीं पर पार्टी से जुड़े कार्यकताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर रामगोविंद चैधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बेदाग छवि, गरीबों, वंचितों और युवाओं के नेता विकास पुरुष अखिलेश यादव ने जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे यह नई जिम्मेदारी दिया है मैं अपनी पूरी क्षमता से उस जिम्मेदारी पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा तथा समाजवादी पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर ताकतवर बनाने की कोशिश करूंगा। स्वागत करने वालो में पार्टी के जिला प्रवक्ता सुशील पाण्डेय, विधानसभा अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, रविन्द्र सिंह, उमेश मिश्र, लालबाबू पाण्डेय, भगवती, लल्लन यादव, रामा यादव, हरिकिशुन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### हृदयाघात से समाजसेवी का निधन

**बलिया।** समाजसेवी कस्बा निवासी नौशाद अली मदारी का शनिवार की रात हृदयाघात से निधन हो गया। श्री अली के निधन पर कस्बे में शोक व्याप्त हो गया। उनके आवास पर शोक व्यक्त करने वाले लोगों का सुबह से ही तांता लगा रहा। शोक व्यक्त करने वालों में विप्लव सिंह, प्रधान अभिमन्यु चैहान, अबरार अहमद, उमेश सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। जनाजे की नमाज के बाद रविवार को उन्हें पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

### जन आरोग्य मेला में दर्जनों रोगियों ने करायी जांच



**बैरिया (बलिया)।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का शुभारंभ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरली छपरा में रविवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ देवनीति सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुआ। जिसमें दर्जनों रोगियों की जांच व उन्हें दवा दी गई। इलाज के लिए बेहतर परामर्श भी दिया गया। वही कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ सिंह ने बताया कि कैंसर कोई जानलेवा बीमारी नहीं है। किसी मिथक में ना रहे। शुरूआती दौर में पकड़ में आने पर इसे हराया जा सकता है। यह कोई जानलेवा बीमारी नहीं है। साथ-साथ क्षय रोग के बारे में भी बता कर लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि है क्षय रोगियों की डोर टू डोर घूम घूम कर स्वास्थ्य कर्मी खोज कर रहे हैं। पाए जाने पर उन्हें बेहतर इलाज दिया जा रहा है। वही शासन द्वारा प्रदत पांच सौ रुपए प्रतिमाह उन्हें दिया जा रहा है। वही सरकार के निर्देश संचारी रोग उन्मूलन के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बेहतर कार्य चल रहा है। जननी सुरक्षा के लिए मातहतों को उचित दिशा निर्देश उन्होंने दिया। गोष्ठी में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगों से आग्रह किया। सरकार द्वारा दी गई पांच लाख की निशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ देने के लिए उन्होंने विस्तृत चर्चा चर्चा किया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में डा. आनंद शर्मा, डा. सुमन कुमार मिश्रा,डा एसएन पांडे, डा. पवन कुमार, फार्मासिस्ट मनोहर केसरी, समर बहादुर, निर्भय नारायण शुक्ला, इलियास आदि ने भाग लिया।

### भूतपूर्व सैनिक संगठन ने पत्रकार को किया सम्मानित



**बैरिया बलिया)।** भूतपूर्व सैनिक संगठन के जिलाध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह की अध्यक्षता में रविवार को बैरिया स्थित खाकी बाबा के पोखरा पर भूतपूर्व सैनिकों की हुई बैठक में वरिष्ठ पत्रकार सुधाकर शर्मा को समाज मे उनके योगदान के लिए अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भूतपूर्व सैनिक संगठन के जिलाध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह ने कहा कि पत्रकार सुधाकर शर्मा ने हमेशा पत्रकारिता की गरिमा के अनुरूप कार्य किया। इन्होंने निर्भीकता पूर्वक बगैर किसी भय के जन समस्याओं को उठाने का कार्य किया। इस मौके पर सुधाकर शर्मा ने भूतपूर्व सैनिकों का आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि आप लोंगो ने जो सम्मान दिया हैं इससे मुझे पत्रकारिता के क्षेत्र में और अधिक साहस व जिम्मेदारी से काम करने के लिए प्रेरणा मिली हैं। मौके पर भूतपूर्व सैनिक संगठन के श्रीकांत तिवारी, हरिहर नाथ यादव, सत्यनारायण सिंह, शैलेन्द्र सिंह, श्रीराम सिंह, रामायण, उमाशंकर, अजय, अजब नारायण सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले रतन तिवारी सम्मानित

**बैरिया (बलिया)।** अच्छा विचार और नेक कार्य छुपाने से नही छुपता है। जी हां हम बात कर रहे है सड़क दुर्घटना में कई घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले रतन तिवारी की। जिन्हे मंत्री ने सम्मानित किया है। उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल कई घायलों को सड़क से उठाकर समय से इलाज उपलब्ध करवाने वाले पांच प्रदेश के 14 लोगों में क्षेत्र के तिवारी के मिल्की गांव निवासी रतन तिवारी भी सम्मिलित है। जिन्हें शनिवार को लखनऊ के आयोजित परिवहन विभाग द्वारा आयोजित सम्मान समारोह गुड समेरिटन (नेक आदमी) के तहत सम्मानित किया गया। बता दें कि परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने प्रशस्ति पत्र व पांच हजार रुपये नगद देकर रतन तिवारी को सम्मानित किया। परिवहन विभाग की तरफ से उन्हें मंत्री ने अंग वस्त्र भी ओढ़ाया। गौरतलब है कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को लोग पुलिस के डर से हाथ लगाने में डरते है। पुलिस के अनावश्यक पूछताछ से उन्हें परेशान होना पड़ेगा। उसका परवाह किए बिना रतन तिवारी ने अनेकों घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम किया है। जिसके कारण उन्हें सरकार द्वारा पुरस्कृत किया गया है। रतन तिवारी को मिले इस पुरस्कार से पूरा गांव गदगद है। रतन तिवारी तिवारी के मिल्की के सिद्ध संत रहे स्वामी जी महाराज बाबा के परिवार के वंश वृक्ष है।

# रविदास जयंती को लेकर दो पक्षों में विवाद

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के हरपुर ग्राम में रविदास जयंती मनाने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के चलते सुखपुरा पुलिस ने रविदास की मूर्ति एवं वहां लगाए गए तंबू-कनात को उखाड़ कर लेकर थाने चली आई है। दलित वर्ग के दो युवकों को भी पुलिस ने थाने में बिठा रखा है। इससे गांव में तनाव की स्थिति है और पूरा गांव दो पक्षों में विभक्त हो गया है।

तनाव

## पुलिस मूर्ति, तंबू आदि उखाड़कर ले गयी थाने

दलित बस्ती के समीप मुस्लिम नट बस्ती भी है। दोनों के बीच में सती मां का मंदिर भी है। उसी स्थान पर दलित वर्ग रविदास जयंती मनाने को लेकर कुछ दिनों से सक्रिय था। सक्रियता की भनक मुस्लिम नटों को लगी तो उन्होंने इसका विरोध करना शुरू किया। इस बीच शनिवार की रात थाना परिसर में थानाध्यक्ष व गांव के कुछ प्रबुद्ध लोगों की मौजूदगी में दोनों पक्षों में एक समझौता भी कराया गया जिसमें संत रविदास का चित्र रखकर पूजा पाठ करने की बात कही गई।



सुखपुरा में विवाद के बाद तैनात पुलिस।

इसे दोनों पक्षों ने स्वीकार भी कर लिया। इसके बाद पता नहीं किन कारणों से पुलिस ने जाकर रविदास जी की मूर्ति और तंबू कनात के सारे सामान उठाकर लेकर थाने चली आई और मौके पर शांति व्यवस्था हेतु पुलिस की तैनाती भी कर दी। इस संदर्भ में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादव का कहना है कि दलित वर्ग मूर्ति बहुत पहले ही मंगा लिया था लेकिन समझौते के अनुसार चित्र रखकर पूजा पाठ करने की तैयारी की जा रही थी तभी पुलिस ने आकर उसे रोक दिया और दलित वर्ग के दो व्यक्तियों रामाश्रय जो बीडीसी सदस्य है और विनय कुमार दोनों को पकड़ कर लेकर थाने चली गई। दो पक्षों के विवाद में हरिपुर ग्राम का रविदास जयंती समारोह फंस चुका है। इसको लेकर गांव में तनाव की स्थिति भी है।

थानाध्यक्ष पारसनाथ सिंह ने इस संदर्भ में बताया कि रविदास जयंती मनाने के लिए दलित समुदाय किसी सक्षम अधिकारी से स्वीकृति नहीं लिया था। समझौते के अनुसार पूजा पाठ नहीं कर रहा था। इसलिए मुझे शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह का कदम उठाना पड़ा।







## संत रविदास मंदिर में विभिन्न राजनीतिक दलों का जमावड़ा



**बलिया।** संत रविदास की जयंती रविवार को सतनी सराय स्थित मंदिर में धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं का जमावड़ा रहा। वहीं कार्यक्रम संयोजक मिठाई लाल भारती ने सबका स्वागत किया। यहां पहुंचने वालों में पूर्व मंत्री नारद राय, पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय, लक्ष्मण गुप्ता, राजमंगल यादव, राजनारायण यादव, अनिल राय, राजन कन्नौजिया आदि मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल ने भी अपने समर्थकों संग रविदास प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जुलूस निकालकर नगर भ्रमण किया गया। जुलूस में संत रविदास की विभिन्न झांकियों को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गये। इस दौरान जुलूस में शामिल लोग संत रविदास के बताये मार्गों पर चलने की बात कह रहे थे।

## संत रविदास के व्यक्तित्व पर डाला गया प्रकाश

**नगरा।** संत शिरोमणि रैदास जी की जयन्ती पर क्षेत्र मे विविध कार्यक्रम का आयोजन करके धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्थानीय पुस्तकालय पर हुए कार्यक्रम मे रैदास जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए संघ के प्रेमप्रसंग पाण्डेय ने कहा कि धरती के महान संत ने समाज की विषमताओं को दूर करने का अपने जीवन काल तक प्रयास करते रहे और आज उनकी प्रेरणा से हम सभी अभिभूत होते है। इस मौके पर बंशीधर मिश्र, बृजेश जी, अरविन्द सिंह, देवनारायण देवा भाई, राजीव सिंह चंदेल, राजेश कुशवाहा, पंकज जी, अर्जुन गोपालन, डा बजरंगी जी, गिरिश गोंड, दीपक राम, अवधेश जी, मनोज पाण्डेय, सौरभ जी, आदि रहे। इसी तरह नगर पंचायत के भंगमलपुर, बारी, चचया, सरायचावट, तिलकारी मे भीमसेन, पवन कुमार, सोनू आनन्द, अमन कुमार सहित क्षेत्र के पाण्डेयपुर. नरहीं, कोठियां, ढेकवारी, भिटकुना, रेकुआ उरैनी, ताड़ी बडागांव, पड़री, फतेह सिंह, राधेश्याम सिंह आदि रहे।







## परिवहन मंत्री व डीएम ने की भव्य गंगा आरती




### आयोजक किरण सिंह को मिली जमकर बधाई

**बलिया।** गंगा और सरयू के संगम माल्देपुर में माघ माह की पूर्णिमा तिथि पर रविवार को गंगा की भव्य आरती हुई। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व डीएम सौम्या अग्रवाल आरती कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। वहीं आयोजक किरण सिंह ने गंगा आरती में शामिल सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। गंगा घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पूर्णिमा तिथि पर माल्देपुर गंगा घाट के विकास की भी घोषणा परिवहन मंत्री द्वारा विस्तार से कही गई। गंगा आरती रविवार को दिन में आयोजित हुई। इस दौरान गंगा नदी में स्नान को जुटे हजारों स्नानार्थी भी गंगा आरती में शामिल हुए। गंगा आरती के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि माल्देपुर गंगा घाट पर पक्का घाट निर्मित होगा। महिलाओं की सुविधा का भी ख्याल रखा जाएगा। महिलाओं के लिए शौचालय और चेंज रुम भी बनाया जाएगा। कहा कि माल्देपुर मोड़ से गंगा घाट तक पक्की सड़क का निर्माण भी किया जाएगा। मंत्री ने डीएम से कहा कि मेरी विधायक निधि, सांसद नीरज शेखर और मस्तजी सहित विधायक संग्राम सिंह यादव की निधि से आवश्यकता के मुताबिक धन लेकर सड़क निर्माण को कराइए। डीएम ने कहा कि एक माह के अंदर सड़क निर्माण प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान मंत्री के प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश, राजेश कुमार गुप्ता, अभिषेक सोनी आदि मौजूद रहे।

## निःशुल्क शिक्षा को लेकर अनशन आज से

**बलिया।** गरीब बच्चों को प्राइवेट विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा ग्रहण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। उक्त बातें आरटीआई कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता मनोज राय हंस ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही। श्री हंस ने बताया कि इस वर्ष सोची समझी रणनीति के तहत एक माह पूर्व आनलाइन आवेदन शुरू कर दिया गया है। जिससे निशुल्क शिक्षा में कई समस्याएं आ रही है। जबकि विगत छह माह से कई बार अधिकारियों को इस संबंध में मांगपत्र सौंप चुका हूं। कहा कि अब मजबूर होकर छह फरवरी से शहीद पार्क चैक में सुबह 11 बजे से क्रमिक अनशन पर सहयोगियों के साथ बैठने की तैयारी है। बताया कि अभिभावकों को यूनिफार्म व पाठ्य पुस्तक हेतु पांच हजार रुपए तथा विद्यालयों की फीस प्रतिपूर्ति 4500 रुपए प्रतिवर्ष प्रति छात्र पिछले चार वर्षो। से नहीं दिया जा रहा है। केवल 200 विद्यालयों को सरकार द्वारा आनलाइन कराकर तीन वर्षों से बचाया जा रहा है।






# ऐसा चाहूं राज मैं मिलै सबन को अन्न...

## हरबंशपुर में धूमधाम से मनायी गयी रविदास जयंती

**आजमगढ़।** संत शिरोमणि रविदास की जयंती शहर के हरबंशपुर स्थित मंदिर पर धूमधाम के साथ रविवार को मनाया गया। इस दौरान लोगों ने झांकी निकाली। वक्ताओं ने उनके जीवन वृतांत पर अपने विचार व्यक्त किया।

सुशील कुमार आनन्द ने कहा कि रविदास जी कहते हैं कि ऐसा चाहूं राज मैं मिलै सबन को अन्न, छोटा बड़ा सब बसै रैदास रहे प्रसन्न। उन्होंने कहा कि रविदास जी कर्म के सिद्धान्त को मानते थे। शील, सदाचार उनके जीवन का मुख्य आधार है। वह माध्यकाल के एक भारतीय संत थे। उन्होंने छुआछूत के खिलाफ संघर्ष किया। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद, गोविन्द प्रसाद, केवल राम, अशोक कुमार, जमुना प्रसाद, राम प्रताप, किशुन राम, धनबहादुर, धीरज कुमार आदि मौजूद रहे। उत्तर प्रदेशीय अनुसूचित जाति, जनजाति बेसिक शिक्षक महासंघ के तत्वाधान में संत गुरू रविदास की जयंती डा. अम्बेडकर पार्क में लालचंद राम की अध्यक्षता में मनायी गयी। संत के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। साथ ही डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर जीएस प्रियदर्शी, श्याम लाल, साहब लाल चौधरी, रामसमुझ राम, सावित्री देवी, नरेंद्र यादव, डा.सिद्धार्थ मदन भारती, बालकिशुन, धर्मवीर भारती, राजेश कुमार, वीरेंद्र आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में पूर्वांचल जनमोर्चा जिला इकाई द्वारा मोर्चा कार्यालय पर देश के महान विभूति संत शिरोमणि रविदास जी का जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर अखिल भारतीय चौहान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शत्रुघन चौहान, चंदन कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव मोहन शिल्पकार, रेखा भारती, चंद्रमी देवी आदि उपस्थित रहे।



हरबंशपुर में संत रविदास को नमन करते सुशील कुमार आनन्द एवं अन्य।

# अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जीडी ग्लोबल ने लहराया परचम

**आजमगढ़।** सेकेंड इंडो-लंका एजुकेशन समिट एण्ड अवार्ड-2022 के तत्वाधान में माइन्ड मिंगल एण्ड सनफो द्वारा आयोजित जीडी ग्लोबल स्कूल में आयोजित की गयी। प्रधानाचार्या मोनिका सारस्वत पाण्डेय को कोलंबो में भारत-श्रीलंका शिक्षा शिखर सम्मेलन तथा पुरस्कार समारोह-2023 के दौरान प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा श्रेष्ठता पुरस्कार 2023 प्रदान किया गया।

जीडी ग्लोबल स्कूल की प्रधानाचार्या को यह पुरस्कार वीएमआई सीएच कोलबों में प्रधानमंत्री श्रीलंका दिनेश गुनावादेना, शिक्षा मंत्री श्रीलंका अरविंद कुमार, प्रौद्योगिकी मंत्री श्रीलंका कनक हेराय, कैबिनेट न्याय मंत्री श्रीलंका डा.विजयदास राजपक्षे और अध्यक्ष भारत-श्रीलंका फोरम किशोर डी रेड्डी द्वारा प्रदान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य भारत और श्रीलंका के बीच शैक्षिक प्रथाओं के आदान-प्रदान की एक मजबूत प्रणाली स्थापित करना और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए मिलकर काम करना है। इस पुरस्कार के लिए विभिन्न मापदंडों के आधार पर सम्पूर्ण भारत के 500 शैक्षिक संस्थानो में से 36 स्कूलों को चयनित किया गया जिसमे से जीडी ग्लोबल एक था जिसको शिक्षा में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इंडो-श्रीलंका फोरम के अध्यक्ष किशोर डी रेड्डी ने बताया कि अतीव हर्ष का विषय है कि उत्तर प्रदेश राज्य के आजमगढ़ जनपद का यह विद्यालय आज विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों में शुमार है। यह विद्यालय न केवल अपने शैक्षिक गुणवत्ता अपितु अन्य पाठ्येतर गतिविधियों में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करता है।

विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक गौरव अग्रवाल एवं निदेशिका स्वाति अग्रवाल ने खुशियां व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार बच्चों की विभिन्न गतिविधियों में संलिप्तता का परिणाम है।



श्रीलंका में मिले पुरस्कार को दिखाती मोनिका सारस्वत।

## बच्चों के विवाद को लेकर परिजन भिड़े, पांच घायल

**फरिहा (आजमगढ़)।** निजामाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत फरिहा दक्षिण बस्ती में क्रिकेट खेलने को लेकर बच्चों के विवाद में परिजनों के बीच चले लाठी-डंडे में कई घायल हो गये। फरिहा दक्षिण बस्ती में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। क्रिकेट खेलने को लेकर बच्चों में विवाद हो गया। विवाद को देखते हुए बच्चों के परिजन भी मौके पर आ गए और दोनों तरफ से कहासुनी होने लगी। कहासुनी होते-होते मामला मारपीट में तब्दील हो गया। दोनों तरफ के बच्चों के परिजनों के बीच लाठी-डंडे और लात घूसे चलने लगे जिसमें दोनों पक्षों में अखिलेश पुत्र रामचेत, सनी कुमार पुत्र विमल, विमल पुत्र सुमेर और गीता पत्नी रामाधार, प्रमिला पुत्री रत्तुलाल घायल हो गये। मामला बढ़ता देख डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को सूचित किया गया। डायल 112 मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को फरिहा पुलिस चैकी ले गयी जहां दोनों पक्षों ने फरिहा चैकी पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

### गुमराह कर राजनीति कर रही भाजपाः चंद्रशेखर आजाद

**लालगंज (आजमगढ़)।** दौना जेहतमंदपुर में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि भाजपा की सरकार लोगों को गुमराह करके राजनीति कर रही है। एक वैवाहिक कार्यक्रम में दौना जेहतमंदपुर में मोहम्मद शोएब अंसारी के घर आज रविवार को चंद्रशेखर आजाद वाराणसी से रविदास जयंती मना कर आशीर्वाद देने पहुंचे थे। इसके बाद वह गोरखपुर के लिए रवाना हो गए। भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि बहुत दिनों तक राजनीतिक मित्रों द्वारा जनता को धोखा नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा दलितों और मुसलमानों के साथ जो कुछ हो रहा है उसके जिम्मेदार वह खुद हैं। क्योंकि वह एकजुट नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा समय पड़ने पर एक न होना इनकी कमजोरी है। इसलिए वह खुद अपनी समस्याओं के जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि अभी तो कुछ लीडरों को टारगेट किया जा रहा है आने वाले समय में आम आदमी तक भी यह आंच आएगी। जो पिछले दिनों हमने कुछ संविधान के जरिए हासिल किया है उसे यह सरकार लेने का प्रयास करेगी और गुलामों जैसा जीवन जीने के लिए हमें मजबूर करेगी, लेकिन आज भी हमारे लोग नहीं समझ रहे हैं। मौके पर डॉ.अली अख्तर, हाफिज इरफान, मंसूर अहमद नूर आलम उर्फ पप्पू प्रधान, मिर्जा साजिद बेग, डॉ. शाहनवाज आलम, फहीम आलम खान, हाफिज सोहैब, जियाउद्दीन, गुलशद, विकास सिंह राजा, अभिषेक उपाध्याय, चेतन त्रिपाठी जयप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## तमंचा, कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सरायमीर पुलिस ने अवैध तमंचा कारतूस के साथ सिकरौर बाजार पास से अभियुक्त जूगनू सोनकर पुत्र महेन्द्र सोनकर निवासी पूनापोखर थाना सरायमीर को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।












## धूमधाम से मनायी गयी रविदास जयंती

**रानी की सराय (आजमगढ़)।** संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह क्षेत्र में धूम-धाम से मनायी गयी। गाजे बाजे से जुलूस निकाला और वक्ताओं ने उन्हें याद किया। संत रविदास जयंती पर क्षेत्र के कोठिया हमीदपुर से डब्बू के नेतृत्व में जुलूस निकला।









# सन्त रविदास के उपदेश समाज कल्याण, उत्थान के लिए महत्वपूर्ण


भाजपा कार्यालय पर संत रविदास को नमन करते लोग।

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वावधान में मनाई गयी संत रविदास जयंती

**आजमगढ़।** संत रविदास की जयंती भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वावधान में भाजपा कार्यालय पर रविवार को मनाया गया। सर्वप्रथम संत रविदास जी के चित्र पर भाजपाजनों द्वारा पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

मुख्य अतिथि एससी एसटी आयोग सदस्य तीजाराम ने कहा कि संत रविदास को भक्ति काल के महान दार्शनिकों में गिना जाता है। जिन्होंने जात-पात के अन्त के विरोध में कार्य किया। आज भी सन्त रविदास के उपदेश समाज के कल्याण तथा उत्थान के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने अपने आचरण तथा व्यवहार से यह प्रमाणित कर दिया है कि मनुष्य अपने जन्म तथा व्यवसाय के आधार पर महान नहीं होता है।भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह ने कहा कि विचारों की श्रेष्ठता, समाज के हित की भावना से प्रेरित कार्य तथा सद्व्यवहार जैसे गुण ही मनुष्य को महान बनाने में सहायक होते हैं। इन्हीं गुणों के कारण सन्त रैदास को अपने समय के समाज में अत्यधिक सम्मान मिला और इसी कारण आज भी लोग इन्हें श्रद्धा पूर्वक स्मरण करते हैं। मार्चे के जिलाध्यक्ष सौदागर भारती ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को कुरीतियों को खत्म करने के लिए आवाज उठाई और सभी को आत्म निर्भर बनने की प्रेरणा दी। संचालन जिलामंत्री सतीश कुमार सरोज ने किया। इस अवसर पर हरिवंश मिश्रा, चन्द्र सरोज, सतीश सरोज, अरविन्द कुमार, अरविन्द सरोज, राम प्रकाश राम, प्रमोद कुमार, उषा आर्य, जोहन सोनकर, कर्मवीर विश्वकर्मा, रवि सोनकर, अजय भारती, गुलशन सोनकर, मोनू विश्वकर्मा, जितेन्द्र, अर्जुन आदि मौजूद रहे।






## मनदीप की सफलता से हर्ष

जनसंदेश न्यूज


मनदीप पाल का स्वागत करते लोग।

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बा स्थित सैनिक सक्सेस प्वाइंट में अग्निवीर में एक विद्यार्थी की सफलता पर रविवार को कोचिंग संस्थान पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी इस सैनिक सक्सेस प्वाइंट कोचिंग से रविवार को मनदीप नाम के विद्यार्थी ने अग्निवीर इंडियन आर्मी में सफलता हासिल की है। अग्निवीर मनदीप पाल ने कहा कि हमे अपने जीवन में कभी निराश नहीं होना चाहिए बल्कि और भी संघर्ष करना चाहिए। मैं आज अपने इस मेहनत और माता पिता गुरु जी के आशीर्वाद से यह सफलता हासिल किया हूं। कोचिंग के डायरेक्टर प्रदीप पाल ने कहा कि हमें आज बहुत खुशी हो रही है कि हमारे पढ़ाए गए विद्यार्थी इसी तरह कामयाबी हासिल करते रहें और अपने जीवन में खूब आगे बढ़े और अपने माता पिता तथा देश का नाम रौशन करें। इस अवसर पर सूरज, वीरेंद्र, आलोक, एलबी आदि उपस्थित रहे।

## सालाना गुरुमत समागम 17 मार्च से

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** सालाना महान गुरुमत समागम ऐतिहासिक गुरुद्वारा चरण पादुका साहिब निजामाबाद का 17 मार्च से प्रारम्भ होगा और समापन 19 मार्च को बड़ी श्रद्धापूर्वक मनाया जायेगा जिसमें अनेक पन्थक विद्वान प्रचारक रागी सिंह संगतों का दर्शन होगा। उक्त आशय की जानकारी निजामाबाद गुरुद्वारा में प्रेसवार्ता के दौरान जत्थेदार बाबा सतनाम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए सोमवार से सन्देश यात्रा पूर्वांचल के विभिन्न शहरों में जायेगी जिसमें बाबा सतनाम सिंह, जगदीश सिंह, वलिन्दर सिंह, हरजिंदर सिंह, गुरुप्रीत सिंह, संदीप सिंह, परमबीर सिंह, प्रिंस सिंह, दिलीप कौर, हरमन प्रीति कौर आदि शामिल रहेंगे।
















## जनसंपादकीय

# सलाम ! सावित्री बाई !!

**डॉ. सुधीर सक्सेना**



जीवन में विषमताएं थीं, उन्होंने साहसपूर्वक उनका सामना किया। जीवन में अवरोध थे, उन्होंने धैर्यपूर्वक उन्हें लांघ कर अपना रास्ता बनाया। जीवन में संघर्ष था, उन्होंने जिद और जुनूं से उसे सेवा के प्रकल्प में बदल डाला। ज्योतिबा फुले से अल्पायु में ब्याही गयी सावित्री बाई सही अर्थों में उनकी संगिनी सिद्ध हुईं। उन्होंने त्याग, समर्पण और संकल्प से फलक पर सर्वथा नयी इबारते लिखीं और नजीर बनकर उभरीं। पति के साथ उन्होंने देश में पहली कन्या पाठशाला खोली। पहली शिक्षिका बनीं। नवाचार उनके रक्त में था। अपनी क्रांतिधर्मिता से उन्होंने अपने समय को रोशन किया और अपने पीछे चमकीला विरसा छोड़ा।

सावित्री बाई का जन्म 3 जनवरी, सन् 1831 को बांबे प्रेसीडेंसी के सतारा जिले के नैगांव में हुआ था। पुणे से 50 किमी दूर स्थित गांव में जनमी सावित्री बाई लक्ष्मी और खंडोजी नेवासे पाटिल की सबसे छोटी बेटी थी। उसका विवाह सन् 1840 में नौ वर्ष की वय में 13 वर्षीय ज्योतिराव फुले से हुआ, जो सजातीय माली समुदाय के थे। फुले दंपत्ति निस्संतान रहे। कहा जाता है कि उन्होंने विधवा ब्राह्मणी की संतान यशवंतराव को गोद ले लिया था। विधवा पुत्र होने से जब उसके विवाह में अड़चनें आईं तब सावित्री ने उसका ब्याह संगठन से जुड़े ज्ञानोबा की बेटी से फरवरी 1889 में कराकर अपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किया। वस्तुतः सावित्री की जिंदगी ससुराल जाते ही बदल गयी थी। ज्योतिराव की प्रकृति और प्रवृत्ति दशा भिन्न थी। उसने सावित्री को देखते देखते नये सांचे में ढाल दिया।

सावित्री बाई का जब विवाह हुआ, तब वह निरक्षर थी। उसने किसी पाठशाला का मुंह न देखआ था। पति ज्योतिबा ने उसे और उसकी मौसेरी बहन सगुना बाई को अक्षर ज्ञान कराया और प्राथमिक शिक्षा दी। अब सावित्री के भीतर ज्ञान की पिपासा जाग उठी थी। अब यह ज्योतिबा के मित्रों सखाराम यशवंतराव परांजपे और केशव शिवराम भवलकर की जिम्मेदारी थी कि सावित्री आगे कैसे पढ़े? चाह ने राह खोली। सावित्री ने दो संस्थानों में दाखिला लिया। इनमें पहला था अमेरिकी मिशनरी सिंधिया फरार द्वारा अहमदनगर में संचालित केन्द्र और दूसरा था नार्मल स्कूल, पुणे का पाठ्यक्रम। इन कोर्सों के बाद सावित्री शिक्षिका थी, भारत की पहली महिला शिक्षक। अब वह शिक्षा के विस्तृत प्रांगण में थी। उनसे पुणे में महारवाड़ा में कन्याओं को पढ़ाना शुरू किया लेकिन यह फकत इब्तिदा थी। सावित्री, सगुना और ज्योतिबा की त्रयी पर समाज सुधार का जुनूं तारी था। उन्होंने पुणे में ही भिड़े वाड़ा में पाठशाला की स्थापना की। भिड़े वाड़ा तात्यासाहेब भिड़े का ठिकाना था। तात्यासाहेब त्रयी के क्रांतिकारी संकल्प से प्रभावित थे। स्कूल के पाठ्यक्रम में गणित, विज्ञान और समाजशास्त्र के पाश्चात्य पाठ्यक्रमों का समावेश था और पाठ्य-पद्धति भी सरकारी स्कूलों से भिन्न व बेहतर थी। सन् 1841 में फुले दंपत्ति पुणे में तीन कन्या शालाओं को संचालित कर रहे थे और वहां छात्राओं की संख्या लगभग 150 थी और यह संख्या सरकारी स्कूलों में दाखिल छात्रों की संख्या से कहीं ज्यादा थी।

त्रयी की सफलता रोड़ों की संदर्भिका बनी। पुणे के अभिजात्य को दलितों का यह 'उजला उपक्रम' रास नहीं आया। विरोध लांछनों तक सीमित न रहे। सावित्री बाई घर से शाला तक जाती तो अतिरिक्त साड़ी लेकर जाती। क्योंकि रास्ते में उन्हें फब्तियों के साथ-साथ पत्थरों और गोबर के प्रहारों का भी सामना करना होता था। अवरोधों का यहीं अंत न था। अभी तक सावित्री-ज्योतिबा पिता के घर रह रहे थे। बेटे-बहू का कार्य मनु-स्मृति और संहिताओं का उल्लंघन था, पातक था। अतः गोविंदराव फुले ने सन् 1849 में पुत्र और पुत्र वधू को घर छोड़ने का हुक्म सुना दिया।

पिता का फर्मान और पुणे के भद्रलोक का तीखा विरोध फुले-युगल को खुले आसमानतले रात बितानी पड़ती, लेकिन ऐसी नौबत न आई। ज्योतिबा के मित्र उस्मान शेख ने अपने घर पर युवा दंपत्ति को शरण दी। वहीं सावित्री बाई की भेंट उस्मान की बहन फातिमा बेगम शेख से हुई। यह भेंट दोनों के दरम्यां आजीवन संबंधों की हेतु बनी। बिना फातिमा शेख के उल्लेख के फुले-दंपत्ति या सावित्री बाई की कोई भी गाथा अधूरी है। सावित्री बाई की कामयाबी में फातिमा के योगदान की केंद्रीय भूमिका है। सन् 1849 में पहली कन्या पाठशाला की स्थापना फातिमा के घर पर हुई, जहां प्रथम महिला शिक्षक सावित्री और प्रथम मुस्लिम शिक्षिका फातिमा ने अंत्यज-कन्याओं को पढ़ाने का क्रम प्रारंभ किया। अगले ही वर्ष सन् 1850 में फुले-दंपत्ति ने निम्न जातियों में शैक्षिक क्रांति के लिए दो ट्रस्टों की स्थापना की और एक-एख कर 18 स्कूल खोले। उन्होंने हत्या प्रतिबंधक गृह भी खोला।

सावित्री बाई के साहसिक कृत्यों का क्रम यहीं समाप्त नहीं हुआ। सन् 1897 में जब बूबोनिक हैजे से विश्वव्यापी महामारी फैली तो उसने अपने दत्तक पुत्र यशवंत के सहयोग से हैजा पीड़ितों के इलाज के लिए नालासोपारा इलाके में एक क्लीनिक खोला। यह ज्ञात होने पर कि मुंधवा में महार बस्ती में पांडुरंग बाबाजी गायकवाड़ का बेटा प्लेग-ग्रस्त हो गया है, सावित्री बाई वहां पहुंचीं और युवक को पीठ पर लादकर पुणे के उपांत्य में स्थित अफने क्लीनिक के लिए रवाना हो गईं। इस क्रम में वह स्वयं हैजे की शिकार हो गयीं और 10 मार्च, 1897 को रात्रि नौ बजे उनकी मृत्यु हो गई।

सावित्री बाई निर्भीक सामाजिक कार्यकर्ता ही नहीं थीं, वरन लेखिका और कवयित्री भी थीं। सन् 1854 में उनकी रचनाओं का संकलन 'काव्य-फुले' प्रकाशित हुआ तो सन् 1892 में 'बावन काशी सुबोध रत्नाकर'। वह प्रखर नारीवादी थीं और स्त्रियों के लिए समान अधिकारों की हिमायती। इशी के तहत उन्होंने महिला सेवा मंडल की स्थापना की। मंडल के तत्वावधान में जाति-धर्म के भेद से परे स्त्रियां एक स्थान पर एकत्र होतीं और अस्पृश्यता को तिलांजलि देकर एक ही दरी पर अगल-बगल बैठतीं। समय के मान से यह क्रांतिकारी उपक्रम था। उनका प्रयास बलात्कृताओं और विधवाओं के प्रसव तक सीमित न था, बल्कि अभिशप्त माएं चाहतीं तो लालन-पालन के लिए अपने नवजात शिशु को वहां छोड़कर जा सकती थीं। सावित्री बाई और ज्योतिबा सती प्रथा के घोर विरोधी थे। उन्होंने बाल-विवाह का भी विरोध किया और विधवाओं और परित्यक्त शिशुओं के लिए बसेरा भी खोला।

सावित्री बाई क्रांतिधर्मी शख्सियत थीं। उनमें साहस कूट-कूट कर भरा था। एक प्रसंग उल्लेखनीय है। सावित्री बाई को खबर मिली कि अमुक गांव में ग्रामीण निम्न जाति की कन्या से संबंधों के 'अपराध' में एक युवक की 'लिंचिंग' पर आमादा हैं। सावित्री भागकर वहां पहुंचीं और ग्रामीणों को लिंचिंग के दण्डात्मक परिणामों के बारे में बताया। फलतः युवक की प्राण रक्षा हुई। इस वाकये का सावित्री बाई ने पति ज्योतिबा को लिखे पत्र में उल्लेख किया। फुले-दंपत्ति में ब्रिटिश हुकूमत के सामाजिक कानूनों को लेकर पर्याप्त आदरभाव था। इसकी पुष्टि ज्योतिबा के लेखन से भी होती है। सावित्री बाई फुले के जन्मदिन 3 जनवरी को महाराष्ट्र में 'बालिका-दिन' के तौर पर मनाया जाता है। पुणे नगर-निगम ने सन् 1983 में स्मारक की स्थापना की तो सन् 2015 में पुणे विश्वविद्यालय का नामकरण सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय किया गया। भारत सरकार ने उनकी स्मृति में डाक टिकट भी जारी किया। दूरदर्शन ने उनके जीवन पर आधारित नाटक क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले का प्रसारण किया। मराठी में उनके बारे में प्रचुर साहित्य उपलब्ध है। सावित्रीबाई फुले जैसी क्रांतिधर्मी शख्सियत हम सबके सलाम की हकदार हैं।

**(लेखक कवि एवं संपादक हैं )**

# शिक्षा के प्रांगण : कक्षा से कैंटीन कल्चर तक

**शिक्षा**

**प्रेम सिंह**



नवउदारवादी नीतियों (नियो-लिबरल पॉलिसीज) ने शिक्षा के चरित्र और उद्देश्य को बदलते हुए उसका व्यावसायीकरण (कॉमर्सियलाईजेशन) ही नहीं किया है, शिक्षा संस्थानों - स्कूलों-कालेजों-विश्वविद्यालयों - के वातावरण को भी उस दिशा में तेजी से बदला है. इसकी एक बानगी स्कूलों-कालेजों-विश्वविद्यालयों में कैंटीन कल्चर के फैलाव में देखी जा सकती है. इस संदर्भ में पिछले सौ सालों से देश की राजधानी में स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय का उदाहरण लें. शिक्षा जगत में नवउदारवाद के पैर पसारने से पहले कैंटीन यहां के कालेजों और विश्वविद्यालय का एक बहुत छोटा हिस्सा होती थीं. उनमें खाने-पीने की चीजें बहुत कम - चाय, ब्रेड पकोड़ा, ऑमलेट, समोसा, सेंडविच आदि - मिलती थीं. विद्यार्थियों के लिए, अगर वे कॉलेज परिसर में हैं, सबसे पहले कक्षा और उसके बाद पुस्तकालय, कॉमन रूम, स्पोर्ट्स रूम, एनसीसी रूम, एनएसएस रूम, यूनियन रूम, अगर किसी कॉलेज में सुविधा है तो थिएटर रूम और खेल के मैदान में जाना महत्वपूर्ण होता था. कॉलेज में बने दोस्तों के साथ कॉलेज लॉन से लेकर सीढ़ियों तक पर बैठने की रवायत थी, कैंटीन में नहीं.

विद्यार्थी जिस जगह बैठते, उसी तरह की आपस में चर्चा होती थी. एक-दूसरे के विषयों, अनुभवों, रुचियों आदि को जानने में उनका समय बीतता था. इस तरह देश के अलग-अलग हिस्सों और दिल्ली शहर एवं देहात से आने वाले विद्यार्थियों के बीच आपस में अलगाव नहीं, साझापन बढ़ता था. कैंटीन की तरफ बहुत कम विद्यार्थी जाते थे, वह भी किसी खास अवसर पर. बात-बात पर पार्टी लेने-देने का रिवाज तब नहीं था. सत्तर के दशक की मुझे याद है. तब विद्यार्थियों पर बर्थडे मनाने का भूत सवार नहीं हुआ था.

उन दिनों यू-स्पेशल बसें चलती थीं. कक्षाएं खत्म होने के बाद विद्यार्थियों को यू-स्पेशल पकड़ कर घर जाने की जल्दी रहती थी. यू-स्पेशल बसें विद्यार्थियों के एक-दूसरे के करीब आने का एक बड़ा जरिया हुआ करता था. इन बसों में प्रेम-प्रसंग भी चलते थे, झगड़े और मार-पीट भी. इन बसों के जरिये कॉलेज-विश्वविद्यालय की दुनिया पूरे शहर और देहात तक प्रसारित हो जाती थी. सांध्यकालीन कालेजों की यू-स्पेशल बसें भी चलती थीं. प्रायः सभी यू-स्पेशल बसों में कोई न कोई शिक्षक भी अपने गंतव्य तक यात्रा करते थे. नवउदारवाद की अगवानी में यू-स्पेशल बसें बंद होती चली गईं. एनसीसी/एनएसएस आदि निष्क्रिय या खत्म होते चले गए. विद्यार्थियों के बीच सामूहिकता की भावना पैदा करने वाला वह वातावरण भी समाप्त होता चला गया. बढ़ती चली गईं कैंटीन और उनके मैन्यु!

स्कूलों-कालेजों-विश्वविद्यालयों में पिछले 20-25 सालों में एक नए वातावरण का निर्माण हुआ है. अब कालेजों में जाइए तो पायेंगे कि कैंटीन कक्षा के बाद या कक्षा के साथ विद्यार्थियों के खाने-पीने और जमावड़े का सबसे अहम स्थल बन गई हैं. पहले पीरियड से ही यह सिलसिला शुरू हो जाता है. बाजार के बड़े ईटिंग पॉइंट्स की तरह कैंटीनों का लम्बा-चौड़ा मैन्यु होता है. दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थानीय के अलावा पूरे देश से विद्यार्थी पढ़ने आते हैं. उनकी संख्या के हिसाब से हॉस्टल की सुविधा न के बराबर है. ज्यादातर विद्यार्थी अपना इंतजाम करके रहते हैं, जो काफी महंगा पड़ता है. लेकिन उसके बावजूद कॉलेज कैंटीन स्थानीय और बाहर से आए विद्यार्थियों से भरी रहती हैं. कैंटीन कल्चर का यह फैलाव बताता है कि पिछले दो-तीन दशक में मध्यवर्ग, जिसमें सर्विस क्लास भी शामिल है, के पास काफी धन आया है. अगर विद्यार्थियों की खरीद-शक्ति नहीं होती, तो दिल्ली विश्वविद्यालय में कैंटीन-व्यापार इस तरह नहीं जम सकता था. कैंटीन का ठेका लेने वाले ठेकेदारों को काफी मुनाफा होता है. इसीलिए कैंटीन का टेंडर लेने के लिए काफी प्रतिस्पर्धा और सिफारिश चलती है.

गौर करें कि कैंटीन कल्चर के समानांतर हर कॉलेज में फोटो-कॉपी कल्चर भी विकसित हुआ है. अध्ययन सामग्री फोटो-कॉपी कराने के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय के अंदर और बाहर अनेक फोटो-कॉपी पॉइंट्स खुले हुए हैं. उनकी भी अच्छी-खासी कमाई होती है. पहले सभी विद्यार्थी पुस्तकालय या घर पर बैठ कर परीक्षा के नोट्स तैयार करते थे. अब वैसा नहीं है. सब कुछ फोटो-कॉपी कराया जाता है. फोटो-कॉपी कल्चर के चलते कॉलेज में कक्षा के अलावा जो समय बचता है, विद्यार्थी उसमें से ज्यादा समय कैंटीन में बिताते हैं. इस तरह फोटो-कॉपी कल्चर कैंटीन कल्चर का विस्तार है. नवउदारवाद के साथ शुरू हुई यह प्रवृत्ति भी कैंटीन कल्चर का ही विस्तार है कि हर साल बड़े छात्र संगठन कालेजों के विद्यार्थियों को शहर और उसके बाहर स्थित रिसॉर्ट्स में पार्टी कराने के लिए गाड़ियों में बैठा कर लेकर जाते हैं.

दिल्ली विश्वविद्यालय के दो कैंपस हैं. वहां भी कैंटीन कल्चर का असर बखूबी देखा जा सकता है. एक समय नार्थ कैंपस में तीन-चार कॉफी हाउस होते थे, जिनमें लॉ फैकल्टी का कॉफी हाउस बैठने की खास जगह था. वहां कॉफी-चाय के साथ सेंडविच और डोसा-बड़ा मिलते थे. छात्र-शिक्षक राजनीति से लेकर साहित्यिक-सांस्कृतिक-बौद्धिक गतिविधियों में हिस्सा लेने वाले स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थी, शोधार्थी और शिक्षक वहां जमा होते थे. कक्षाएं समाप्त होने बाद लोग देर तक तसल्ली से बैठते थे. शाम के वक्त कॉफी हाउस में होस्टलों में रहने वाले विद्यार्थियों का जमावड़ा होता था. इस तरह बिलकुल साधारण और सस्ता लॉ फैकल्टी का कॉफी हाउस आपस में मिलने-जुलने और चर्चा करने का जीवंत केंद्र था. दिल्ली शहर के कॉफी हाउस भी इसी खासियत के लिए जाने जाते थे.

नार्थ कैंपस में करीब 20 साल पहले ही कॉफी हाउस खत्म कर दिए गए थे. उन दिनों 'निरूला' का बहुत जोर था. अभी जहां दिल्ली विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ की को-ऑपरेटिव कैंटीन है, वहां कॉफी हाउस हुआ करता था. वह जगह निरूला रेस्टोरेंट को दे दी गई थी. विश्वविद्यालय समुदाय की तरफ से विरोध भी हुआ था. लेकिन निरूला रेस्टोरेंट को हटाया नहीं गया. मोटा मुनाफा नहीं कमा पाने के चलते कुछ वर्ष बाद वह खुद ही जगह खाली करके चला गया. केंद्रीय पुस्तकालय के साथ एक नई इमारत दिल्ली विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिसर के नाम से बनाई गई थी. उस परिसर में एक बड़ी कैंटीन भी खोली गई. कई ठेकेदार/संस्थाएं अब तक यह कैंटीन चलाते रहे हैं. इसी इमारत में पुस्तकों/पत्रिकाओं की बिक्री का एक केंद्र खोला गया था. विद्यार्थी और शिक्षक वहां से अपनी पसंद की पुस्तकें-पत्रिकाएं लेते थे. पुस्तक केंद्र चलाने वाले व्यक्ति को बताने पर वह जरूरी पुस्तक/पत्रिका मंगवा देता था. उसी इमारत में एक छोटा सेमिनार रूम भी बनाया गया था, जिसे विद्यार्थी और शिक्षक कार्यक्रम के लिए मुफ्त बुक करा सकते थे. उस इमारत में पुस्तक केंद्र और सेमीनार रूम की सुविधाएं काफी पहले बंद कर दी गईं थीं. फिलहाल कैंटीन भी बंद रहती है. शायद अगले ठेकेदार के इंतजार में! साउथ कैंपस की नई इमारत बनी तो वहां की कैंटीन मशहूर हो गयी. वह कैंटीन एक छोटी-सी साधारण इमारत में चलती थी. कैंटीन मूर्ति नाम के दक्षिण भारतीय व्यक्ति चलाते थे. वह कैंटीन मूर्ति की कैंटीन के नाम से ही जानी जाने लगी थी. मूर्ति की खासियत यह थी कि वह मुफ्तखोरी करने वाले विद्यार्थियों या दिल्ली देहात से आकर वहां अड्डा जमाने वाले कुछ दबंगों को भी नाराज या निराश नहीं करता था. वह सबको साथ लेकर चलता था, और सबको सस्ते में चाय, कॉफी, नाश्ता और लंच उपलब्ध कराता था. जैसे-जैसे देश में नवउदारवाद का नशा तेज होने लगा, खाने की गुणवत्ता और किफायती दाम के लिहाज से बेजोड़ वह कैंटीन खत्म कर दी गई. करीब एक करोड़ रूपया खर्च करके कैंटीन के लिए बांस की एक डिजाइनर इमारत का निर्माण कराया गया. उससे भी तसल्ली नहीं हुई तो कई करोड़ रूपया खर्च करके वर्तमान वातानुकूलित कैफेटेरिया बनवाया गया. जाहिर है, इस कैंटीन में खाने-पीने की चीजों की गुणवत्ता घट गई, और दाम बढ़ गए हैं. फिर भी कैंटीन काफी चलती है.

दिल्ली विश्वविद्यालय के कालेजों और दोनों कैंपस के कैंटीन कल्चर का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी कैंटीन में संपन्न विद्यार्थियों की तरह नहीं जा पाते हैं. जब कक्षा के बाद या कक्षा छोड़ करके समूह में विद्यार्थी कैंटीन की तरफ जाते हैं, तो ऐसे विद्यार्थियों को छिटकना पड़ता है. नार्थ कैंपस फैला हुआ है. वहां यह विभाजन साफ नहीं दिखाई देता है. लेकिन विश्वविद्यालय के कॉलेज और साउथ कैंपस बंधे हुए हैं. वहां आर्थिक रूप से मजबूत और कमजोर विद्यार्थियों के बीच की फांक साफ दिखाई देती है. कैंटीन कल्चर में अलगाव-ग्रस्त विद्यार्थी कैसा अनुभव करते हैं, और अपने अलगाव को भरने के लिए क्या उपाय करते हैं - इसका अध्ययन दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले या पढ़ चुके पत्रकारिता के विद्यार्थियों को करना चाहिए.

शिक्षण संस्थानों में फैला कैंटीन कल्चर व्यापक बाजारवाद का ऐसा कॉरिडोर है, जहां से गुजर कर वह (बाजारवाद) अपनी निर्विघ्न यात्रा तय करता है.

**(समाजवादी आंदोलन से जुड़े लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक और भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के पूर्व फेलो हैं)**

**स्कूलों-कालेजों-विश्वविद्यालयों में पिछले 20-25 सालों में एक नए वातावरण का निर्माण हुआ है. अब कालेजों में जाइए तो पायेंगे कि कैंटीन कक्षा के बाद या कक्षा के साथ विद्यार्थियों के खाने-पीने और जमावड़े का सबसे अहम स्थल बन गई हैं. पहले पीरियड से ही यह सिलसिला शुरू हो जाता है. बाजार के बड़े ईटिंग पॉइंट्स की तरह कैंटीनों का लम्बा-चौड़ा मैन्यु होता है. दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थानीय के अलावा पूरे देश से विद्यार्थी पढ़ने आते हैं. उनकी संख्या के हिसाब से हॉस्टल की सुविधा न के बराबर है. ज्यादातर विद्यार्थी अपना इंतजाम करके रहते हैं, जो काफी महंगा पड़ता है. लेकिन उसके बावजूद कॉलेज कैंटीन स्थानीय और बाहर से आए विद्यार्थियों से भरी रहती हैं.**

# आसमान की यात्राओं के अराजक होने की त्रासदी

**प्रसंगवश**

**ललित गर्ग**



आज देश ही नहीं, दुनिया में व्यक्ति हिंसक एवं अराजक होता जा रहा है। हिंसा का बढ़ता प्रभाव मानवीय चेतना से खिलवाड़ करता है और व्यक्ति स्वयं को निरीह अनुभव करता है। इन स्थितियों में संवेदनहीनता बढ़ जाती है और जिन्दगी सिसकती हुई प्रतीत होती है। ऐसी स्थितियों का बढ़ना गहन चिन्ता का विषय है। यह चिन्ता तब ज्यादा बढ़ जाती है एवं परेशान करती है जब अति संवेदनशील हवाई यात्रा के दौरान ऐसी घटनाएं देखने को मिलती है। शराब के नशे में उद्दण्डता करना, किसी पर थूक देना, किसी पर पेशाब कर देना या किसी को थप्पड मार देने जैसी घटनाएं हवाई सफर के दौरान होना विमान अधिनियमों का उल्लंघन होने के साथ-साथ हवाई सफर को खतरे में डालना है। सोमवार को अबू धाबी से मुंबई के लिए चले एक विमान में ऐसी ही अराजक स्थितियां उत्पन्न हुई, जब चालक दल के सदस्यों की ओर से अनधिकृत गतिविधि से रोके जाने पर एक महिला यात्री ने एक कर्मी के चेहरे पर घूंसा जड़ दिया और अशिष्ट व्यवहार किया। विमान यात्रा के दौरान यात्रियों द्वारा महिला कर्मियों से छेड़छाड़, अशिष्ट एवं बेहूदी घटनाएं होना तो आम बात रही है। विमान यात्रा पर लग रहे इन दागों एवं धब्बों को धोना जरूरी है।

वर्तमान के संदर्भ में देखा जाए तो लगता है, मनुष्य की मानसिकता हिंसक, अराजक एवं असंतुलित होती जा रही है, ऐसी स्थितियां स्वयं के साथ अन्य लोगों के जीवन को संकट में डालती है। शांति, संतुलन, मयार्दा एव अहिंसा के मूल्य लुप्त होते जा रहे हैं, महापुरुषों के स्वर कहीं शून्य में खो गए हैं। जीवन के श्रेष्ठ मूल्य व्यवहार के धरातल पर अर्थहीन से हो रहे हैं। तभी विश्व मानव में सामाजिक असंवेदनाओं, हिंसा एवं अराजकता की त्रासद स्थितियां देखने को मिल रही है। विश्व अणु-परमाणु हथियारों के ढेर पर खड़ा है। दुनिया हिंसा की लपटों से झुलस रही है। अर्थ प्रधान दृष्टिकोण, सुविधावादी मनोवृत्ति, उपभोक्ता संस्कृति, सांप्रदायिक कट्टरता, जातीय विद्वेष आदि स्थितियों ने मानवता की काया में न जाने कितने गहरे घाव दिये हैं। अराजकता के बीज, संवेदनहीनता एवं हिंसा के दंश जमीन से लेकर आसमान तक पसरे हैं जो इंसान को संकट में डाल रहे हैं।

यह सर्वविदित है कि विमान की उड़ान हर स्तर पर बेहद संवेदनशील एवं नाजूक होती है और उसमें कोई मामूली चूक एक त्रासद नतीजे या दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिये उड़ान के दौरान न केवल सुरक्षा की कसौटी पर हवाई जहाज में तकनीकी स्तर पर सौ फीसद परिणाम सुनिश्चित किए जाते हैं, बल्कि उसमें सवार चालक दल सहित हर व्यक्ति की गतिविधि यात्रा का पूरी तरह सुरक्षित होना तय करती है। विमानकर्मियों को इसलिये गहन प्रशिक्षण दिया जाता है, अनुशासन एवं मयार्दा के साथ-साथ शालीन-शिष्ट व्यवहार सिखाया जाता है, ताकि यात्रियों की यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न हो एवं उन्हें यात्रा का सुखद अनुभव हो। लेकिन विमानयात्रियों के लिये ऐसी कोई आचार-संहिता का समुचित प्रशिक्षण न होने से वे अवांछनीय एवं अराजक होने के साथ हिंसक भी हो जाते हैं।

विमान की उच्चस्तरीय एवं व्यवहारक्षम सेवाओं के होने के बावजूद नए यात्रियों के लिए भी विमान के भीतर हर गतिविधि के लिए लिखित निर्देश होते हैं, चालक दल के सदस्यों की ओर से घोषणाएं की जाती हैं और जरूरत पड़ने पर किसी बात को समझने में मदद भी की जाती है। अगर चालक दल से कार्य-दायित्व में कोई कोताही होती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। इन सब स्थितियों के होने के बावजूद कुछ यात्रियों को अपने व्यवहार पर नियंत्रण रखना जरूरी नहीं लगता है, और वे अपनी सीमाओं एवं मयार्दाओं का उल्लंघन करने पर आमादा हो जाते हैं जिससे पैदा जोखिम की जद में वह खुद भी होता है।

यात्रा चाहे रेल की हो या सड़क मार्ग की उनमें हिंसा एवं अराजकता की स्थितियां आम बात है। आजकल सड़क पर चलते वक्त किस व्यक्ति का मानसिक असंतुलन, क्रोध या तनाव हिंसा में बदल जाये कहां नहीं जा सकता, लेकिन आमतौर पर विमान से यात्रा को व्यवस्था के लिहाज से हर स्तर पर सुरक्षित और सहज माना जाता है, जिसमें लोगों को कोई परेशानी न हो। लेकिन वहां भी हिंसक एवं अराजक स्थितियों का उग्र होना चिन्ता का कारण है। विडंबना यह है कि कई बार खुद किसी यात्री की हरकतें न केवल अवांछित होती हैं, बल्कि उससे समूचे विमान की सुरक्षा संकट में पड़ जाती है। इस वर्ष की शुरूआत में ही शराब पीकर हंगामा करने, लापरवाही में आपातकालीन दरवाजा खोल देने या किसी विमान परिचारिका से छेड़खानी करने की ऐसी कुछ घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जो विमान यात्रा में जोखिम की वजह मानी जा सकती हैं। पिछले कुछ समय की कतिपय यात्रियों की गैरजिम्मेदाराना एवं अराजक घटनाओं ने यह सवाल उठा दिये हैं कि कोई यात्री क्या इस बात को लेकर पूरी तरह निश्चिंत एवं सुरक्षित हो सकता है कि उसके साथ अराजक या अनुचित बरताव नहीं होगा! विमानकर्मियों के साथ यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा यह सवाल इसलिये गंभीर है कि पिछले दिनों विमान में शराब पीने के बाद कुछ यात्रियों के अभद्र एवं अशिष्ट व्यवहार की वजह से जैसे हालात पैदा हुए, उसने स्वाभाविक ही उड़ान के दौरान प्रबंधन और व्यवस्था के लडखड़ाने के साथ अन्य यात्रियों को भारी तकलीफ एवं तनाव झेलना पड़ा।


अन्तर्राष्ट्रीय विमान सेवाओं में शराब परोसे जाने का प्रचलन रहा है। शराब के सेवन के बाद किसी यात्री का बेकाबू, अश्लील, असंतुलित एवं आक्रामक व्यवहार होना स्वाभाविक है। इस तरह के व्यवहार से महिला कर्मियों को जटिल स्थितियों का सामना करना पड़ता है। जाहिर है, व्यवस्था के स्तर पर ऐसी बाधा से निपटने के क्रम में शराब परोसने की प्रवृत्ति को रोकना विमान प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी होना चाहिए। शायद यही वजह है कि अब एअर इंडिया ने अपनी उड़ान के दौरान यात्रियों को शराब परोसे जाने की नीति में बदलाव करने का फैसला किया है। आसमान में होने वाली इन अराजक, अश्लील एवं आक्रामक घटनाओं के क्रम में शराब पीकर किसी यात्री के द्वारा अन्य यात्रियों या फिर चालक दल के सदस्यों से अभद्र, आक्रामक एवं अराजक बर्ताव किया जाना दूसरे यात्रियों के परेशानी के सबब तो थे ही, इन घटनाओं ने विमान सेवाओं पर भी अनेक सवाल खड़े कर दिये हैं। निश्चित ही बार-बार घटने वाली इन घटनाओं एवं बेलगाम बर्ताव की वजह से समूची उड़ान को खतरे में नहीं डाला जा सकता, नतीजतन उन पर नियंत्रण के लिये विमान अधिनियमों एवं कानूनों में सख्ती लाना जरूरी है, लेकिन ऐसी घटनाओं पर वास्तविक नियंत्रण के लिये विमान में सफर करने वाले लोगों को अपने स्तर पर ही इस बात का खयाल रखना चाहिए कि जिस तरह वे अपने लिए सुरक्षित और सहज यात्रा की अपेक्षा करते हैं, उसी तरह उनकी वजह से किसी अन्य को कोई परेशानी न हो। नागर विमानन महानिदेशालय को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए व्यवस्था, शिष्टता और सुरक्षा को लेकर उच्चस्तरीय मानकों के लिए मशहूर रही विमान यात्रा को अराजक होने से बचाने के पुख्ते इंतजाम करने चाहिए।

**(लेखक पत्रकार, स्तंभकार हैं, संपर्क 9811051133)**

# बजट एक्सपर्ट की बजटबाजी

**व्यंग्य**

**रामविलास जांगिड़**



बजट बनाया जा रहा है या बजट को बनाया जा रहा है। बजट के लिए हलवा पकाया जा रहा है या पुराने बजट को नए रैपर में सजाया जा रहा है। कुछ नहीं कह सकते! बजट आता है और अपने साथ कई तरह के टैक्स लाता है। महान विदूषक श्री भोयाली भांडेत के जमाने में जो कुछ बजट बनाया जा रहा था, वही बजट अब तक सजाया जा रहा है। जो आम आदमी के कभी समझ में नहीं आया! आम तो क्या खास अर्थशास्त्री भी जमीन ही कुरेदते रहते हैं। बजट बनाने का सबसे आसान तरीका बरसों से काम में लिया जा रहा है। इसके अनुसार कई तरह की बजटाकांक्षी सामग्रियों की चिटें बना ली जाती है और उन चिटों को हवा में उछाल दिया जाता है। जो चिटें भोयाली भांडेत के बाईं तरफ गिरी मिलती, उन पर 18 प्रतिशत टैक्स लगा दिया जाता। दाईं तरफ गिरने वाली चिटों पर 28 प्रतिशत टैक्स! सामने की तरफ गिरने वाली चिटों का बड़ा भाग्य माना जाता और उन पर 38 प्रतिशत टैक्स ही लगाते। जो चिटें हवा में रह जाती, उसे घाटे का बजट कहा जाता।

एक दूसरे संवैधानिक सिद्धांत के अनुसार एक काली हांडी में बजटाकांक्षी सामग्रियों चिटों को हांडी में डाल दिया जाता है। मौका-ए-वारदात पर क्षेत्र के जाने-माने वित्त डाकू अधिकारी को बुलाकर हांडी में पड़ी चिटें हवा में उड़ाई जाती है। ठीक इसी तरह जैसे बरसों पहले एक नायिका का मलमल वाला दुपट्टा हवा में उड़ चला था। यहां भी हलवा परोस कर, हवा में उड़ता जाए मेरा मोटा मलमल रोकड़ा, गीत गाने का कार्यक्रम रखा जाता है। खैर! काली हांडी के सामने पांच प्रकार के गोल घेरे बने तैयार रखे जाते हैं। कई बार इन घेरों की संख्या 50 तक भी होती है। हर एक घेरे में कुछ गणित के अंक जैसे 15-20-25-30-35 आदि लिखे होते हैं। वित्त डाकू काली हांडी में पड़ी चिटें निकालकर इधर-उधर उछालता है। जो चिट जिस घेरे में गिर जाती है, उसी चिट को खोलकर उसमें लिखे गए सामान पर उतना ही टैक्स लगा दिया जाता है। इन सभी घेरों के बाहर बजट बनाने वाली पार्टी, बजट के रसिया गीत गाती-नाचती रहती है। वे इसे संसार का सबसे बेहतरीन बजट बताती है। पास में ही विरोधी पार्टी के दल छाती-कूटते हुए, रोते-बिलखते इसे गोबर बजट बताते हैं। काली हांडी के घेरों से बहुत दूर बैठी बेचारी जनता छछूंदर बनी हुई न रोती है, न हंसती है!

जो व्यक्ति चुप बैठे हैं, उन पर बहुत टैक्स लगाया हुआ है, तो हर एक व्यक्ति ने घबराकर 3-3 स्मार्टफोन खरीद लिए हैं। पैदलचियों पर सरकार ने भारी भरकम टैक्स लगा दिया है, अतः घबरा कर हर पैदलची ने 2-2 कारें खरीद ली है। सरकार ने होशियारी कर कारों पर टैक्स लगाने के उपाय किए हैं। खिड़की खोलने का टैक्स तो खिड़की बंद करने का टैक्स! गियर लगाने का टैक्स तो, न्यूट्रल में रखने का टैक्स! सड़क पर चलाने का टैक्स तो, घर में पड़ी रखने पर टैक्स! सभी सरकारी शिक्षक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते हैं, जो अच्छा है। सारे सरकारी डॉक्टर अपने घर-परिवार का इलाज प्राइवेट अस्पताल में कराते हैं। सब बजट की माया है!

**(लेखक व्यंग्यकार हैं )**

# लघुकथा : इंतजार

**कौशल पाण्डेय**

राजवीर एक पूर्व सैनिक था और एक प्राइवेट एजेंसी के माध्यम से शहर के बाहरी हिस्से में स्थित एक बड़े संस्थान में सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहा था ' उसके पास बंदूक का लाइसेंस भी था ' एजेंसी में दो तरह के गार्ड थे ' एक बंदूक वाले और दूसरे सामान्य श्रेणी के ' बंदूक होने के कारण उसकी तनख्वाह कुछ ज्यादा थी ' उसे लगा कि लाइसेंस लेने का उसका फैसला गलत नहीं था ' रात में चोरी के खतरे अधिक होते हैं इसलिये उसकी ड्यूटी प्रायः रात में ही लगती थी '

संस्थान के विशाल परिसर में चंदन के कई पेड़ थे जो कि हमेशा चोरों के निशाने पर रहते थे ' एक अंधेरी रात की बात है ' चोर परिसर में चंदन के पेड़ काटने के उद्देश्य से घुसे ' उनके पास बैटरी से चलने वाली आरी थी ' उन्होंने अपना काम शुरू ही किया था कि राजवीर की पैनी निगाह उन पर पड़ी ' उसने चोरों को ललकारा ' चोरों की ओर से एक फायर हुआ ' जवाब में राजवीर नें भी फायर किया ' चोर भागे पर तब तक एक चोर के पैर में उसकी गोली लग चुकी थी ' गोली की आवाज सुनकर पास में गस्त कर रही पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंच गई ' घायल चोर पकड़ा गया ' रात से ही पुलिस और मीडिया की गहमा- गहमी शुरू हो गई ' पकड़े गए चोर से जानकारी मिली कि वह पड़ोसी राज्य के एक खूंखार चंदन तस्कर गिरोह का सदस्य है, जिस पर कि कई लाख का इनाम भी घोषित है ' सुबह - सुबह पुलिस और मीडिया द्वारा राजवीर को खूब तारीफ मिली ' उसे पुरस्कृत और सम्मानित किये जाने की भी चचाएँ होने लगीं ' जांच आगे बढ़ी ' इनाम की बात सामने आते ही पुलिस की ओर से कहा गया कि चोर पुलिस की गोली से घायल हुआ है ' सिविलियन होने के नाते राजवीर का गोली चलाना ही गैर-कानूनी था '

राजवीर को पुलिस विभाग का नोटिस मिला कि वह अपनी बंदूक थाने में जमा करे ' उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा ' उसकी बंदूक राजधानी में स्थित फोरेंसिक लैब में जमा है ' पता चला कि जांच में काफी वक्त लगेगा '

बंदूक न होने के कारण राजवीर की एजेंसी ने उसे घर बिठा दिया है और यह भी कहा है कि इन दिनों उनके यहां सामान्य गार्ड का कोई पद रिक्त नहीं है ' पांच- छह महीने हो गए उसे अभी तक फोरेंसिक जांच की रिपोर्ट का इंतजार है '

**मो. 9532455570**

# युवक का शव मिलने से सनसनी

जनसंदेश न्यूज

**पटवध/मुबारकपुर आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के मैगापुर गांव में छोटी नदी के किनारे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मुबारकपुर थाना अंतर्गत मैगापुर गांव के पास स्थित छोटी नदी के किनारे गेहूं के खेत में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई ग्रामीणों ने इस बात की जानकारी पुलिस को दी सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मुबारकपुर और बनकट पुलिस चैकी इंचार्ज के अलावा फील्ड यूनिट के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए और मृतक के शव की शिनाख्त में जुट गए जानकारी के मुताबिक रविवार लगभग दिन में 4 बजे दूधनाथ यादव के गेहूं के खेत में जमीन में गड़ी हुई लास मिली कुछ बच्चे वहां बकरी चराने गए तो मृतक का गड़ा हुआ शव का कुछ भाग दिखाई दिया। जिसकी जानकारी बच्चों द्वारा ग्रामीणों को दी गई। अज्ञात युवक का शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस के साथ ही एसडीएम सगड़ी भी पहुंच गए पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया। बादमें लड़के की शिनाख्त राम पुत्र हरीनाथ उम्र लगभग 22 वर्ष ग्राम छीहीं छिछोरी थाना बिलरियागंज के रूप में हुई वह अपने भाई के ससुराल 2 फरवरी को साइकिल से मैंगापुर गया हुआ था घटना कैसे और क्यों हुई अभी उसकी जानकारी नहीं हो पाई है पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। लाश का पंचनामा बनाकर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



मौके पर जुटे प्रशासनिक अधिकारी व ग्रामीण

## सफाई के अभाव में बजबजा रही नालियां

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा सुदनीपुर के राजस्व गांव चकनुरी के लखनऊ बलिया मार्ग के किनारे फूलपुर तहसील मुख्यालय है। परंतु तहसील मुख्यालय के सामने नाली बजबजा रही है। वहीं ब्लाक मुख्यालय उदपुर ग्राम सभा में स्थित है परंतु यहां की नालियों के जाम होने के कारण गन्दा पानी ऊपर बजबजा कर बह रहा है। यहां पर सफाई कर्मियों की तैनाती तो की गयी है लेकिन वे कभी भी सफाई आदि नहीं करते। इस सम्बंध में सहायक बिकास अधिकारी पंचायत फूलपुर चन्द्र प्रकाश दुबे ने बताया कि गांवों से कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलते ही जांच कर कार्यवाही के लिए जिला पंचागत राज अधिकारी को पत्र लिखकर रिपोर्ट दे दी जाएगी।

## जल जीवन मिशन के लिए भूमि का करें चिह्नांकन

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार की देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जन प्राथमिकता के बिंदुओं पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। जल जीवन मिशन अंतर्गत भूमि उपलब्ध कराए जाने के संबंध में अभी भी विभिन्न तहसीलों में जमीन चिन्हित कर सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस पर जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम को जल्द से जल्द जमीन चिन्हित करके सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में जनपद की रैंकिंग 40 है, इस पर जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि तहसील दिवस में जो भी शिकायतें प्राप्त होती है, उसका तत्काल गुणवत्तायुक्त निस्तारण कराएं।

उन्होंने कहा कि तहसीलदार कोर्ट, नायब तहसीलदार कोर्ट में जो भी मुकदमे लंबित हैं, उसका निस्तारण तत्काल कराएं। रियल टाइम खतौनी में जो भी प्रकरण अवशेष है, उसे पूर्ण कराएं।

# मैराथन दौड़ से कैंसर के प्रति किया जागरूक

**आयोजन**

**कैंसर पुस्तिका का हुआ विमोचन**

जनसंदेश न्यूज



मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते उप सीएमओ डा.संजय कुमार।

**आजमगढ़।** विश्व कैंसर दिवस पर त्रिभुवन सेवक कैंसर ट्रस्ट ने लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मैराथन दौड़ का आयोजन किया जिसमें 107 बच्चों ने प्रतिभाग किया। दौड़ को उपसीएमओ डा.संजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी क्रम में फन रन में 138 बालकों ने हिस्सा लिया जिसे डॉ.राजेंद्र राजपूत प्राचार्य श्री दुर्गा जी पीजी कालेज चंडेश्वर ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। डॉ.राजेश तिवारी ने ह्यराहुल तुम आगाज करो, हम तुम्हारे साथ हैंह्न के नारों से युवाओं में जोश भरा।

मैराथन दौड़ तिवारीपुर से सिधारी तिराहा, शारदा चौक, रैदोपुर तिराहा होते हुए गांधी तिराहा, कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन, गिरिजाघर, शारदा तिराहा होते हुए पुनः तिवारीपुर में समाप्त हुई। ड्रीम रन में प्रदीप सुदर्शन चैहान ने प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि कैंसर के विरूद्ध इस मैराथन में हिस्सा लेना मेरे लिए गर्व की बात है। आने वाले अगले मैराथन में अवसर मिला तो हम पुनः जरूर दौड़ेंगे और युवाओं को भी जोड़ेंगे।

इसी क्रम में मुख्य अतिथि डा.सजय कुमार, डा.दीपक पांडेय, राजेंद्र राजपूत, राकेश पांडेय, राजेश तिवारी, विजय शंकर पांडेय, अर्चना ने कैंसर पुस्तिका का विमोचन किया। डा.पांडेय ने बताया कि कैंसर जागरूकता व जल्द निदान में आपको यह पुस्तिका काफी मददगार साबित होगी। कार्यक्रम आयोजक राहुल पांडेय ने कहा कि इसे हर घर पहुंचाने व समुचित जानकारी देने के लिए हमें स्वयंसेवकों की आवश्यकता है। कार्यक्रम की सफलता पर स्वयं सेवकों को भी मेडल दिया गया।

# अधिकारियों ने सुलझाया वर्षों से चला आ रहा जमीन विवाद

जनसंदेश न्यूज

**तरवा (आजमगढ़)।** पल्हना विकास खंड के ग्राम सभा अवनी में नागेंद्र मिश्र और भान सिंह के बीच वर्षों से चले आ रहे जमीनी विवाद को एसडीएम लालगंज और नायब तहसीलदार पंकज शाही ने सूझबूझ से सुलझा दिया।

उक्त दोनों पक्षों के बीच चक बंटवारे को लेकर वर्षों से विवाद चला आ रहा है। रविवार को एसडीएम लालगंज सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में नायब तहसीलदार पंकज शाही और पूरी राजस्व की टीम मौके पर पहुंची और चक मार्ग को निर्धारित किया।

दोनों पक्षों ने आपसी समझौते से दिए गए फैसले को स्वीकार भी किया। नागेंद्र मिश्रा ने यह शिकायत किया था कि उनकी जमीन में बरसों पहले सड़क निर्माण का कार्य किया गया था और उसे पिच रोड कर दिया गया जिससे उनका रकबा कम हो गया। उन्होंने अपने रकबे की पूर्ति को लेकर कोर्ट कचहरी का चक्कर भी लगाया। उन्होंने भान सिंह पर आरोप लगाया कि इनका रकबा ज्यादा है। सड़क सही नहीं बनी है। उसी को सीमांकन करने के लिए एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व की टीम मौके पर पहुंची और चक मार्ग का सीमांकन किया।



दोनों पक्षों को समझाते एसडीएम व तहसीलदार।

# वृद्धा की हत्या में दो गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना कप्तानगंज पुलिस ने खासबेगपुर में हुई वृद्धा की हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।बीते एक फरवरी को बेबी गिरी पुत्री कल्पनाथ गिरी ग्राम खासबेगपुर थाना कप्तानगंज ने लिखित तहरीर दिया था कि मेरी मां मालती गिरी पत्नी कल्पनाथ गिरि अपने घर खासबेगपुर में अकेली रहती थी जिसकी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर में चोट मारकर हत्या कर दी गयी है। उक्त मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश में थी। रविवार को मुखबीर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्तगण रोशन निषाद पुत्र बहादुर निषाद व नीरज निषाद पुत्र बलई निषाद निवासीगण ग्राम खासबेगपुर थाना कप्तानगंज को पासीपुर पुलिया से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।



कप्तानगंज थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

# गंभीर बीमारियों के इलाज में सहायक है होम्योपैथ

**प्रो.राजेंद्र सिंह**

**एचएल होमियो क्लीनिक का हुआ उद्घाटन**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** होम्योपैथ चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ जीवन चक्र को संचालित करने वाली एक विधा भी है। जिसमें सामाजिक सरोकारों का समावेश समाज और व्यक्तियों को निरोगी रहने का सरल और सुगम उपाय बताती है। आज के इस दौर में जब जीवन शैली का बदलाव हर दिन बीमारियों को आमंत्रित कर रहा है ऐसे में होम्योपैथ की तरफ बढ़ा हुआ कोई भी कदम सामान्य ही नहीं गंभीर बीमारियों के उपचार में भी सहायक साबित हो सकता है। उक्त बातें राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज आजमगढ़ के प्राचार्य प्रो.राजेंद्र सिंह राजपूत ने एचएल होमियो क्लीनिक के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त की। उन्होंने डॉ.सिद्धार्थ और डॉ.ज्योति खंडेलवाल के लिए उज्जवल भविष्य की शुभकामना व्यक्त करते हुए प्रोफेशन के साथ-साथ मानवता की सेवा करने का भी संकल्प लेने का संदेश दिया। नेशनल होम्योपैथिक काउंसिल के सदस्य डॉ.भक्तवत्सल ने कहा कि होम्योपैथ वह हुनर है जो अमीरी और गरीबी का भेद मिटा देती है। उन्होंने कहा कि आने वाला वक्त इस पद्धति को और मजबूत करने के साथ-साथ लोगों को मानसिक तौर पर होम्योपैथ से जुड़ने का आवाहन करेगा। जर्नलिस्ट क्लब के अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि होम्योपैथ अब सिर्फ मीठी गोली तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि अब इसकी पहचान उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा पद्धति में हो रही है। इस मौके पर डॉ.अशोक सिंह, देवेश दुबे, डॉ.नेहा दुबे आदि मौजूद रहीं। संचालन डॉ.सीजी मौर्य ने किया।



डॉ.ज्योति खंडेलवाल को सम्मानित करतीं डा.नेहा दूबे।

## संक्षेप

### डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

मऊ। रविवार को मऊ योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन की बैठक दो तहसीलों घोसी स्थित जेपी प्लाजा में घोसी व बडरॉव के ऑब्जर्वर अरविंद आर्य के नेतृत्व में बैठक हुई। साथ ही मधुबन के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर दोहरीघाट व फतेहपुर मंडाव ब्लॉक की बैठक सुरेन्द्र चैहान के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार द्विवेदी ने की। उपाध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा बताया की डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा जिले में योगासन खेल को लेकर एसोसिएशन बहुत ही गंभीरता से कार्य कर रही है हम जिले से योगासन के अच्छे खिलाड़ियों को तैयार करेंगे साथ ही एसोसिएशन द्वारा उनको सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। मीटिंग में विभिन्न ब्लाकों से योग और खेल से जुड़े शिक्षक उपस्थित रहे। जिसमें सचिव राजन वैदिक ने योगासन के क्षेत्र में हो रहे कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। युवा भारत राज्य प्रभारी एवं एसोसिएशन के सदस्य बृज मोहन ने बताया कि सभी शिक्षकों को योग से जोड़कर उनको युवा भारत द्वारा योग की विधिवत ट्रेनिंग दी जाएगी। आगामी 15 फरवरी से 25 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया जाएगा। एसोसिएशन द्वारा बडरॉव ब्लॉक का बृजेश पांडेय को कोऑर्डिनेटर व संतोष मौर्य को सब कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। अरविंद यादव को घोसी ब्लॉक का कोऑर्डिनेटर बनाया गया।



### ईओ साहब मच्छरों के आतंक से हम हैं परेशान

कोपागंज, मऊ। कस्बा क्षेत्रो में मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। शाम होते ही घरों में मच्छरों की भरमार हो जा रही है। नगर पचायत क्षेत्रों में कई महिनों से मच्छर मारने वाली दवा का छिड़काव नहीं किया गया है। लोगों की मानें तो मच्छरों के बचाव के लिए निजी इंतजाम नहीं किए जाए तो रात को सोना मुश्किल हो जाता है। मच्छरो से बचने के लिए लोग क्वाइल का प्रयोग कर रहे है ,जो स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। कोपागंज के लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग नाली नालो में व पानी एकत्रित हुए जगह पर दवा का छिड़काव कर दे तो क्षेत्रों से मच्छरों की संख्या काफी कम हो जाएगा। कस्बे में बने अधिकांश नालियां खुली हुई है। जिससे मच्छरो का भरमार हो जाता है। शाम होते ही घरों में मच्छर के काटने के कारण लोगों का बुरा हाल है। सरकार द्वारा मच्छरों को मारने की जिम्मेदारी नगर पचायत की है लेकिन पता नहीं वह किस विभाग के भरोसे बैठे है। ऐसे में कस्बे लोगों का खून रात-दिन मच्छर चूस रहे हैं इस कारण क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप दिन दूनी रात चैगुनी की दर से बढ़ रहा है। स्थिति ऐसी है कि कहीं पर भी कोई बैठे मच्छरों के कारण सकुन से बैठ नहीं सकता है। लेकिन मच्छरों को रोक थाम करने वाले नगर पचायत का कोई पता नहीं है। मच्छरों के प्रकोप से लोग बीमार हो रहे हैं कोई मलेरिया तो कोई अन्य मच्छर जनित बीमारियों कि चपेट में ले सकता है। कोपागंज नगर पचायत सभी लोगों ने अधिशासी अधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए दवा छिड़काव की मांग किया है।

### तीन दिन पहले हुई छिनैती मे पुलिस के हाथ खाली

**कोपागंज, मऊ।** क्षेत्र के कुथीजाफरपुर निवासी आयुष सिंह से फैजुल्लाहपुर के बिते बुधवार की देर रात करीब 10 बजे दो बाइक सवार चार बदमाशों ने मारपीट कर नगदी सहित मोबाइल व अन्य सामान लूट कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी अमित मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंचे। पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। आयुष सिंह घोसी के मझवारा स्थित हीरो मोटर कंपनी में गाड़ी फाइनेंस का काम करता है। देर रात पैसा कलेक्ट करने के बाद वह अपने घर आ रहा था। अभी वह फैजुल्लाहपुर के पास पहुंचा था कि सड़क पर बांस लगाकर दो बाइक सवार चार बदमाशों ने उसे रोक लिया। वह अभी कुछ समझ पाता कि बदमाशों ने उसके हाथ और सिर पर डंडे से प्रहार कर दिया। इससे वह घायल हो गया। बदमाशों ने 10 हजार नकदी, 30 हजार कीमत की मोबाइल और पांच हजार की घड़ी लूट लिए। इसी दौरान कोपागंज की तरफ से गौहरपुर निवासी कीमत सिंह अपने चार पहिया वाहन से आ रहे थे। वाहन की रोशनी देख बदमाश वहां से फरार हो गए। घायल आयुष ने कीमत सिंह को पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद कीमत सिंह की मोबाइल से ही डायल 112 को सूचना देकर स्वजन को इसकी जानकारी दी। देर रात पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर सामान बरामदगी की गुहार लगाई लेकिन 3 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच चल रही है, जल्द ही मामले का पदार्फाश होगा।

## कार्यकर्ता ही पार्टी की जानः ऋषि कांत राय

**संजरपुर (आजमगढ़)।** पवई लाडपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर रविवार की देर शाम सरायमीर भाजपा मंडल में मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। मुख्य अतिथि के रूप में लालगंज जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय व आजमगढ़ के संघ के कार्यवाहक निश्चल चंचल उपस्थित रहे। अध्यक्षता सरायमीर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुपम पाण्डेय तथा संचालन संदीप अस्थाना ने किया। कार्यक्रम में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बन्दे मातरम कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ऋषि कांत राय ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की जान होता है। कार्यकर्ता के बिना सब कुछ अधूरा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के अंदर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी के जितनी भी पदाधिकारी हैं सभी लोग अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए लोगों से ज्यादा से ज्यादा संपर्क बनाने का काम करें। बैठक में मंडल के पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष राम प्रकाश यादव, राम गोपाल विश्वकर्मा, शैलेश प्रजापति, बेचू यादव, एहतेशाम जैदी, नीरज मौर्या, चंद्रेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर रखें कड़ी निगरानी

**डीएम का निर्देश**

**परीक्षा केंद्र के एक किमी की परिधि में बंद रहेंगी फोटोकापी की दुकानें**

**खेतों की तरफ न खुली हों परीक्षा कक्ष की खिड़कियां**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की अध्यक्षता में शनिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2023 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने की तैयारी के संबंध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिया कि जो अति संवेदनशील एवं संवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, उसका कड़ाई से निगरानी रखेंगे। सेक्टर में तैनात किए गए अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित विद्यालयों में बाउंड्रीवाल, वॉइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर के साथ लगाए गए राउटर, परीक्षा केंद्र बनाए गए अलग डबल लॉक स्ट्रांग रूम, मूलभूत व्यवस्था, विद्युत, फर्नीचर, शौचालय, पंखों की व्यवस्था की जांच कर लें, यदि कहीं कोई कमी हो तो उसको पहले ही ठीक करा लें। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि पेपरों की हैंडलिंग संवेदनशीलता के साथ एसओपी के आधार पर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्त एसडीएम एवं खंड विकास अधिकारी परीक्षा के दौरान निरीक्षण करने जाएंगे तो निरीक्षण पुस्तिका पर हस्ताक्षर, दिनांक व समय का उल्लेख अवश्य करेंगे, यदि किसी परीक्षा केंद्र पर नकल की सूचना होती है तो अनुचित साधन नकल निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करेंगे। परीक्षा केंद्रों से एक किलोमीटर के अंदर समस्त फोटोकॉपी की दुकानें बंद रहेगी। डबल लाख स्ट्रांग रूम में कोई अधिकारी, कर्मचारी मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं करेंगे। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने एएसपी को निर्देश दिया कि समस्त परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कराएं, जिसमें यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा कक्ष की खिड़की खेतों की तरफ न खुले और बाउंड्रीवाल है कि नहीं आदि। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर जिस कमरे में परीक्षा नहीं चल रही होगी, उसको सील किया जाएगा। परीक्षा केंद्र के बाहर ही मोबाइल लॉक रूम बनवा लें, जिसमें कर्मचारियों का मोबाइल रखा जा सके। यदि कोई परीक्षार्थी बैग आदि सामान लेकर आते हैं, तो उसको रखवाने का स्थान सुनिश्चित करा लें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी जेपी सिंह, आईएएस प्रशिक्षु प्रखर कुमार सिंह, समस्त एसडीएम, डीआईओएस, बीएसए, समझ खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रूट मार्च कर पुलिस ने दिया शांति का संदेश



माहुल बाजार में रूट मार्च करती पुलिस।

**माहुल (आजमगढ़)।** संत रविदास जयंती पर रविवार को शांति और सौहार्द बनाए रखने हेतु क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। प्रभारी निरीक्षक अहरौला के नेतृत्व में पुलिस और पीएसी बल ने क्षेत्र की माहुल, निजामपुर, फुलवरिया आदि बाजारों में रूटमार्च कर शांति और सुरक्षा का संदेश दिया।

रविदास जयंती के अवसर पर एक तरफ जहा क्षेत्र के विभिन्न गावों में सुबह से ही पुलिस बल की तैनाती रही। वहीं दोपहर को पुलिस और पीएसी बल द्वारा बाजारों में किए गए रूट मार्च से हड़कंप की स्थिति रही। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक अहरौला योगेंद्र बहादुर सिंह ने जनता को संदेश देते हुए कहा कि जयंती को पूरे उत्साह और निडरता के साथ मनाने में पुलिस जनता के साथ खड़ी है। इसमें किसी भी प्रकार की खलल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस मौके पर सब इंस्पेक्टर धनराज सिंह, अभय सिंह, अक्षय कुमार, सुनील कुमार, सतेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बैंड बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

**मऊ।** नगर के तमसा तट के हनुमान घाट पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के स्थापना समारोह को भव्य बनाने के लिए मंदिर परिसर से रविवार को प्रातः 8 बजे से 151 महिलाओं द्वारा पंचांग पूजन व मंडप पूजन के पश्चात कलश यात्रा सज धज कर बैंड बाजा के साथ श्री हनुमान घाट से भजन कीर्तन व मंगल गीत गाते हुए धूम धाम से। टीसी आई मोड़ होते हुए आर्य समाज होकर बल्ली पुरा मोड़ से डीएवी बालिका विद्यालय होते हुए बंधा मार्ग से पुनः मंदिर तक जाकर मंडप पूजन किया गया। कलश यात्रा का नेतृत्व श्री सालासर भक्त मंडल तथा श्री हनुमत कृपा सेवा समिति तथा श्री सुंदर काण्ड पाठ परिवार के विजय तुलस्यान, दिनेश बरनवाल, डा राम गोपाल, रवि प्रकाश बरनवाल, आनंद गुप्ता व मंदिर समिति के प्रमुख कैलाश चंद जायसवाल के अगुआई में पूरा मोहल्ला का परिक्रमा किया। पूरे रास्ते हनुमान जी महाराज श्री लक्ष्मी नारायण जी श्री शीतला माता श्री दुर्गा श्री काली माता का जयकारा लगाते हुए हर हर महादेव का नारा लगाते चल रहे थे।



सबसे आगे मुख्य यजमान अंकित बरनवाल आशीष उमर प्रेम वर्मा दीपक जायसवाल आदि कलश व पुराण सिर पर धारण कर चलते हुए अदभुत शोभा बढ़ा रहे थे। स्थापना समारोह 12 फरवरी तक मनाया जाएगा। जिसमे आगामी 8 फरवरी को मूर्ति का नगर भ्रमण तथा मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा व 12 फरवरी को विशाल भंडारा और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अनंतर प्रति दिन सायंकाल अयोध्या धाम से आए हुए पूज्य किशोरी शरण जी महाराज द्वारा श्री राम कथा का श्रवण कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से योगेंद्र मौर्य, मनीष कुशवाहा, रवि प्रकाश, आनंद गुप्ता, अभिषेक शर्मा, पंचानन वर्मा, संजू सिंह, आशुतोष ओमर, दीपक जायसवाल, मनोज जायसवाल, ओम प्रकाश साहनी, सत्यजीत राय, रवि चैरसिया, अनिल शर्मा, दीपू बरनवाल, संजीव मद्धेशिया, तरुण कुमार, ओम प्रकाश पांडेय, मनोज जायसवाल, अजय गुप्ता समेत हजारों भक्त गण मौजूद रहे।

# न्याय पाने के लिए पत्रकारों ने बैठक कर बनाई रणनीति

**मऊ।** नगर क्षेत्र के एक प्लाजा में मऊ के पत्रकारों ने रविवार को दोपहर दो बजे एक बैठक की, जिसमें पत्रकारों के ऊपर हो रहे हमले एवं लग रहे फर्जी मुकदमों पर चर्चा की गई। बताते चलें विगत दिनों जिला चिकित्सालय मऊ के इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी से नदारद डॉक्टर सौरभ त्रिपाठी ने न सिर्फ पत्रकार की मोबाइल तोड़ दी थी बल्कि मारा, मोबाइल छीना और उल्टे पत्रकार के ऊपर ही फर्जी मुकदमा करा दिया। जिसके बाबत पत्रकार लगातार पुलिस एवं प्रशासन से लेकर सरकार तक अपनी मांग सोशल प्लेटफॉर्म एवं खबरों के अन्य माध्यम से पहुंचा रहे थे तथा मिलकर न्याय की गुहार लगा रहे थे। परंतु शासन प्रशासन द्वारा अब तक इस मामले पर कोई प्रभावी एवं संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई उल्टे मऊ पुलिस द्वारा पत्रकार के ऊपर न सिर्फ फर्जी मुकदमा पंजीकृत किया गया बल्कि दोषी डॉक्टर को बचाते हुए डाक्टर के ऊपर लगे गंभीर धारा को बिना जांच कराए और पीड़ित पत्रकार अमित चैहान का बयान लिए धारा कम कर दी गई। इतना ही नहीं डॉक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल जब जिला अस्पताल में तैनात और पत्रकार पर हमले का आरोपी सौरभ त्रिपाठी को लेकर पुलिस अधीक्षक मऊ से मिला तो पुलिस प्रशासन बकाएदे उनकी फोटो खींचकर पुलिस मऊ के सरकारी ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया तथा उन्हें मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत कानूनी सुरक्षा देने की बात कही। लेकिन पुलिस ने जो चिकित्सक समय चिकित्सा सेवा में नहीं था और पत्रकार का मोबाइल छीना और हेलमेट चलाकर मारा उस पर मऊ जिले की पुलिस ने ट्विटर पर कुछ भी कहना मुनासिब नहीं समझा तथा पुलिस मीडिया ग्रुप पर प्रचारित कर पत्रकारों को नीचा दिखाने का काम किया गया, जिसका सभी पत्रकारों ने एक स्वर में पुलिस की इस भूमिका पर विरोध व्यक्त किया। जिससे आहत पत्रकारों ने विगत 4 फरवरी को पुलिस अधीक्षक की प्रेस वार्ता का बहिष्कार कर दिया था। तथा रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरिद्वार राय की अध्यक्षता में एक बैठक कर आगामी रणनीति बनाई। ज्ञात हो कि इस मामले में कुछ पत्रकारों को पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि पुलिस अधीक्षक महोदय पत्रकारों से मिलकर भी वार्ता करना चाह रहे हैं। जिसके क्रम में यह तय हुआ कि दिनांक 7 फरवरी दिन मंगलवार को 10 सदस्यीय पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक मऊ से मिलेगा तथा आगे की जो भी रणनीति होगी उसी दिन उस पर विचार किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए हरिद्वार राय ने कहा कि आगामी समय में पत्रकारों को भी अपनी मयार्दा में रहने के लिए एक फोरम बनाया जाएगा तथा पत्रकारों के हित, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के सम्मान पर चोट पहुंचाने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से नागेंद्र राय, वेद मिश्रा, रजनीकांत पांडेय, संजय राय, ब्रह्मानंद पान्डेय, सूर्यकांत त्रिपाठी, आशुतोष चतुर्वेदी, आनन्द कुमार, श्री राम जयसवाल, दुर्गाकिंकर सिंह, विनोद सिंह राहुल सिंह, हरिओम राय, रामनरेश पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## संक्षेप

### दहेज हत्या के आरोप में 2 आरोपी व आरोपिता गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना कछवां, मीरजापुर पर शनिवार को वादी रविशंकर पाठक पुत्र अवधनारायण निवासी सारीपुर थाना औराई भदोही द्वारा नामजद के विरुद्ध बावत की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जान से मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना कछवां पर धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/ 4 डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कछवां को निर्देश दिये गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0 अमरनाथ यादव मय टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना कछवां क्षेत्र से नामजद आरोपी योगेश कुमार दुबे पुत्र स्व0अवधेश दुबे सुषमा दुबे पत्नी स्व0 अवधेश दुबे निवासीगण भैंसा थाना कछवां मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### गंभीर रूप से घायल करने का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना लालगंज मीरजापुर पर 05 जून 2022 को शिवकुमार पुत्र रविनन्दन निवासी रेचकारी थाना लालगंज मीरजापुर द्वारा नामजद के विरुद्ध लाठी-डंडा से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना लालगंज पर धारा 147,148,308,323,504 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। रविवार को उ0नि0 शिवजी सिंह मय पुलिस बल द्वारा आरोपी राकेश पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी रेचकारी थाना लालगंज मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### बाइक सवार को ट्रैक्टर ने मारा धक्का, तीन घायल

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के जासा बघौरा गांव के पास बाइक सवार को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया। घटना में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि जासा बघोरा निवासी बाइक सवार हरिशंकर प्रजापति उम्र 52 वर्ष अपने बहू कमला देवी उम्र 32 वर्ष और बेटी रेखा देवी उम्र 25 वर्ष के साथ बाजार में कपड़ा खरीदने के लिए गए थे। जहां से वापस आते समय ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों का उपचार मंडलीय अस्पताल में किया जा रहा है, जहां पर दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### कार की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर

**मीरजापुर।** चुनार कोतवाली क्षेत्र के भुवालपुर निवासी शनि सिंह पुत्र मुन्ना सिंह बाइक से मगरहां से की तरफ से चुनार जा रहा था चुनार से कछवां की तरफ तेज गति से अनियंत्रित होकर जा रहे कार सवारों ने टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोर मारा कि कार के स्टेरिंग साइड का अगला चक्का भ्रष्ट हो गया। शनि गंभीर रूप से घायल हो गया। वही टक्कर मारने के बाद कार चालक रिंग पर ही कार चला कर भाग निकला। स्थानीय राहगीरों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को देते हुए कछवां थाना प्रभारी को दिया। कछवां एसओ राम स्वरूप वर्मा ने तत्काल एक्शन लेते हुए सभी चौकी प्रभारी व पुलिस को भाग रही कार को पकड़ने के लिए निर्देश दिए। एस ओ खुद रोड पर आकर कछवां अस्पताल के पास से कार को रुकवा कब्जे में लेकर चुनार पुलिस को सूचना दिया। घायल शनि को परिजनों ने वाराणसी अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज किया चल रहा है।

### वाहन की चपेट में आने से युवक घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैरहर पचोखर गांव निवासी 25 वर्षीय बाइक चालक युवक दूसरे वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है। लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कला चौकी अंतर्गत बैरहर पचोखर गांव निवासी युवक सीताराम पुत्र रघुवर अपनी बाइक से किसी काम से जा रहा था दुबार कला गांव के पास दूसरे वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां से बेहतर उपचार के लिए चिकित्सक डॉ पंकज ने मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# विन्ध्यधाम में लाखों भक्तों ने लगाई हाजिरी

**माघपूर्णिमा**

## गंगा स्नान के बाद मंदिर पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

जनसंदेश न्यूज




गंगा स्नान व दर्शन को उमड़े भक्त

**मीरजापुर।** माघ पूर्णिमा तिथि पर रविवार को आदि शक्ति जगत जननी मां विंध्यवासिनी माता दरबार में श्रद्धालुओं से पटा रहा। भोर में मंगला आरती के बाद से शुरू हुआ दर्शन और पूजन का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। आस्थाधाम स्थित गंगा घाटों पर भोर से ही स्नान और दान कर लोगों ने पुण्य का लाभ कमाया।

स्नान करने के बाद श्रद्धालु विभिन्न गलियों के रास्ते सीधे मंदिर की ओर पहुंच रहे थे। धाम की समस्त गलियां माता के जयकारे से गूंज रही थी। विंध्य दरबार में पहुंचे नर नारियों ने विधिवत दर्शन पूजन कर मंगल कामना की, घंटा, घड़ियाल, शंख व पहाड़ा वाली के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर देवीमय हो रहा। माघ मास के पूर्णिमा तिथि पर जगत जननी मां विंध्यवासिनी देवी के पावन दरबार में आए आस्थावानों ने नारियल, चुनरी, माला फूल व प्रसाद चढ़ाकर देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मां का गुड़हल, गुलाब पुष्पों सहित रजतमणि आभूषणों से किया गया भव्य श्रृंगार के बीच मां का दर्शन पाकर भक्तजन भाव विभोर उठे।

देवी धाम पहुंचने के बाद किसी ने झांकी से तो किसी ने गर्भगृह में पहुंचकर दर्शन पूजन किया। दर्शनोपरांत भक्तों ने मंदिर के उपर गुंबद व हवन कुंड की परिक्रमा कर पुण्य के भागी बने। इसी क्रम में भक्तों ने मंदिर में विराजमान महाकाली, मां दुर्गा, पंचमुखी महादेव, मां सरस्वती देवी, मां शीतला, महालक्ष्मी, दक्षिण मुखी हनुमान, राधा कृष्ण, अन्यपूर्णा देवी, बटुक भैरव सहित अन्य मंदिरों में जाकर शीश नवाया। माघ मास के पूर्णिमा तिथि पर बड़ी संख्या में देवी धाम दर्शन पूजन करने के बाद भक्तों ने पहाड़ पर विराजमान मां काली व मां अष्टभुजा देवी दरबार में जाकर पूजन अर्चन कर मंगल कामना की गई। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पंडा समाज एवं पुलिस बल के साथ पीएसी के जवान मुस्तैद रहें।

### दो लाख भक्तों ने मां शीतला के दरबार में हाजिरी लगाई

**मीरजापुर।** माघ पूर्णिमा के अवसर पर अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता के दरबार में लगभग दो लाख श्रद्धालु मां के डेवढ़ी पर मत्था टेक आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओ ने गंगा स्नान के पश्चात कढ़ाई चढ़ा कर पूड़ी, हलुआ, गुलगुला, आदि प्रसाद बनाकर मां शीतला को भोग लगाया। इस दौरान मां के जयकारे से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सीओ चुनार उमाशंकर, कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन, चौकी प्रभारी एसआई जयदीप सिंह आदि ने मय पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। मेला परिसर में नारियल चुनरी लाचीदाना, लड्डू आदि की दुकानें सजी रही। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में मुंडन संस्कार भी कराया। सीखड़ क्षेत्र में माघ पूर्णिमा के अवसर पर मंदिरों में अखंड रामचरित मानस पाठ का अयोजन किया गया। माघ पूर्णिमा के अवसर पूर्व प्रधान भुवालपुर प्रभुनाथ त्रिपाठी ने विट्ठलपुर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कराया साथ ही अखंड रामचरित मानस का अयोजन किया। इस दौरान प्रधान मनोज तिवारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# जुआ खेल रहे 16 जुआरी गिरफ्तार



पकड़े गये जुआरी

**मीरजापुर।** अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ व जुआरियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को शहर पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 16 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मिश्र थाना को शहर मय पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र मे भ्रमणशील थे कि जरिए मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र से 16 आरोपियों राजेन्द्र पुत्र स्व0शर्मानन्द शर्मा मुन्नू लाल पुत्र हरिश्चन्द निवासीगण बड़ी माता इमली महादेव थाना को शहर मीरजापुर, महेश यादव पुत्र लक्ष्मण यादव निवासी मछली का पुल घंटाघर थाना कोशहर, रवि पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी गजाधर की गली थाना कोकटरा मीरजापुर, कुलदीप सिंह पुत्र स्व अमर सिंह निवासी मालवीय नगर मकरी खोह थाना कोकटरा मीरजापुर, रोहित कसेरा पुत्र रमेश निवासी भटवा की पोखरी थाना को कटरा मीरजापुर, वीरू गुप्ता पुत्र बाबू नन्द निवासी गुरूहट्टी बाजार थाना को कटरा मीरजापुर, मनोज कसेरा पुत्र राजेन्द्र निवासी बेलखरिया थाना को कटरा मीरजापुर, सचिन कुमार पुत्र स्व0 रूपचन्द्र मीरशाह की गली कदमतर थाना को शहर मीरजापुर, जाहिद अहमद पुत्र रसूल अहमद निवसी बुन्देलखण्डी अल्पना सिनेमा के पास थाना को कटरा मीरजापुर, विनय सोनी पुत्र अमरनाथ निवासी भैरोनाथ की गली थाना कोशहर मीरजापुर, मोहम्मद अन्सारी पुत्र नूर मोहम्मद निवासी पक्की सराय थाना कोशहर मीरजापुर, बाबू लाल पुत्र बालमुकुन्द निवासी महुवरिया थाना को कटरा मीरजापुर, लालू पुत्र स्व0 ससरूद्दीन निवासी नारघाट थाना कोशहर मीरजापुर, मठल्लू पुत्र बच्चा लाल निवासी गैबीघाट थाना कोशहर मीरजापुर व फिरोज पुत्र अरशद निवासी रमईपट्टी थाना कोशहर मीरजापुर को गिरफ्तार कर जमातलाशी से 7795/- नगद, मालफड़ से 4000/- रू0 व 52 ताश के पत्ते बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को शहर पर जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रेतर विधिक कार्यवाही की गई।

### भाजपा मण्डल कार्य समिति की बैठक सम्पन्न

**मड़िहान।** तहसील क्षेत्र के दीपनगर स्थित बहुउद्देशिय भवन में भाजपा मण्डल अध्यक्ष मड़िहान वीरेंद्र कोल की अध्यक्षता में रविवार दोपहर 3 बजे भाजपा मण्डल कार्य समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष व मण्डल प्रभारी दिनेश सिंह ने डाटा प्रबंधन पर चर्चा करते हुए उपस्थित सभी बूथ अध्यक्षों को बताया की कभी भी कोई भी कार्यकर्ता पार्टी को गलत डाटा नही देगा जो है वही बताइये। बैठक में मण्डल महामंत्री राजकुमार दुबे व जितेंद्र सिंह, जिलापंचायत सदस्य मनीष सिंह, अखिलेश सिंह, बसन्तलाल दुबे, नंदू मौर्या, विजय पटेल, अलोक सिंह, भौकाली सिंह, राकेश कुमार, रामसभा पटेल, समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।









# ओदार गांव में धूमधाम से मनी संत रविदास जयंती

**उमड़ा हुजूम**

### संत रविदास ने कर्म को माना प्रधान

जनसंदेश न्यूज


जयंती समारोह को संबोधित करते अतिथि

**घोरावल।** क्षेत्र के ओदार गांव में रविवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम से मनायी गयी। हजारों की तायदाद में शरीक लोगों ने आकर्षक झांकियों एवं मेले का लुत्फ उठाया। मुख्य अतिथि सन्तोष कुमार गौतम ने सन्त शिरोमणि की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जाति, धर्म से ऊपर उठकर सबको समान भाव व आदर का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि बुद्ध मित्र मुसाफिर ने सन्त शिरोमणि को विश्व का महानतम सन्त बताया और उनके द्वारा कहे गए एक एक शब्द पर गम्भीरता से विचार करने की अपील की।

पूर्व विधायक परमेश्वर दयाल एवं रूबी प्रसाद ने कहा कि सन्त शिरोमणि हमेशा ऊंच नीच की भावना रखने वालों का विरोध किया। वे कहा करते थे कि मनुष्य जाति नही बल्कि कर्म से नीच होता है। घमण्ड, ईर्ष्या, पाखण्ड करने वालों में नही बल्कि इंसानियत कायम करने वालों के दिलों में ईश्वर का वास होता है। इस मौके पर मोहन कुशवाहा, श्याम बिहारी यादव, इनामुल हक अंसारी, नन्द लाल आर्या, शांति प्रकाश, अमृत लाल भारती, भगवान दास भारती, राम बचन कन्नौजिया, सुरेश भारती, रामपति, विद्यासागर आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सीताराम एवं संचालन राजेन्द्र भारती ने किया।

## सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

**ओबरा।** स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा सड़क सुरक्षा पर संगोष्ठी, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय में रसायन शास्त्र के प्रोफेसर डॉ. किशोर कुमार सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी छात्र-छात्राओं का यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने का आवाहन किया। डा. संतोष कुमार सैनी ने यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों, संकेत चिन्हों पर प्रकाश डालते हुए रैली, नुक्कड़ नाटक, विभिन्न प्रतियोगिताओं, पंपलेट, पोस्टर, सोशल मीडिया माध्यमों से आम जनमानस में इनका व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करने पर बल दिया। इस दौरान सड़क सुरक्षा पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। निबंध प्रतियोगिता में गरिमा सिंह एवं एवं खुशबू रानी केसरी वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में गरिमा सिंह एवं सानिया फैयाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस मौके पर डा. विभा पांडेय, डा. महीप कुमार, प्रमोद कुमार केसरी आदि मौजूद रहे।

# धर्मराज, दिव्या व प्रदीप्ति को मिला बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड


सम्मानित छात्रों के साथ शिक्षक

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी के आवासीय परिसर स्थित संत जोसेफ स्कूल में बारहवीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना नृत्य के साथ हुई जिसे क्रिसलिन, अनन्या, अदिति, तृषा आदि द्वारा प्रस्तुत किया गया। उसके बाद भाग्योदय, आयुष व टीम ने नृत्य द्वारा अपनी भावनाओं का प्रस्तुतिकरण किया। अर्पिता, तृषा, कामिल, आदिल, शांतनु ने नृत्य के माध्यम से मोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित सभागार को तालियां बजाने को विवश कर दिया। वहीं धर्मराज, प्रदीप्ति तथा दिव्या कुमारी को सत्र का बेस्ट स्टूडेंट चुना गया एवं स्लैश तथा क्राउन पहनाकर प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य, सिस्टर ग्रेसी तथा शिक्षिका अन्नू विल्सन द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। टैलेंट हंट प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानाचार्य ने मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान किया। फादर आचीबाल्ड डिसिल्वा ने विदा हो रहे विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य तथा आगामी बोर्ड परीक्षा की शुभकामनाएं दी। संचालन जिम्मी थॉमस के नेतृत्व में छात्रों सृजन, अद्दजा, साँची, दैदिव्य, हिमांशु व टीम ने एवं संयोजन अमन चौहान, आदर्श, अर्पिशा व आर्यन ने किया।

## संक्षेप

### डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का जनपद प्रवास आज



**सोनभद्र।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक का सोमवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। डिप्टी सीएम का सुबह 11.45 बजे हिन्दुवारी तिराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जायेगा। उसके बाद अपरान्ह 12.30 बजे जनपद एवं सत्र न्यायालय राबर्ट्सगंज में आगमन होगा तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। दोपहर बाद 3.00 बजे कोन ब्लाक के ग्राम पंचायत चांचीकला में जयप्रकाश चतुर्वेदी द्वारा आयोजित महालक्ष्मी यज्ञ, वनवासी आदिवासी सम्मेलन एवं दिव्यांगजन-वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में शामिल होंगे। 3.45 बजे ग्राम व पोस्ट चतरवार में आचार्य दिलीप कृष्ण भारद्वाज के पिताजी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करेंगे। सायं 5.15 बजे जनपद के जनप्रतिनिधियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 6.50 बजे सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे व रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दी।

### योग शिविर में सैकड़ों ने किया योगाभ्यास

**सोनभद्र।** पतंजलि युवा भारत के तत्वाधान में रविवार को जमूआंव गांव स्थित सोनभद्र कोचिंग सेंटर के प्रांगण में युवा भारत जिला महामंत्री योगी संकटमोचन एवं योग शिक्षिका अर्चना द्वारा एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल के साथ ही योग में निपुण बनाना है, ताकि योग के माध्यम से भी बच्चे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना तथा अपने परिवार के साथ-साथ देश का नाम रोशन कर सकें। शिविर में सैकड़ों की संख्या में बच्चे व उनके माता-पिता ने योग अभ्यास किया। शिविर में बच्चों के लिए योग से सम्बंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया एवं सही उत्तर देने वाले बच्चों को ईनाम देकर सम्मानित किया गया। शिविर में वरुण, अभय मौर्या, स्वीटी वर्मा, खुशी वर्मा, रवि मौर्य, राज गुप्ता, चंदन, संस्कार, ऋतुराज, अनिल वर्मा, कामेश्वर मौर्य, दिनेश मौर्य, राकेश गुप्ता, गणेश, अर्पिता, विशाल समेत सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया।

### सब्जी दुकान में लगी आग, अफरा तफरी

**रेणुकूट।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार की रात अज्ञात परिस्थितियों में सब्जी की दुकान में आग लग गई, इससे हड़कंप मच गया, सूचना पर प्रशासन भी दमकल लेकर पहुंचा मगर तब तक स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप सब्जी की दुकान लगाने वाले गणेश गुप्ता शनिवार की रात 10 बजे अपनी दुकान बंद करके बाजार में स्थित सब्जी मंडी के समीप अपने निवास पर चले गए थे, रात लगभग 10:30 बजे कुछ लोगों ने जब सब्जी की दुकान से धुआं उठते देखा तो आग लगने का शोर मचाने लगे। हल्ला गुल्ला होने पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुंचे और पानी लेकर दुकान के अंदर डालने लगे। स्थानीय प्रशासन भी दमकल के साथ मौके पर पहुंच आग को पूरी तरह से बुझाया।

### शातिर चोर गिरफ्तार

**अनपरा।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को पुलिस ने चोरी के मामले में एक इनवर्टर के साथ हरिओम भारती उर्फ दीपू पुत्र रामअधार, निवासी पश्चिम परासी, अनपरा को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

### एक वारंटी गिरफ्तार

**दुद्धी।** कोतवाली पुलिस ने रविवार को एक वांछित वारंटी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि ओम प्रकाश यादव पुत्र रामप्रसाद निवासी सरडीहा को कोतवाली के एसआई दिग्विजय सिंह ने गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि न्यायालय से आरोपी के ऊपर वारंट जारी था।

### दो किलो दो सौ ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**करमा।** मादक पदार्थों की तस्करी व तस्करों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को पुलिस द्वारा अश्वनी कुमार उर्फ विक्की पुत्र शम्भू राय, निवासी करमा के कब्जे से 2 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद कर संगत धाराओं में चालान कर दिया।

# झोपड़ी उजाड़ने से आक्रोश धरने पर बैठा पीड़ित परिवार

**रेणुकूट।** शिवापार्क इलाके में झोपड़ी उजाड़े जाने से नाराज पीड़ित परिवार रविवार को धरने पर बैठ गया। मुआवजा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होने तक धरने पर बैठने की चेतावनी दी। समर्थन में पहुंचे समाजसेवियों ने भी पूरे घटना की कड़ी निंदा की और जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल मदद किए जाने की मांग की। बीते गुरुवार को अदालत के आदेश पर निजी कंपनी को कब्जा दिलाने पहुंची पुलिस द्वारा प्रतिवादी के पड़ोसी परिवार का घर ढहाए जाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। घर गिराए जाने की वजह से पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रह रहा है। परंतु अब तक न तो प्रशासन की ओर से और ना ही निजी कंपनी की ओर से पीड़ित परिवार को किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिल सका है जिससे लोगों में आक्रोश है।

रविवार को पीड़ित परिवार सड़क पर ही धरने पर बैठ गया। सूचना पर मौके पर पहुंची नगर पंचायत अध्यक्ष निशा सिंह ने पीड़ित परिवार को पूरी मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनका इस मामले में पूरा सहयोग किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष के आश्वासन के बाद पीड़ित परिवार मान गया। अधिवक्ता जेपी सिंह ने कहा कि निजी संस्थान का रवैया शुरू से ही आम लोगों के प्रति उत्पीड़नात्मक ही रहा है।

संस्थान द्वारा कई मुकदमे दुकानदारों पर थोपे गए हैं जो बिल्कुल उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार मुख्यमार्ग से 110 फीट तक की जमीन पीडब्ल्यूडी की ही रहती है। इसके बावजूद निजी कंपनी द्वारा आए दिन जमीन विवाद के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जबकि व्यापारी कई दशक से इन जमीनों पर रह रहे हैं। भाजपा सभासद राज वर्मा ने भी मामले में जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की मांग करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

## प्रयागराज ने हिन्डाल्को को 6 रनों से हरा सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**म्योरपुर।** खेल मैदान पर चल रहे 19 वें अन्तर्राज्यीय क्रिकेट टूनार्मेंट में रविवार को इलाहाबाद व हिन्डाल्को के बीच खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए इलाहाबाद की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 164 रन बनायी। हिन्डाल्को को मैच जीतने के लिए 165 रनों लक्ष्य दिया। इलाहाबाद की तरफ से आकाश ने 20 गेंद पर 33 रन बनाया एवं नीरज 24, लवकुश ने 18 रनों की पारी खेली। रनों का पीछा करने उतरी हिन्डाल्को के बल्लेबाज शक्ति ने 36 रन व रवि ने 32 की पाली खेली लेकिन हिंडाल्को की टीम 9 विकेट के नुकशान पर 158 ही बना सकी। प्रयागराज की ओर से आजम ने 3 विकेट लिया। अच्छी गेंदबाजी करने व जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए आजम को मैन ऑफ द मैच का इनाम दिया गया।

# नौकरी, सम्मानजनक वेतन के लिए आंदोलन की बनेगी रणनीति

**अनपरा।** मोदी सरकार का बजट कारपोरेट परस्त और मजदूर विरोधी बजट है, इस बजट में कारपोरेट घरानों के लिए पूंजीगत व्यय के नाम पर 10 लाख करोड़ आवंटित किया गया है और उन्हें टैक्स में भी छूट प्रदान की गई है, जबकि ठेका प्रथा का उन्मूलन कर सबको पक्की नौकरी देने, पुरानी पेंशन को बहाल करने, आंगनबाड़ी, आशा, मिड डे मील जैसे स्कीम वर्कर्स को सम्मानजनक मानदेय देने, ठेका मजदूरों को 24000 रुपए न्यूनतम वेतन देने जैसी लोकप्रिय मांगों पर विचार ही नहीं किया गया। इतना ही नहीं लोगों की जिंदगी में खुशहाली लाने वाले सामाजिक सुरक्षा के मद शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि विकास जैसे क्षेत्रों में बजट का आवंटन घटा दिया गया है, जिस पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना का बड़ा प्रचार किया गया है उसमें भी कोई धन सरकार ने आवंटित नहीं किया। यह बातें ठेका मजदूर यूनियन की जिला कमेटी की वर्चुअल बैठक में श्रम बंधु और वर्कर्स फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष दिनकर कपूर ने कही। बैठक में प्रस्ताव लेकर कहा गया कि वर्तमान मोदी सरकार सबसे बड़ी मजदूर विरोधी सरकार के रूप में सामने आई है. मजदूरों के अधिकार के लिए बने 44 श्रम कानूनों को खत्म कर इस सरकार ने मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड संसद से पारित किए हैं। यही नहीं काम के 8 घंटे को खत्म कर 12 घंटे करने पर यह सरकार आमादा है। इस सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का पदार्फाश करने के लिए मजदूरों में बड़ा अभियान चलाया जायेगा। बैठक में पक्की नौकरी, सम्मानजनक वेतन और बेहतर जीवन के सवाल पर 26 फरवरी को पिपरी में ठेका मजदूर यूनियन का जिला सम्मेलन करने का निर्णय हुआ। बैठक में राजेश सचान, नौशाद, मोहन प्रसाद, तीरथ राज यादव, मसीदुल्ला अंसारी, मोहम्मद सलीम, विनोद यादव, जमुना यादव, अरविंद कुमार, राजेंद्र बैठा आदि मौजूद रहे।

## मछली लदी पिकअप पलटी, चालक की मौत

**रेणुकूट।** पिपरी थाना क्षेत्र के डोंगियानाला के समीप रिहंद बांध से मछली लेकर चंदौली के लिए निकली पिकअप चढ़ाई पर बैक होकर पलट गई, इस हादसे में चालक की वाहन से दबकर मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। चंदौली के खुदरा गांव निवासी बादल पुत्र रामबचन यादव अपने चाचा मनोज के साथ स्थानीय रिहंद बांध की केज कल्चर परियोजना से निकासी हुई मछली खरीद कर निकला था कि इस दौरान सीधी चढ़ाई होने के कारण वाहन चढ़ाई नहीं चढ़ सका और बैक जाने लगा। वाहन को पीछे जाता देख कर चालक बादल वहां से कूदकर जान बचाने का प्रयास किया, मगर तब तक वह उसी की चपेट में आ गया और वाहन पलटने से वह दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।







# हर घर नल से जल व पीएम आवास योजना में की गई है बढ़ोत्तरी

**बोले अरुण सिंह**

## बजट में हर वर्ग का रखा गया है ख्याल

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** भाजपा जिला कार्यालय के प्रेस सभागार में राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सदस्य अरुण सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता किया। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव आये हुए सभी पत्रकार बंधुओं का अभिनन्दन करते हुए 2023-24 के बजट को समावेशी बजट बताया और यह भी कहा कि सभी लोग बजट की प्रशंसा कर रहे हैं। इस बजट के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी गरीबों को शीघ्र प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत आवास मिले। 3 करोड़ 70 लाख से अधिक मकान स्वीकृत हो चुके हैं लगभग 02 करोड़ 80 लाख मकान बन चुके हैं। और इस बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 66 प्रतिशत के लगभग 79 हजार करोड़ रुपये भारी भरकम बजट दिया गया। प्रधानमंत्री का मिशन यह कि प्रत्येक गरीब के पास पक्का मकान हो, पीने के लिए शुद्ध जल हो। आज 06 करोड़ 29 लाख से अधिक से अधिक घरों में जल जीवन योजना के माध्यम से हर घर नल से जल पहुँचाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बजट में हमारी सरकार ने जैविक खेती को बढ़ावा दिया है। किसानों के लिए प्रधानमंत्री ने कई अन्य योजनाओं हेतु अलग से बजट दिया। रक्षा के क्षेत्र में डिफेंस कॉरिडोर के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के रक्षा उपकरण व रक्षा वाहन का निर्माण किया जा रहा है।

जिसका भविष्य में निर्यात भी किया जायेगा। मोबाईल व इलेक्ट्रिक खिलौने आज देश में बन रहे हैं और उसका निर्यात भी किया जा रहा है। टेक्सटाइल पार्क, फार्मास्यूटिकल पार्क समेत अन्य पार्कों के माध्यम से विदेशों को सामग्री भेजी जा रही है। विन्ध्य कारीडोर का कार्य बहुत तेजी से कार्य पूरा हो रहा है एवं केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, रमाशंकर सिंह पटेल, विधान परिषद सदस्य श्याम नरायन सिंह ( विनीत सिंह) एवं भाजपा जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दी।



पत्रकारों से वार्ता करते राष्ट्रीय महासचिव

## 16 सौ छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र का किया गया वितरण

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के अंतर्गत हथेडा गाँव में मां विंध्यवासिनी जन कल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान में शनिवार को कंप्यूटर, सिलाई आदि का प्रशिक्षण देने के बाद संस्था के सीईओ राहुल सिंह व अन्य सहयोगी जगदीश विश्वकर्मा तथा मुख्य अतिथि हलिया मंडल अध्यक्ष पंकज सिंह के कर कमलों से प्रमाण पत्र का वितरित किया गया। प्रमाण पत्र पाते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। अजय कुमार निवासी मवयी ने बताया कि कम समय में प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के प्राप्त होने से जाब का अवसर मिलेगा। अनुराग मौर्य निवासी मवयी कला ने बताया कि बी फार्मा कर रहा हूँ संस्था के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त कर कम्यूटर में जाब करने का मौका मिलेगा। मंडल अध्यक्ष हलिया पंकज सिंह चदेल ने बताया कि सरकार वेरोजगारों को रोजगार देने के लिये संस्थान के माध्यम से कम समय में प्रशिक्षण दिला कर बेरोजगार युवकों को रोजगार का अवसर के लिये सहयोग कर रही है। इस मौके पर हरिशंकर तिवारी, ज्ञानेन्द्र सिंह, विभूति नारायण सिंह उर्फ भैया, सूर्य कुमार सिंह आदि लोग रहे।

## तालाब की जमीन पर चला बुलडोजर


तालाब से अतिक्रमण हटवाने के दौरान तैनाते पुलिसकर्मी

**जिगना।** विकासखंड छानबे में रविवार को जिगना थाना अंतर्गत ग्राम सभा बसंत पट्टी में एक तालाब के भीटे पर अवैध कब्जा हटाने को लेकर बाबा का बुलडोजर गरजा और अवैध निर्माण को प्रशासन की मौजूदगी में ध्वस्त किया गया। जिससे अवैध कब्जा धारकों में हड़कम्प मच गया। आपको बता दें ध्वस्ती करण के दौरान एक विधवा औरत रोते-रोते बेहोश हो गई।

हालांकि उसका कहना था पति का साया तो पहले से उठ गया है। लेकिन आज योगी सरकार ने हमें घर से भी बेघर कर दिया। यह दर्दनाक मंजर देखकर हर किसी की आंखों में आंसू छलक रहा था। लेकिन हाईकोर्ट प्रयागराज के आदेश पर तालाब के भीटे को खाली कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

गांव के ही केवला शंकर बिंद और नन्हे बिंद ने तालाब को खाली करवाने का प्रार्थना पत्र दिया था। नायब तहसीलदार लालचंद राम, कानूनगो श्रीकांत सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल शशि कांत उपाध्याय, जिगना थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय अपने पूरे दलबल के साथ मौजूद रह कर तालाब के भिटे पर बने हुए मकान को खाली कराया।

## तीन न्यू पीएचसी पर कुल 207 मरीजों का किया गया उपचार

**हलिया।** नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में रविवार को कुल 207 मरीजों का उपचार किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में कुल 65 मरीजों का चिकित्सक के द्वारा उपचार कर दवा वितरित किया गया जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में कुल 73 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में उपचार के लिए आये कुल 69 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया है। जिसमें कुपोषित बच्चा बाबू तथा अन्य मरीजों में अनिल बालमुकुंद रजनी लालती अरुण कुमार बुद्धिमान संपत्ति को दवा वितरण के साथ इलाज किया गया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बुखार, मलेरिया, खांसी, सुगर, बीपी सहित अन्य रोगों के मरीजों का उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.कामेश्वर तिवारी ने औक्षक निरीक्षण किया है। इस दौरान चिकित्सक डा.अभिषेक जायसवाल, डॉ रीना बीसीपीएम अनिल कुमार, एलटी राकेश कुमार, बैजनाथ, दशरथ, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्ट्री

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डा. विनोद कुमार
सा. 6/174 ए-बी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160
www.sarthaksurgicalcentre.co.in e-mail : vinod_sarthak21@rediffmail.com



सृजन काशी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रा. लि.
डॉ. अमित कुमार सिंह
जनरल फिजिशियन
डॉ. प्रतिमा सिंह
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
समस्त प्रकार के कैंसर का इलाज ICU, BIPAP, NICU, CPAP PICU
•मेडिसिन विभाग •सर्जरी विभाग •बाल रोग विभाग •स्त्री रोग विभाग
•यांझपन विभाग •आर्थोसर्जरी विभाग •यूरोलॉजी विभाग •हृदय रोग विभाग
24 आपातकालीन और एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
मो0 नं0-9936440494
9622125887

## हजरत अली अलैहिस्सलाम इब्ने आबू तालिब की मनाई गई जयंती

**मीरजापुर।** हजरत मोहम्मद साहब के भाई उत्तराधिकारी हजरत अली अलैहिस्सलाम इब्ने आबू तालिब की जयंती 13 रजब को शिया समुदाय के लोगों ने मनाया। इस अवसर पर चेतगंज स्थित स्वर्गीय डॉ सैयद मुज्तबा हुसैन रिजवी के आजा खाना सानिया जहरा में आयोजित महफिल में शिया समुदाय के लोगों ने अशआर (कलाम) पढ़ा। महफिल पढ़ने वालों में प्रमुख रूप से सैयद मासूम रजा हुसैन, सय्यद सरवर हुसैन अल्फिशानी आलम आना रिजवी आदिल जैदी, अली अख्तर,अली अब्बास, अली अहमद बेग रहे। बाद महफि ल जुलूस निकला जो अपने रास्तों से होता हुआ चेतगंज बली का अड्डा इमामबाड़ा होता हुआ कर्बला पहुंच कर समाप्त हुआ। जुलूस में सभी समुदाय के लोग उपस्थित रहे। यह जानकारी नफिसूल रिजवी ने दी है।

## रैपुरिया पर पीपा पुल मार्ग निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में हर्ष

**अदलहाट।** नरायनपुर के रैपुरिया गंगा घाट पर काफी जद्दोजेहद के बाद पीपापुल मार्ग निर्माण कार्य रविवार से शुरू किये जाने को लेकर चुनार विधायक के प्रयास को लेकर क्षेत्रीय लोगों में हर्ष व्याप्त हो गया। लोगों ने चकर प्लेट बढ़ाये जाने का मांग किया है जिससे गंगा पार रेत में चार चक्का वाहन एक साथ दोनों तरफ से आराम से आ जा सके। ज्ञात हो पिछले वर्ष पीपापुल मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग की ओर से कराया गया था। बरसात में पीपापुल मार्ग को हटा लिया गया था। जिसे नियमानुसार अक्टूबर माह में मरम्मत के बाद पीपापुल मार्ग से आवागमन शुरू हो जाना चाहिए था। लेकिन कतिपय कारणों से काफी विलम्ब के बाद फरवरी माह में पीपापुल मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो पाया। पिछले बार गंगा पार रेत में चकर प्लेट कि कमी के चलते चार चक्का वाहनें रेत में फँस जाया करती थी। केवल सिंगल मार्ग पर ही चकर प्लेट लगवाया गया था। जिससे लोगों को काफी असुबिधा होती थी। इस सम्बंध में चुनार विधायक ने फोनिक वार्ता में बताया कि चकर प्लेट को लेकर उच्चाधिकारियों से वार्ता कर होने वाले समस्या का निराकरण करा दिया जायेगा। पीपापुल निर्माण के ठेकेदार विपिन कश्यप ने बताया कि इस पीपापुल मार्ग का प्रांतीय करण हो गया है। लगभग बीस दिनों में बनाकर आवागमन शुरू करा दिया जायेगा। अधिशासी अभियंता लोनिवि देवपाल ने नरायनपुर प्रतिनिधि को चकर प्लेट की समस्या पर बताया कि जितना बजट पास हुआ है उसी में कार्य हो पायेगा। उतने ही चकर प्लेट में आवागमन होगा। नरायनपुर के रैपुरिया में पीपापुल मार्ग निर्माण कार्य का शुभारम्भ पहला नम्बर का पीपा लगाकर करते हुए।

## रविदास जयंती पूजन स्थल पर जगह को लेकर हुआ विवाद

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत रविदास जयंती समारोह मनाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो ग?ए और मामला मारपीट तक पहुंच गया। रविदास जयंती का पर्व मनाने के लिए राजगढ़ ग्राम पंचायत अन्तर्गत बहिकटवां गांव में रविवार को सुबह 8:00 बजे दो पक्षों में विवाद हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में चयनित स्थल पर कमलेश कुमार भारती रविदास जी की मूर्ति स्थापित कर जयंती मनाने का कार्यक्रम तय किए थे। परंतु बगल के काश्तकार तेजबली भारती ने उक्त स्थल पर मूर्ति लगाने से मना कर दिया। जिस पर पूजा समिति के लोग आमने सामने आ गए। जिसमें दोनों पक्षों को स्थानीय लोगों ने समझा-बुझाकर अलग अलग किया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के प्रति थाना राजगढ़ में लिखित तहरीर दिया। तहरीर मिलने के बाद दोनों पक्षों को थाने में बुलाकर थानाध्यक्ष राणा प्रताप यादव ने सुलह समझौता कराया तब जाकर मामला शांत हुआ।

जनसंदेश टाइम्स
मिनी डिस्प्ले
एलीगेंट अप्लायंसेज
OKAYA
रिटेल डायरेक्ट्री

जनसंदेश टाइम्स की 11th वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
विकास के पथ पर
अग्रसर बैरिया-बलिया





परमेश्वर गिरी
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
पूर्व डायरेक्टर-भूमि विकास बैंक
बलिया
दिनेश्वर गिरी
प्रधान संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष
बलिया
ग्रा0-भगवानपुर, बलिया
उत्तर प्रदेश


कार्यालय नगर पंचायत चितबड़ागांव, बलिया
स्वच्छ सर्वेक्षण-2023

नगर पंचायत चितबड़ागांव, बलिया द्वारा जनसंदेश टाइम्स के 11वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर समस्त सम्मानित नगर वासियों से अपील की जाती है कि स्वच्छ व सुन्दर चितबड़ागांव को विकास के पथ पर अग्रसर व जनोपयोग समस्याओ के समाधान हेतु कटिबद्ध नगर पंचायत चितबड़ागांव आप सभी नगरवासियों से अपेक्षा करती है :-

1. नगर को स्वच्छ बनाये रखने मे नगर पंचायत प्रशासन का सहयोग करें।
2. सूखे व गीले कूड़े को अलग-अलग संग्रह कर निर्धारित कूड़ेदान में रखें।
3. जल ही जीवन है, जल को व्यर्थ न बहायें।
4. जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण समय से अवश्य करायें।
5. नगर पंचायत के करों का भुगतान समय से करें।
6. प्रतिबन्धित पॉलीथीन बैग व थर्माकोल निर्मित थाली, प्लेट आदि का प्रयोग न करें। दैनिक जीवन में जूट व कपड़े के थैलों का प्रयोग करें एवं दूसरे को प्रेरित करें।
7. अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान करें।
8. बिना नक्शा स्वीकृत कराये अपने भवन का निर्माण न करायें।
9. नगर पंचायत की सड़क, पटरी एवं नाली आदि पर अतिक्रमण न करें।
10. खुले में शौच न करें। शौचालय का प्रयोग करें एवं प्रयोग करने हेतु दूसरों को भी जागरूक करें। खुले में शौच करने जाने हेतु पकड़े जाने पर न्यूनतम 100/-रु0 जुर्माना हो सकता है।
11. कोरोना बीमारी से बचाव हेतु मास्क का प्रयोग करें। हाथों को सैनिटाइज करें।
12. सोशल डिस्टेन्सिंग के नियमों का पालन करें।
13. स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में अपने नगर पंचायत चितबड़ागांव को नम्बर 1 बनाने में सहयोग करें।
14. नगर में दिन में जल रही स्ट्रीट लाईटों को बन्द करें।




मा0 योगी आदित्यनाथ जी


मा0 ए0 के0 शर्मा
शहरी विकास मंत्री उ.प्र.सरकार


सौम्या अग्रवाल
जिलाधिकारी बलिया


अनिल कुमार अग्निहोत्री
सी.आर.ओ./निकाय प्रभारी
बलिया


अनिल कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत चितबड़ागांव, बलिया

# रेल पटरी पर लेट बेटी संग मां ने की आत्महत्या

जनसंदेश न्यूज

दुखद

### हाथ छुड़ाकर मासूम ने बचाई अपनी जान, मरने से पहले सभी को खिलाया था स्वादिष्ट खाना

**सैदपुर।** नगर के रेलवे क्रासिंग के पास पटरी पर अपनी बेटी संग लेटकर एक महिला ने आत्महत्या कर ली। आखिरी वक्त में महिला का छह साल का बेटा मां से हाथ छुड़ाने में सफल हो गया। जिसके चलते उसकी जान तो बच गई। लेकिन उसका एक पैर कट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल मासूम को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा। जहां से वाराणसी रेफर कर दिया गया।

रेहड्डा निवासिनी नगीना देवी का पति सुरेश उर्फ बबलू बहराईच में काम करता था लेकिन कुछ माह से घर पर ही था। इस बीच नगीना ने घर के लोगों के लिए खाना आदि बनाया। इसके बाद बहाना किया कि वो 6 साल के बेटे दिव्यांश को शौच कराने जा रही है। वो बेटे व अपनी 8 साल की बेटी साक्षी को लेकर पटरी पर पहुंची और वहीं पटरी पर सिर रखकर लेट गई और दोनों बच्चों को दोनों हाथों से पकड़ लिया।

इस बीच ट्रेन आई और साक्षी व नगीना के सिर को अलग करते हुए निकल गई। इस बीच भागने में दिव्यांश का एक पैर कट गया। मौके पर आरपीएफ के हेड कांस्टेबल ओपी मिश्र व अमेरिका सिंह यादव पहुंचे। घटना के बाद शवों को समाजसेवी अभिषेक साहा ने जुटाकर उसे पुलिस बैग में इकट्ठा किया। जिसके बाद शव पोस्टमार्टम को जा सका। घटना देखकर हर कोई स्तब्ध था और नगीना के इस कदम की निंदा कर रहा था।

### मानसिक रूप से कमजोर थी मां रामदुलारी

नगीना ने ऐसा क्यों किया पता नहीं चल सका है। मृतका के ससुर नथुनी यादव ने बताया कि घटना के वक़्त उनका बेटा बबलू व बीमार पत्नी रामदुलारी के साथ वो घर पर ही थे। रामदुलारी थोड़ा मानसिक कमजोर भी हैं, वहीं नथुनी का भी एक पैर टूटने के कारण प्लास्टर लगा है और वो घर पर ही हैं। बताया कि मौत से पूर्व नगीना ने सभी के लिए खाना बनाया और खिलाया। इसके बाद मौत को गले लगा लिया।

### खानपुर में भी ठीक इसी प्रकार की हुई थी घटना

मृतका का मायका वाराणसी के नारायणपुर जुरहां में है, उसके 2 बेटे व एक बेटी थी। दूसरा बेटा सौरभ 8 साल का है और ननिहाल में रहता है, जिसके चलते उसकी जान बच गई। मृतका साक्षी व घायल दिव्यांश सैदपुर में बीआरसी स्थित प्राथमिक स्कूल में क्रमशः 4 व 1 में पढ़ते थे। बतादें, कुछ माह पूर्व बिल्कुल यही घटना खानपुर के बिहारीगंज डगरा के पास हुई थी। उस घटना में भी मां समेत उसके पुत्र व पुत्री की मौत हो गई थी। लेकिन आखिरी वक्त में बड़ा बेटा अंगद हाथ छुड़ाकर सकुशल घर भाग आया था और सभी जानकारी दी थी।

# आक्रोशित किसानों ने पंप कैनाल पर किया प्रदर्शन



गहमर पूर्वी पंप कैनाल पर पत्रक देते किसान

जनसंदेश न्यूज

**बारा।** गहमर पूर्वी पंप कैनाल से निकली मिश्रवलियां माइनर में पानी निकासी न होने से ओवरफ्लो होकर पानी किसानों के खेतों में घुस गया। दर्जनों किसानों की फसल जलमग्न हो गई। नाराज किसानों ने गहमर पूर्वी पंप कैनाल पर पहुंचकर विभागीय अधिकारियों के प्रति विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा।

गहमर पूर्वी पंप कैनाल से निकली मिश्रवलियां माइनर में पानी की निकासी न होने से पानी ओवरफ्लो होकर बारा के दर्जनों किसानों की खेतों में पहुंच गया। इससे फसल जलमग्न हो गई है। चार दिन बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। नाराज किसानों ने गहमर पूर्वी पंप कैनाल पर पहुंच कर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया और समस्या के समाधान के लिए कैनाल पर उपस्थित कर्मचारियों को पत्र सौंपा। किसानों ने चेताया कि यदि जल्द ही बर्बाद हुए फसलों का मुआवजा नहीं दिया गया तो किसान आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मौके पर रामनाथ कुशवाहा, हिरेंद्र यादव, एखलाक साह, फकरुद्दीन खान, फैयाज खान, बारीक खान, गोरख कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, नवाजिद उर्फ सोनू सहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षेप

### मरदह पीएचसी पर मनोचिकित्सक की तैनाती

**मरदह।** मनोचिकित्सक डा. नवीन कुमार सिंह की स्थानीय पीएचसी पर तैनाती हो गई है। बुधवार को वह कार्यभार ग्रहण करेंगे। पीएचसी पर स्वास्थ्य संबंधी सुझाव व परामर्श के लिए कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कोई भी व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन कराकर स्वास्थ्य संबंधी सुझाव का हिस्सा बन सकता है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा की पीएचसी मरदह पर मनोचिकित्सक डॉक्टर बुधवार को उपस्थित रहेंगे। चिकित्साधिकारी ने एएन.एम,सीएचओ, एच.एस., बी.एच. डब्ल्यू आशा संगिनी और आशाओं को निर्देशित किया कि आप अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को सूचित करते हुए अधिक से अधिक मनोरोगियों को कैम्प का लाभ पहुंचाने में सहायक बनें।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, झोपड़ी जलकर खाक

**बारा।** गहमर गांव में शनिवार देर शाम अज्ञात कारणों से लगी आग में दो रिहायशी झोपड़ियां सहित उसमें रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन यापन गुजारने को विवश है। गहमर गांव निवासी प्रकाश चौहान व सुरेंद्र चौहान के रिहायशी झोपड़ी में शनिवार को देर शाम अज्ञात कारणों से लगी आग में हजारों का सामान चावल, आटा, दाल, कपड़े, चारपाई बर्तन आदि जलकर राख हो गया। आग उस समय लगी, जब परिवार के लोग खेतों में काम करने गए हुए थे। गांव के ही व्यक्ति ने रिहायशी झोपड़ी में आग लगने की जानकारी दी। गांव वालों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित प्रकाश चौहान की पत्नी आरती देवी व सुरेंद्र चौहान की पत्नी तेतरी देवी ने बताया कि रिहायशी झोपड़ी और सामान जलने से साल भर की मेहनत बेकार हो गई है। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान बलवंत सिंह बाला ने पीड़ित परिवार को खाने - पीने की चीजों के साथ अन्य जरूरत का सामान उपलब्ध कराया। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### मंगलवार को गोड़ी गांव में विचार गोष्ठी आयोजित

**भांवरकोल ।** राष्ट्रवाद और भाजपा सरकार विषय पर गोड़ी गांव में सात फरवरी को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें पूर्व मंत्री व भाजपा नेता स्वाती सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता पियूष राय करेंगे। इसके अलावा विनोद राय सहित कई नेता व विचारक अपने विचार रखेंगे। इस विचार गोष्ठी में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संबंधों का तात्पर्य, राष्ट्रवादी मानसिकता के साथ विकास की धारा आदि विषयों पर वक्ता अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम केशव राय के दरवाजे पर मंगलवार को सुबह नौ बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के संयोजनकर्ता भाजपा भारवकोल प्रथम के मंडल अध्यक्ष शशांक शेखर, महामंत्री राजेश मिश्र, आक्सफोर्ड विद्यालय अवथही के भानु प्रताप राय, अमित राय, दिनेश राय, राजेश राय आदि हैं।

### डीएम के आदेश के बावजूद खुली दुकान

**सैदपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के आदेश के बाद बाजार बंदी होने के बावजूद कुछ दुकानदारों द्वारा दुकानें खुली रह रही है। नायब तहसीलदार व कोतवाल ने अभियान चलाकर सख्ती की है। जहां एक दुकान में तालाबंदी की, वहीं एक युवक को साथ लेकर चले गए। बाजार में नायब तहसीलदार विजयकांत पांडेय व कोतवाल एसपी वर्मा ने अभियान चलाया। इस दौरान कुछ दुकानदार अपनी दुकानों को खुली छोड़कर ही फरार हो गए। जिसके बाद कोतवाल ने एक दुकान में ताला बंद कर दिया। वहीं दुकान खोलने और कोतवाल से बहस करने वाले एक युवक को वो साथ लेकर चले गए। कोतवाल ने चेतावनी दिया कि जिलाधिकारी के आदेश का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है।
पाइप डालने के नाम पर सड़कों को कर दिया बदहाल

### लोगों को आने जाने में हो रही परेशानी, जिम्मेदार अधिकारी मौन

**गाजीपुर।** शहर में सिवरेज निर्माण के नाम पर नगर की सड़कों को बदहाल कर दिया गया है। पाइप डालने के नाम पर सड़कों को उखाड़ कर छोड़ दिया गया है। जिसके कारण लोगों को अपने घरों तक पहुंचने में दिक्कत पैदा हो रही है। ठेकेदार की इस हठधर्मिता के कारण लोगों में आक्रोश पनप रहा है। लंका चुगीं, बंसीबाजार, राधेनगर, भुतहियाटाड, सिचाई चौराहा आदि क्षेत्रों में सिवरेज और नाली निर्माण का कार्य जारी है। पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को उखाड़ दिया गया है। पूरे क्षेत्र की सीसी अथवा इंटर लाकिंग सड़कों को जेसीबी अथवा अन्य साधनों से तोड़ कर उसमें पाइप लाइन डाले जाने है। नागरिकों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा सड़कों को तोड़कर तथा खुदाई कराने के बाद कई दिन के लिए छोड़ दिया जाता है। जिससे उस गली से गुजरने वाले लोगों का रास्ता बंद हो जाता है। वहीं, करीब एक माह पूर्व पाइप लाइन बिछाने वाले स्थान को ही सड़क आज भी बदहाल स्थिति में पड़ी हुई है। जिसके कारण करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई पूरे क्षेत्र की सड़क बदहाल हालत में पड़ी हुई है तथा लोगों का रास्तों से निकलना दुश्वार हो गया है। नाराज लोगों ने समय पर सड़क ठीक नहीं होने तथा कार्य में तेजी नहीं बरतने पर ठेकेदार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी हैं।

### बैंको में पैसा जमा कर पाएं लाभ



**बारा।** जिला सहकारी बैंक गाजीपुर की ओर से नाबार्ड वित्तीय समावेशन निधि के अंतर्गत एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम चलाया गया। विकास खंड भदौरा के साधन सहकारी समिति भतौरा- बारा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कैलाश चंद्र ने लोगों को बैंकिंग की जानकारियां दी। वक्ताओं ने बैंक की योजनाओं के लाभ के बारे में बताया। साथ ही नुक्कड़ नाटक के जरिए किसानों समेत मौजूद लोगों को जागरूक भी किया गया। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार से बैंकों में अपने पैसे को सुरक्षित करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिसमें मुख्य रूप से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कैसे करें, एटीएम कार्ड का उपयोग कैसे करें, ऋण योजना आदि की जानकारी दी गई। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंशल कुमार ने विभाग की योजनाओं को कृषकों के बीच रखा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, फसल बीमा योजना, जनता दुर्घटना बीमा, केसीसी सुविधा आदि कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। मौके पर इफको एरिया प्रबंधक सचिन तिवारी, समिति के अध्यक्ष योगेंद्रनाथ राय, सचिव राजेश कुमार राय, शाखा प्रबंधक संजय तिवारी, निदेशक अवधेश समेत कई किसान एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### पीड़ित ने लगायी एसपी से न्याय की गुहार

**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। एसपी को दिये गये प्रार्थना पत्र में उन्होंने लिखा है कि मेरी 17 वर्ष नाबालिग पुत्री को विश्वरेस उर्फ लक्की ने बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। मुझे आशंका है कि मेरी पुत्री को कहीं बेच सकता है व उसकी हत्या भी कर सकता है। इस संबंध में सरायमीर थाने में बीते 8 दिसंबर को अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही अब तक नहीं की गई। बल्कि विरोधियों के साथ मिलकर सुलह कराने की बात कर रही है। पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाते हुए अपने मुकदमे का विवेचना उक्त विवेचक से हटाकर थाना प्रभारी सरायमीर से कराने की मांग किया है। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि यदि जल्द से जल्द मेरी नाबालिग पुत्री को बरामद नहीं किया गया तो मुझे आशंका है कि आरोपियों द्वारा पुत्री को मार दिया जाएगा।

### पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह द्वारा एक नई पहल की शुरूआत की गई है, जिसके अंतर्गत थाने के सभी पुलिस कर्मियों को सुपर कॉप ऑफ दिस मंथ के अंतर्गत माह के प्रथम 15 दिनों में अच्छा कार्य करने वाले पुलिस कर्मी को पुरस्कार स्वरूप 500 रुपए की नगद धनराशि व थाने पर पीएनओ नंबर समेत उक्त पुलिस कर्मी की फोटो लगाई जाएगी, जिससे पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाया जा सके। रविवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह ने सभी पुलिस कर्मियों को इसके बारे में विस्तार से बताया तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य में अपने बैरक की साफ सफाई भी सम्लित है, या जनहित में सराहनीय कार्य जो लोगों को अच्छा लगे उसके लिए भी पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। रविवार को जनवरी माह के द्वितीय 15 दिनो के मध्य में प्रदेश स्तर पर लगातार 3 माह तक आईजीआरएस में थाने को प्रथम स्थान दिलाने के लिए अनुशासित रहते हुए अच्छा कार्य करने वाले कांस्टेबल अमित कुमार मौर्य को सुपर कॉप आफ दिस मंथ 15 जनवरी से 31 जनवरी के मध्य के रूप में 500 रुपए का नगद पुरस्कार थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह द्वारा देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों के अनुपालन के साथ ही जनसमस्याओं का तत्परता पूर्वक निस्तारण की प्रशंसा करते हुए कार्यकुशलता एवं कर्तव्य निष्ठा के लिए प्रशस्ति पत्र भी थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह के हाथों दिया गया। प्रशस्ति पत्र पाने वालों में कांस्टेबल अमित कुमार मौर्य, अविनाश विश्वकर्मा, शिवकुमार पांडे, फॉलोअर महेंद्र यादव सम्मिलित रहे।

# संत रविदास जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

आयोजन

### कस्बों तथा सड़कों पर बनी रही जाम की स्थिति



संत रविदास जयंती पर नगर के संकलेनाबाद में निकली शोभायात्रा



संत रविदास जयंती पर झांकी निकालते श्रद्धालु

**गाजीपुर।** जिले भर में संत रविदास की जयंती रविवार को धूमधाम से परंपरा तथा उत्साह के साथ मनाई गई। इस मौके पर पंडाल सजा कर उसमें प्रतिमा स्थापित कर पूजन अर्चन किया गया। जगह - जगह शोभायात्रा तथा झांकियां निकाली गईं। पीछे श्रद्धालु नाचते झूमते चल रहे थे। इसके चलते शहर, कस्बों तथा सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जगह-जगह भव्य शोभायात्रा निकाली गईं। शोभायात्रा में कई झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। कई जगह उनकी मूर्ति स्थापित कर पूजन-अर्चन किया गया। साथ ही उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लोगों ने लिया। संत रविदास की जयंती पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होते ही पूरे नगर में भ्रमण की। शोभायात्रा में नवयुवक डीजे की धुनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। बच्चों द्वारा संत रविदास, राधा कृष्ण की सजाई गई झांकियां देखने को भारी भीड़ जुटी रही। रविदास समाज के लोगों में खासा उत्साह था। मुहम्मदाबाद। शोभायात्रा नगर के गढ़वा, जफरपुरा, लोका हरिजन बस्ती से निकाली गई जो तहसील मुख्यालय हाटा रोड, केशरी मोड़, बिट्ठल चौराहा, फाटक, फल मंडी, इलाहाबाद बैंक रोड, यूसुफपुर बाजार होते अपने अपने मोहल्लों में जाकर समाप्त हुई। इसमें संत रविदास की झांकी वाहनों पर सजायी गयी थी जिसे देखकर लोग भाव विभोर हो रहे थे। बैंड बाजों की धुनों पर नाचते गाते व जयकारा लगाते हुए युवक चल रहे थे। दूसरी शोभायात्रा सलेमपुर मोड़, दाउदपुर व बालापुर से निकाली जो सलेमपुर मोड़, केशरी मोड़, यूसुफपुर बाजार, तहसील तिराहा से घूमते हुए अपने जगहों पर जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर जगह-जगह लोग संत रविदास की झांकी सजाकर उनका पूजन-अर्चन किए। वहीं जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। करीमुद्दीनपुर। क्षेत्र के लौवाडीह, जोगा मुसाहिब, पारो, बेलसड़ी, मलिकपुरा आदि गांवों में दलित समुदाय के लोगों ने रविदास जयंती पर जगह-जगह झांकी सजाकर उनका पूजन-अर्चन किया। जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी समुदाय के लोगों ने भाग लिया। भांवरकोल। क्षेत्र के वीरपुर, शेरपुर, लोचाईन, मच्छटी, सोनाड़ी, मीरजाबाद, खरडीहा आदि गांवों में संत शिरोमणि रविदास की जयंती समारोह मनाया गया।

### संत रविदास जयंती पर श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

**मुहम्मदाबाद।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में संत रविदास की 646 वीं जयंती धूमधाम के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर युवाओं व श्रद्धालुओं में काफी उत्साह दिखा। नगर पालिका व विकासखंड अंतर्गत क्षेत्र में संत रविदास जयंती को लेकर सुबह से ही तैयारियां चल रही थी। नगर क्षेत्र में 4 स्थानों से संत रविदास जी की झांकी निकाली गई। पहली झांकी स्टेट बैंक के पास से आरंभ हुई ।इसके पीछे भट्ठी मुहल्ला वार्ड नंबर 7 की झांकी थी। दाउदपुर और डिग्री कॉलेज के गढ़वा से भी झांकी और जुलूस निकली ।सभी जुलूस तहसील गोलंबर पर आकर मिल गई। इसके पश्चात नगर भ्रमण हुआ। जुलूस में संत रविदास के संबंध में छोटी नाटिका भी प्रस्तुत की गई। जुलूस में लाखों की तादाद में पुरुष व महिलाएं संत रविदास जी के झांकी के साथ भजन गाते हुए चल रहे थे। पूरे नगर का भ्रमण करने के बाद गोलंबर तिराहे से ही जुलूस अपने-अपने गंतव्य को वापस हो गया।

### धूमधाम से मनी रविदास जयंती, निकली झाकियां

**कासिमाबाद।** तहसील क्षेत्र में विभिन्न गांवो में भक्तों द्वारा संत रविदास जयंती रविवार के दिन धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर खेताहपुर, कवलपट्टी, कर्मा, कलवरा, पृथ्वीपुर, कटया, धरवार, रामगढ़, परजीपाह,दुधौड़ा, वेद बिहारी पोखरा,बड़ागांव, शाहबाजपुर, नगवा, बठना सहित दर्जनों गांव में सुबह से बच्चों, महिलाओं और युवाओं के द्वारा झांकियों के साथ गांव में शोभायात्रा निकाली गई। बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति की गई। आयोजित कार्यक्रम में गांव के सभी गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया और संत रविदास के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर संत रविदास द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान भी किया। वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। आज समाज में शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा तभी हमारा समाज विकास कर सकेगा । संत रविदास जयंती के दिन खेताहपुर गांव के चट्टी पर देर शाम दर्जनों गांव के लोगों द्वारा अपनी अपनी झाकियां निकाली गई। इस अवसर पर सुबह से लेकर शाम तक चारों तरफ संत रविदास के कार्यक्रम को लेकर युवाओं में जोश दिखा तो वहीं महिलाएं गीत भजन में लगी रही।

# 80 खिलाड़ियों को ताइक्वांडो परीक्षा में मिली प्रोन्नति

## डिस्ट्रिक्ट गाजीपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन ने किया कार्यक्रम का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



ताइक्वांडो परीक्षा में चयनित खिलाड़ी और अधिकारी

**गाजीपुर।** डिस्ट्रिक्ट गाजीपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में रविवार को तड़बनवा स्थित सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल के परिसर में ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 80 खिलाड़ियों ने प्रोन्नति हासिल की।

एसोसिएशन के सचिव विपिन सिंह यादव ने बताया कि इस ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता में विभिन्न वर्ग में 95 खिलाड़ियों ने विभिन्न बेल्ट के वर्गों में प्रमोशन पाने के लिए प्रतिभाग किया।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल, शाह फैज पब्लिक स्कूल, सनी ताइक्वांडो एकेडमी छावनी लाइन, एसआईएस ताइक्वांडो एकेडमी जमानिया व वंश ताइक्वांडो एकेडमी रौजा के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है।

निर्णायक मंडल में एसोसिएशन के अध्यक्ष व टेक्निकल डायरेक्टर अलाउद्दीन अंसारी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए उनके प्रोन्नति का निर्णय लिया। सहयोगी के रुप में सत्यदेव पांडे, अजय कुमार शर्मा, पूजा तिवारी, इलमा आफरीन, कीर्ति सिंह और उजाला गुप्ता शामिल रहें।

### ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट चयनित खिलाड़ी

व्हाइट टू एलो बेल्ट : प्रांजल, तनुस साहू, हर्ष सिंह, अंश, आरुषि, हरम आरिफ, शाहीबा, पलक, अनन्या, अन्वेषा, अनन्या यादव, सौम्या, राजवीर, रौनक, वेदान्त, मानवेन्द्र, आराध्या, माही, भार्गवी, रिद्धि, शिवम, हेमंन्त, विलियम, प्रिंस राज, सत्यम, अभी, शगुन, सिद्धार्थ राय, एंजल गुप्ता, अविष, मनस्वी, तेजस्वी, सर्वेश, निधि, आनंद, श्री चौरसिया, मनीषा, ऊष्मा, अर्पिता, शिवांश, अमृता, गरिमा, नावैद्या, प्रभा, रिदा, इशिता, सौम्या, सौम्या सिंह, तेजस्वनी, तान्या, आर्यन, मो. कासिम, आदित्य, प्रतीक व राज बिंद। **येलो टू ग्रीन बेल्ट** : अर्पित, विशाल, आराध्या, देवेंद्र नाथ, अरिहंत, तनवी जायसवाल, नव्या, आदित्य राय। ग्रीन टू ग्रीन वन बेल्ट : स्वास्तिक, इनेश, स्वर्णिमा, सिद्धार्थ पाल, देवानंद व शुभ श्रीवास्तव। ब्लू टू ब्लू वन : आनंद राज यादव, आदित्या तिवारी बनें।

### ऑनलाइन फ्राड को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** नोनहरा थाना और साइबर क्राइम सेल की टीम ने 01 लाख 33 हजार 194 रुपए ऑनलाइन फ्राड करने वाले अभियुक्त सफी हैदर को दबोच लिया है। निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने मुखबीर की सूचना पर नोनहरा थाना के सुसुण्डी गांव निवासी अभियुक्त सफी हैदर पुत्र एह-तेशाम हैदर को बीते शनिवार को बैंक सुसुण्डी से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से मोबाइल व 2130 रूपया नगद बरामद किया है।

# पति का सहकर्मी से हो गया संबंध, रिश्ते में आयी कड़वाहट

## परिवार परामर्श केंद्र पर पांच मामलों का मौके पर निस्तारण

**गाजीपुर।** पुलिस लाइन्स के प्रांगण में परिवार परामर्श केंद्र पर कुल आठ परिवारिक विवाद प्रस्तुत हुए। जिसमें सात परिवारों की विदाई हुई।

सदर कोतवाली के सट्टी मस्जिद सैयदवाड़ा निवासी गुलशन नसरीन पत्नी सईद आलम की शिकायत थी कि उसके पति का संबंध पहले अच्छा था। जिससे एक पुत्री पैदा हुई बाद में वह अत्यधिक शराब पीने लगे, जिसके कारण हम लोगों के बीच दूरियां बढ़ती गई। दोनों लोगों को समझाकर विदाई कराई गई। सैदपर थाना सराय अली खान गांव निवासी अंजली प्रजापति पत्नी अजीत प्रजापति की शिकायत थी कि उसके पति व ससुराल के लोग दहेज के लिए हमेशा मारते पीटते थे। इसी प्रकार कासिमाबाद थाना तरोती गांव निवासी ममता देवी पत्नी हरिओम की शिकायत थी कि उसके पति व सास-ससुर अकारण ही उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। ऐसा ही मामला नोनहरा थाना के साथीपुर गांव निवासी ज्योति सरोज पत्नी महातिम सरोज का आरोप था कि सॉस हमेशा उसके साथ मारपीट करती रहती है। वहीं मरदह थाना के बिजौरा गांव निवासी पूजा भारती पत्नी राजेश भारती का कहना था कि उसके पति पड़ोसन भाभी की सुनकर उसके साथ हमेशा मारपीट करते रहते हैं। अफसाना पत्नि अब्दुल अंसारी निवासी सैदाबाद थाना जमानिया की शिकायत थी कि ।उसके पति फरीदाबाद में नौकरी करते हैं। वहां पर अपने सहकर्मी के साथ संबंध हो गया है। जिसके कारण हम लोगों का परिवारिक रिश्ता नहीं बन पाता है। नंदगंज के सिरगिथा निवासी गुड़िया पत्नी राहुल गुप्ता की शिकायत थी कि उसके पति हमेशा शराब पीकर हमेशा मारते पीटते रहते हैं। सभी लोगों को समझाकर विदाई कराई गई। एक पारिवारिक विवाद में दोनों पक्ष उपस्थित नहीं थे इनके लिये निस्तारण की तिथि 19 फरवरी निर्धारित की गई। प्रकरणों के निस्तारण में सरदार दर्शन सिंह, सरिता गुप्ता, वीरेंद्र नाथ राम, सोनिया सिंह, विक्रमादित्य मिश्र, आरक्षी आलेश कुमार महिला आरक्षी रोली सिंह, महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग उपस्थित थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के भद्रसेन गांव में घर के अकेले रहने वाले एक युवक ने अज्ञात परिस्थितियों में फांसी लगा ली। जब वो काफी समय तक बाहर नहीं निकला तो लोगों को शक हुआ। घर भी अंदर से बंद था। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कांस्टेबल अजीत यादव ने किसी तरह से दरवाजे को खोला, तो सभी अंदर पहुंचे। जहां गांव निवासी उपेंद्र कुमार 27 पुत्र पारस नाथ की लाश फंदे पर लटके थे। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि उपेंद्र कुमार तीन भाईयों में सबसे छोटा था और घर पर अकेले ही रहता था। उसके घर के बाकी सभी सदस्य बैंगलोर में रहते थे। बताया कि उसकी शादी आगामी मई माह में तय थी। उसने फांसी किन परिस्थितियों में लगाई, इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोगों की आशंका है कि संभवतः शादी को लेकर कुछ विवाद हुआ हो।

# नालियां टूटीं, सरकारी नलकूप बेकार

## खेतों की सिंचाई के लिए मुश्किलों का सामना कर रहे किसान, पंपिंगसेट से फसल को सींचना पड़ रहा महंगा

**गाजीपुर।** जिले में सरकारी नलकूपों की टूटी नालियां किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई हैं। इन नालियों को दुरुस्त करने के लिए विभाग के पास कोई कार्ययोजना नहीं है। इसके चलते कई गांवों में नलकूप ठीक होने के बाद भी बेकार पड़े हैं।

जिले के 16 विकास खंडों में आठ सौ के करीब सरकारी नलकूप हैं। आबादी के हिसाब से कई ऐसे गांव हैं, जहां पर दो-दो नलकूप हैं, ताकि किसान आसानी से सिंचाई कर सकें। हालांकि, हकीकत यह है कि सरकारी नलकूपों के भरोसे किसानों के खेतों को पानी नहीं नसीब हो पा रहा है।

अभिलेखों में सभी नलकूप ठीक हैं और चलते भी हैं। इन पर कर्मचारी भी तैनात हैं, लेकिन अधिकतर सरकारी नलकूपों की नालियां क्षतिग्रस्त हैं।

दशकों पहले बनी नालियों कर मरम्मत की सुध विभाग नहीं ले रहा है। इस कारण किसानों को निजी संसाधनों से ही फसल की सिंचाई करनी पड़ रही है, जो उनके लिए महंगी पड़ती है। किसानों का कहना है कि डीजल के बढ़े दाम के चलते उनकी खेती की लागत भी बढ़ गई है। इससे काफी दिक्कत हो रही है। नालियां तोड़कर बना दी गई सड़क काफी पहले गांवों में सरकारी नलकूपों की नालियों के लिए जगह छोड़ी गई थी। नालियां टूट जाने के कारण ऐसी जगहें संकरे रास्ते का रूप ले चुकी हैं। इन जगहों पर कब्जा भी हो चुका है। इसके कारण ऐसी जगहों पर अब नाली बनवाना मुश्किल हो गया है। इस बारे में अधिशासी अभियंता नलकूप ने कहा कि नाली मरम्मत के लिए कार्ययोजना बनाई जाती है। बजट कम आने के कारण सभी नाली नहीं बन पा रही है। प्रयास है कि सभी नालियों का सर्वे कराकर कार्ययोजना बनाई जाए।



सुहवल स्थित बंद पड़ा राजकीय नलकूप

### किसान बोले, नलकूप चलता तो आसान होती सिंचाई

नाली टूट जाने के कारण अब हम लोग नलकूप से पानी नहीं चलाते हैं। पंपिंगसेट का सहारा ले रहे हैं। नाली की मरम्मत हो जाए तो सिंचाई करने में आसानी होगी और रुपये भी अधिक नहीं लगेंगे। - सुशील कुमार पांडेय, किसान

नाली टूटने से सिंचाई नहीं हो पा रही है। सरकारी नलकूप से सिंचाई करने में आसानी होती। कई जगहों पर नाली का पता ही नहीं है। इसके चलते दूसरे संसाधनों से सिंचाई करनी पड़ती है। - अखिलेश सिंह, किसान

### रेवतीपुर ब्लॉक के 74 में से 22 नलकूप बंद

**सुहवल।** रेवतीपुर ब्लॉक में कहने को तो 74 राजकीय नलकूप है। मगर 22 राजकीय नलकूप में से आठ की बोरिंग वर्षों से फेल है,जबकि अन्य विभिन्न तांत्रिक दोष से बंद पडे हुए है। ऐसे में खेतों में बोई गई फसलों के समय से सिंचाई की मुहिम सफल होती नहीं दिख रही है। किसान मजबूरी में निजी नलकूपों के जरिए खेतों की सिंचाई को मजबूर है। कहने को तो इलाके में नलकूपों का जाल बिछाया गया है ।मगर इसका पूरा लाभ किसानों को समय से नहीं मिल पाता। विभागीय सूत्रों के अनुसार एक नलकूप के सिंचाई की क्षमता करीब 25 एकड है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र के 65 जेडक्यू रेवतीपुर, 93जेडजी हसनपुरा, 33जेडजी नसीरपुर,13जेडजी नवली, 72 जेडक्यू नवली,58 त्रिलोकपुर, 59 जेडक्यू तिलवां, 46जेडक्यू मधुचक नलकूपों की बोरिंग करीब चार वर्षों से फेल है ।इसके अलावा बहुत ऐसे भी नलकूप है जो विद्युत दोष, पाइपलाइन दोष आदि के चलते बंद है। इस संम्बन्ध में जब राजकीय नलकूप खण्ड प्रथम के अवर अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि जल्द ही खराब नलकूपों को दूरस्त करा दिया जायेगा।

# जमीन विवाद को लेकर सड़क किया जाम

जनसंदेश न्यूज



सड़क जाम करने वालों को समझाती पुलिस

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मल्हनी बाजार में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हंगामा और नोकझोंक हुई। मौके पर पहुंचे राजस्व कर्मी मामला बढ़ता देख जान बचाकर भाग निकले। एक पक्ष ने जौनपुर-खुटहन मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया।

बताया जाता है कि मल्हनी बाजार में अजय गुप्ता ऊर्फ टप्पू का परिवार मकान बना कर रहता है। आरोप है कि जैठपुरा निवासी बेचन मिश्रा का अजय गुप्ता के रिहायशी आवास पर चक बैठ गया जिसका मामला हाईकोर्ट और चकबंदी विभाग में चल रहा है लेकिन रविवार को लेखपाल नायब तहसीलदार कानूनगो के साथ पुलिस भी पहुंच गई और अजय गुप्ता ऊर्फ टप्पू के घर पर कब्जा लेने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों पक्षों में नोकझोंक होने लगी और हंगामा भी शुरू हो गया। पीड़ित पक्ष के अजय गुप्ता टप्पू, शन्नो देवी, मुराता देवी,

**विरोध**

**मामला बढ़ता देख जान बचाकर भागे राजस्व कर्मी**

**पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम को कराया समाप्त**

पिंटू गुप्ता, सुमित गुप्ता, टिंकल गुप्ता परिवार सहित जौनपुर-खुटहन मार्ग पर अपने घर के सामने सड़क पर लेट गए और चक्का जाम कर दिया। इस दौरान करीब आधे घंटे जाम लगा रहा और भीड़ जुटी रही। मामला बढ़ता देख राजस्व कर्मी जान बचाकर चलते बने। सूचना पर थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए और दोनों पक्षों को कहा कि सभी पक्ष जमीन से संबंधित दस्तावेज समाधान दिवस के दिन थाने पर लेकर आए। वहां राजस्व कर्मियों के बीच मामले का निपटारा जांच पड़ताल के बाद किया जाएगा। समझा-बुझाकर जाम को खत्म कराया जिसके बाद बाजार का आवागमन शुरू हो सका।

## श्री गोपेश्वर महादेव मन्दिर की शुरू हुई प्राण प्रतिष्ठा

**शाहगंज।** नगर के पुराना चौक मोहल्ला गोपेश्वर गली में श्री गोपेश्वर महादेव मन्दिर के पुनरुद्धार हेतु कार्यक्रम जारी है। रविवार को वास्तु पूजन कर नव निर्मित मोती स्मृति भवन का वैदिक रीति से पूजा पाठ कर उद्घाटन किया गया। उक्त कार्य मोती लाल भावसिंहका सोसल ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु शनिवार देर शाम बैठक कर रणनीति बनाई गई जिसमें सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक संगठनों के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। रविवार को वास्तु पूजन कर स्मृति भवन के उद्घाटन के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ हो गया। 9 फरवरी को नृत्य नाटिका एवं दस फरवरी शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ पूर्णाहुति एवं महाभंडारे का आयोजन है। सायं अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथाकार पण्डित दुर्ग विजय मिश्र मुन्ना द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया है। इस दौरान राधे मोहन अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, शीतल प्रसाद अग्रवाल, वीरेंद्र साहू, राजेश गुप्ता, रोहित अग्रवाल, श्रेय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# बच्चों ने वतन पर शहीद होने वाले जवानों को नाटक के माध्यम से किया याद

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

**एसएन जूनियर हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न**



वार्षिकोत्सव समारोह में नाटक प्रस्तुत करते विद्यालय के छात्र

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के एसएन जूनियर हाई स्कूल दुगौली का वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केराकत विधायक व पूर्व सांसद तुफानी सरोज रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक मन्दिर है उसमें पढ़ने वाले बच्चे कच्ची मिट्टी के बर्तन के सामान हैं। कुम्हारों की तरह शिक्षक बच्चों को संवारे क्योंकि यही बच्चे आगे चल कर नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश खतरे में है। कहा कि अडानी जैसे उद्योगपति को बैकों से लोन लेना पड़ा। यह उद्योगपति बैकों का दीवाला निकाल देगे। देश के प्रधान मंत्री ऐसे लोगों को बढ़ावा दे रहे है। जैसे नीरव मोदी विदेश भाग गया वैसे अडानी भी भाग जायेगा और सरकार कुछ नहीं कर पायेगी। मुख्य अतिथि ने शहीद जिलाजीत यादव की मां और पत्नी को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। स्कूल के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सभी का मन मोहा। सीमा पर कैसे जवान शहीद होते है शहीदी नाटक कर सभी को भावुक कर दिया साथ में एक संदेश दिया कि कैसे अपने वतन की रक्षा करते हुए हमारे देश के जवान कुर्बान हो जाते है। छोटे बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोवर्धन इण्टर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य भइया लाल यादव ने किया। इस अवसर पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधनाथ पाल, सीताराम इण्टर कालेज के प्रबंधक व ग्राम प्रधान राजनेत यादव, जफराबाद विधायक जगदीश नारायन राय, विवेक रंजन यादव, देवमणि यादव, रामदुलार यादव प्रधानाचार्य, योगी अदालत यादव, नीरज पहलवान, पूर्व प्रमुख कमला यादव, महेन्द्र राम व छात्र छात्राओं के अभिभावक आदि लोग उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक सत्यनारायन यादव ने आए हुए अतिथियों के प्रति अभार प्रकट किया।

# शांति सद्भाव के लिए निकाली गयी कलश यात्रा



**सरायख्वाजा।** शान्ति सद्भाव बनाने और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए प्रजापति ब्रह्म ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में रविवार को कलश यात्रा निकाली गयी जिसमें श्रद्धालुओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने तथा भाई चारा व समाज कल्याण के लिए सैकड़ों की संख्या मे छात्रों महिलाओं ने यात्रा कर लोगों को समाज के खूबसूरती के लिए जागरूक किया। कलशयात्रा कोईरीडीहां चौराहा स्थित अवकाश प्राप्त इंस्पेक्टर राम अवध यादव के शान्ति सद्भाव निकेतन आश्रम से सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सिर कर कलश रखकर मखमेलपुर तिवारीपुर लपरी होते हुए कोइरीडीहां मार्ग पर समाप्त हुआ। यात्रा को करंजाकला ब्लाक प्रमुख सुनील यादव मम्मन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्रेमचंद यादव, मुलायम यादव, मनोज कुमार, प्रकाश यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजू यादव, डा. सुभाष चन्द्र प्रजापति एवं राम अवध यादव समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कलशयात्रा में शान्ती व्यवस्था हेतु पुलिस के जवान भी तैनात रहे।

## ग्रामीण खेल मैदान का अपर आयकर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**बदलापुर।** विकास खंड के मेढ़ा ग्राम पंचायत निवासी किसान सुबेदार सिंह के पुत्र प्रदीप सिंह दिल्ली में अपर आयकर आयुक्त पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत में स्थित खेल मैदान को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी को प्रस्तावित किया। सीडीओ ने उक्त



प्रस्ताव को संज्ञान में लेते हुए तत्काल उक्त कार्य करवाने के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया। इसके बाद सेक्रेटरी द्वारा खेल मैदान का सुन्दरीकरण, बाउंड्री अंदर रोड पर इंटर लॉकिंग, बेंच, फूलपत्ती से सुसज्जित करने, बच्चों के लिए खेल सामग्री व व्यायाम सामग्री तथा हाई मास्क लाइट का कार्य तेजी से करवाया जा रहा था। वहीं रविवार को उक्त दिल्ली के अपर आयकर आयुक्त प्रदीप सिंह अपने निवास स्थान मेढ़ा ग्राम पंचायत पहुंचे और सेक्रेटरी रणजीत सिंह व ग्राम प्रधान भगवान प्रसाद यादव तथा ठेकेदार गौरव सिंह के साथ उक्त निर्माणाधीन खेल मैदान का निरीक्षण कर सराहना की। इस मौके पर भाजपा नेता सत्यदेव सिंह, रमेश सिंह, रोजगार सेवक ओम प्रकाश मिश्रा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## राजनीतिक परिवेश में बदलाव की जरूरत : प्रभात पांडेय

**करंजाकला।** राजनीतिक परिवेश का माहौल खराब होता जा रहा है जिसमें बदलाव की जरूरत है। शिक्षा गुणवत्ता व औद्योगिक विकास युवाओं को रोजगार भी देश के विकास के लिए जरूरी है। सामाजिक धार्मिक भेदभाव, ऊंच-नीच की भावनाओं को भी एकरूपता लाकर प्रेम भाव का विस्तार करना है। उक्त बातें भूतपूर्व वायु सैनिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात पांडेय ने मल्हनी बाजार में आयोजित जनता सभा में कही। उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की विडंबना है कि आज नेता धर्मवाद, जातिवाद, अगड़ा पिछड़ा वर्ग, ऊंच-नीच जैसे भावनाओं से ग्रसित होकर वोट की गन्दी राजनीति शुरू कर दी है जो समाज क्षेत्र विकास के लिए दीमक की तरह काम कर रहा है। विश्व के अगली श्रेणी में भारत को ले जाने के लिए तमाम व्यवस्थाओं में परिवर्तन की जरूरत है। उन्होंने कहाकि औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के साथ किसानों को संसाधन मुहैया कराने की जरूरत है। युवाओं को रोजगार- स्वरोजगार देकर व सरकारी योजनाएं धरातल पर लाने के साथ ही उसका क्रियान्वयन भी होना चाहिए।

## मानव अपने कर्म से होता छोटा बड़ा, जाति से नहीं :तूफानी सरोज

**चंदवक।** संत शिरोमणि रविदास की रसड़ा में आयोजित जयंती समारोह को संबोधित करते हुए विधायक तुफानी सरोज ने कहाकि रविदास ने यह साबित कर दिखाया कि मानव अपने कर्म से छोटा बड़ा होता है जाति से नहीं। उन्होंने अपने कर्मयोग के तपोबल से समाज में स्थापित किया कि कर्म ही प्रधान है। तर्क व तपोबल से सबकों परास्त किया। उनमें निहित कर्मयोग की विलक्षण प्रतिभा से प्रभावित होकर महारानी मीराबाई संत रविदास की शिष्या बनी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. जीता राम, डॉ. केएल सोनकर, घनश्याम सिंह ने रविदास के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र बौद्ध व संचालन जय प्रकाश राम ने किया। इस अवसर पर राजाराम, लहरू यादव, सुदर्शन मौर्य, संजय विश्वकर्मा, शिव कुमार, अम्बिका प्रसाद, अशोक महाजन, राजेश कुमार, रामधनी राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## तकनीकी शिक्षा के साथ सांस्कारिक शिक्षा जरूरीः प्रिंशु

**खेतासराय।** मां राजदेई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरौली का वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति ने सभी को आत्मविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि रहे विधानसभा परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु ने विद्यालय की सराहना की। कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ सांस्कारिक शिक्षा जरूरी है। नैतिकता का क्षरण हो रहा है। शिक्षा के माध्यम से अच्छे नागरिक तैयार करें। यह जिम्मेदारी जितनी शिक्षकों की बनती है उससे कहीं अधिक अभिभावकों के लिए भी है। उन्होंने हर सम्भव विद्यालय में सहयोग करने का आश्वासन दिया। इससे पहले सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। छात्रा चांदनी, रिंकी, प्रीती, अल्का ने स्वागत गीत के माध्यम मुख्य अतिथि का स्वागत किया। देश भक्ति गीत हम इंडिया वाले पर रविकिशन, अनुपम, शुभम, आदर्श, आदिति की प्रस्तुति सराहनीय रही। अध्यक्षता ओमप्रकाश यादव तथा संचालन शकील अहमद ने किया।



# स्पोर्ट्स

## अपने रंग में लौट आया है भारत का यह गेंदबाज, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साबित हो सकता है एक्स-फैक्टर

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 9 फरवरी से चार टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच नागपुर में खेला जाएगा। ऐसे में भारत के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के एक्स-फैक्टर बन सकते हैं। सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद, कुलदीप यादव को पिछले कुछ वर्षों में अलग-अलग कारणों से टीम में शामिल नहीं हो पाए थे, लेकिन उन्होंने दमदार वापसी की है। गौरतलब हो कि 2019 में सिडनी में 5 विकेट लेने के बाद तत्कालीन मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कुलदीप को विदेशी सरजमीं पर भारत का नंबर 1 स्पिनर करार दिया था, लेकिन इसके बाद उन्हें नियमित मौके नहीं मिले। बार-बार चोटिल होने से उनका आत्मविश्वास कम हो गया था। इस दौरान उनका खराब फॉर्म भी जारी रहा।





# भारतीय महिला टीम का फोकस आईसीसी ट्राफी पर, हरमनप्रीत कौर बोलीं- अंडर-19 विश्व कप देखने के बाद मिली प्रेरणा

### भारतीय टीम का फोकस पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के पहले मैच पर है जिसमें वे अंडर 19 टीम की सफलता को दोहराना चाहेंगे

**केपटाउन।** महिला प्रीमियर लीग के लिए नीलामी होने वाली है लेकिन भारतीय टीम का फोकस पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के पहले मैच पर है जिसमें वे अंडर 19 टीम की सफलता को दोहराना चाहेंगे। महिला आईपीएल के लिए नीलामी 13 फरवरी को मुंबई में है, जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप का मैच 12 फरवरी को यहां होगा। हरमनप्रीत कौर ने टी20 विश्व कप कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में कहा, नीलामी से पहले हमें काफी महत्वपूर्ण मैच खेलना है और हमारा फोकस उसी पर है। उन्होंने कहा, यह विश्व कप सबसे महत्वपूर्ण है। हमारा फोकस आईसीसी ट्रॉफी पर है। ये सब चीजें चलती रहती है और एक खिलाड़ी को पता होता है कि उसके लिए क्या अहम है और उसे फोकस कैसे बनाये रखना है। उन्होंने कहा, हम इतने परिपक्व हैं कि हमें पता है कि हमारे लिए क्या अहम है। शेफाली वर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने पिछले महीने पहला अंडर 19 विश्व कप जीता। सीनियर टीम भी इस सफलता को दोहराना चाहती है । हरमनप्रीत ने कहा, अंडर 19 विश्व कप देखने के बाद हमें प्रेरणा मिली है। उन्होंने हमें अच्छे प्रदर्शन के लिये प्रेरित किया है । हम सभी के लिये यह खास पल था और उनकी इस कामयाबी से कई लड़कियों को क्रिकेट खेलने की प्रेरणा मिलेगी जो हमेशा से हमारा लक्ष्य था। भारतीय कप्तान ने उम्मीद जताई कि महिला आईपीएल भारत में महिला क्रिकेट के विकास में उसी तरह योगदान देगा जैसे महिला बिग बैश या द हंड्रेड ने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में दिया है। उन्होंने कहा, हमारे लिए यह बड़ा दिन है क्योंकि हम बरसों से इसका इंतजार कर रहे थे। अगले दो तीन महीने काफी महत्वपूर्ण है । हमने देखा है कि महिला बिग बैश लीग और द हंड्रेड ने कैसे उन देशों में महिला क्रिकेट के विकास में मदद की है । उम्मीद है कि ऐसा हमारे देश में भी होगा। किया सुपर लीग, महिला बिग बैश लीग, द हंड्रेड खेल चुकी हरमनप्रीत ने कहा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलना अलग तरह का अनुभव है । मुझे जब यह मौका मिला तो यह जीवन बदलने जैसा था । दूसरी लड़कियां भी इसे महसूस कर सकेंगी । यह अपने खेल को बेहतर बनाने का सुनहरा मौका होगा। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डेवाइन और ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मैग लानिंग का मानना है कि टी20 विश्व कप के दौरान नीलामी होना अजीब है । डेवाइन ने कहा कि खिलाड़ियों का ध्यान इस पर से हटाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, यह अजीब होगा। कुछ खिलाड़ी चुने जायेंगे और कुछ नहीं। आपको अपनी कीमत का पता चलेगा जो अजीब सा है लेकिन यह भी एक काम है और हमने भी अपने नाम लीग के लिये दिये हैं। उन्होंने कहा, यह अनूठा अनुभव है। लेकिन यह सही है कि इससे ध्यान भटकेगा लेकिन हमें फोकस रखना होगा । महिला क्रिकेट के लिए यह बड़ा पल है और मुझे इसका इंतजार है। ऑस्ट्रेलिया की पूरी 15 सदस्यीय टीम ने लीग के लिये नाम दिया है। हर टीम में सात विदेशी खिलाड़ी होंगे जिनमें से एक सहयोगी देश का होगा।

## आशु ने जीता कांस्य, अन्य पहलवानों ने किया निराश

**जगरेब।** एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आशु ने रविवार को यहां जगरेब ओपन रैंकिंग सीरीज के समापन के दिन ग्रीको रोमन वर्ग में भारत के लिए 67 किग्रा में कांस्य पदक जीता। इस 23 साल के पहलवान ने लिथुआनिया के एडोमास ग्रिगलियुनास को 5-0 से हराकर भारत की तालिका में दूसरा कांस्य जोड़ा। फ्रीस्टाइल वर्ग में अंडर-23 विश्व चैंपियन पहलवान अमन सहरावत ने प्रतियोगिता के शुरूआती दिन पुरुषों की 57 किग्रा में कांस्य जीता था। आशु को क्वालीफिकेशन दौर में ईरान के रेजा महदी अब्बासी ने 9-0 से हराया था उन्होंने रेपेशाज दौर में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हंगरी के एडम फोइलेक को 8-0 से हराने के बाद नॉर्वे के हावर्ड जोर्जेंसन को 9-0 से पटखनी देकर कांस्य पदक दौर में अपनी जगह पक्की की। भारतीय पहलवान ने पहले पीरियड में तीन और दूसरे पीरियड में दो अंक जुटाए जिसके बाद सभी जज ने उन्हें ह्यविन बाई डिसिजनह्ल घोषित किया। ग्रीको-रोमन वर्ग में हालांकि सागर (63 किग्रा) को रेपेशाज दौर में ऑस्ट्रिया के अकेर सस्मिड अल ओबैदी ये हार का सामना करना पड़ा। उन्हें यह मौका क्वार्टर फाइनल के प्रतिद्वंद्वी ईरान के आरीफ हुसैन खौन मोहम्मदी के फाइनल में पहुंचने पर मिला था।



## झूलन गोस्वामी बनीं मुंबई इंडियंस महिला टीम की मेंटोर, चार्लोट एडवर्ड्स मुख्य कोच नियुक्त

### भारत की पूर्व हरफनमौला देविका पल्शिकर बल्लेबाजी कोच होंगी

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से हाल ही में संन्यास लेने वाली दिग्गज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को मुंबई इंडियंस ने आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती सत्र के लिए टीम का मेंटोर (मार्गदर्शक) और गेंदबाजी कोच की दोहरी भूमिका सौंपी है। इंग्लैंड की महिला टीम की पूर्व कप्तान और महिला वनडे और टेस्ट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली चार्लोट एडवर्ड्स को मार्च में होने वाले उद्घाटन सत्र के लिए फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। भारत की पूर्व हरफनमौला देविका पल्शिकर बल्लेबाजी कोच होंगी, जबकि तृप्ति चंदगडकर भट्टाचार्य टीम मैनेजर होंगी। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम की श्रृंखला के बाद पिछले साल संन्यास लेने वाली 'पद्म श्री' झूलन के नाम दो दशकों से अधिक के करियर में 350 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। वह महिला वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड भी उनके नाम दर्ज है। झूलन जनवरी 2016 में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची थी। संन्यास के बाद वह वह बंगाल की महिला टीम का मार्गदर्शन कर रही है। एडवर्ड का करियर भी लगभग दो दशक का रहा है। उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप खिताब जीता है। संन्यास के बाद 43 साल की यह खिलाड़ी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में कई टीम के साथ कोच के तौर पर काम कर चुकी है। वह आईसीसी के 'हॉल ऑफ फेम' में भी शामिल है। देविका दायें हाथ की बल्लेबाज और लेग स्पिन गेंदबाज रह चुकी है। वह 2014 से 2016 तक भारतीय महिला टीम की सहायक कोच थी। वह बांग्लादेश महिला टीम की भी सहायक कोच रह चुकी है। उनके कार्यकाल के दौरान बांग्लादेश ने 2018 में एशिया कप का खिताब जीता था। मुंबई इंडियन्स इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे सफल टीम है। इस समूह ने हाल ही में डब्ल्यूपीएल के लिए मुंबई महिला टीम की फ्रेंचाइजी 912.99 करोड़ रुपये में खरीदी है।



## मुश्किल में फंसे कांबली वाइफ को पीटा, केस दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने नशे की हालत में पत्नी को कथित रूप से पीटने और अपशब्द कहने के आरोप में भारत के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को हुई इस घटना के सिलसिले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।



कांबली की पत्नी एंड्रिया ने आरोप लगाया है कि कांबली ने उन पर खाना पकाने का बर्तन फेंक दिया था जिससे उनके सिर में चोट आई है। यह घटना शुक्रवार को दोपहर एक से डेढ बजे के बीच है जब कांबली बांद्रा स्थित अपने घर पर नशे की हालत में पहुंचे और पत्नी को अपशब्द कहने शुरू कर दिये। अधिकारी ने बताया कि उनकी पत्नी ने शिकायत में कहा है कि उनका बारह वर्ष का बेटा भी उस समय मौजूद था जिसने बीच बचाव की कोशिश की लेकिन कांबली ने रसोई में जाकर टूटा हुआ फ्राइंग पैन उठाया और अपनी पत्नी को मारा जिससे उसे चोट आई है। बाद में कांबली की पत्नी जांच के लिये भाभा अस्पताल गई । उनकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने कांबली के खिलाफ आईपीसी की धारा 324 और 504 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच चल रही है।

# नवाब अकबर बुगती स्टेडियम के करीब विस्फोट, बाबर आजम और शाहिद अफरीदी को सुरक्षित जगह ले जाया गया

**क्वेटा।** कप्तान बाबर आजम और शाहिद अफरीदी सहित शीर्ष पाकिस्तानी क्रिकेटरों को नवाब अकबर बुगती स्टेडियम से कुछ मील की दूरी पर रविवार को हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा के लिए ड्रेसिंग रूम में ले जाया गया। ये खिलाड़ी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का एक प्रदर्शनी मैच खेल रहे थे जिसे इस धमाके के बाद कुछ देर के लिये रोक दिया गया। यह विस्फोट पुलिस लाइंस क्षेत्र में हुआ जिसमें पांच लोग घायल हो गये। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बचाव कार्य पूरा हो गया है और घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया। तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने रविवार को एक बयान में इस हमले की जिम्मेदारी ली है जिसमें कहा गया कि सुरक्षा अधिकारियों को निशाना बनाया गया था। पीएसएल की टीम क्वेटा ग्लैडिएटर्स और पेशावर जाल्मी के बीच एक प्रदर्शनी मैच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा आयोजित किया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, जैसे ही धमाका हुआ, ऐहतियात के तौर पर मैच रोक दिया गया और खिलाड़ियों को कुछ देर के लिये ड्रेसिंग रूम में ले जाया गया। बाद में मैच बहाल हो गया। मैच के लिये मैदान खचाखच भरा था।



## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की धमकी, एशिया कप का वेन्यू बदला तो वनडे वर्ल्ड कप नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को भारतीय क्रिकेट से बड़ा झटका लगा है। एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक में भारत ने साफ कर दिया है कि वह एशिया कप 2023 खेलने के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेंगे। बीसीसीआई और पीसीबी के बीच हुए इस बवाल के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम अब वनडे वर्ल्ड कप 2023 से हटने की तैयारी कर रही है। पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड एशियन क्रिकेट काउंसिल के इस फैसले से खुश नहीं है और उसने धमकी दी है कि यदि एशिया कप 2023 पाकिस्तान से बाहर न्यूट्रल वेन्यू पर शिफ्ट किया गया तो अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में वह हिस्सा नहीं लेगा। हालांकि, एशिया कप 2023 कहां आयोजित किया जाएगा, इसको लेकर आखिरी फैसला मार्च में होने वाले एसीसी और आईसीसी के बीच बैठक के बाद लिया जाएगा। लेकिन भारत के विरोध के बाद एशिया कप को यूएई शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। हाल ही में कतर ने फीफा वर्ल्ड कप होस्ट किया था। गौरतलब है कि बीसीसीआई सचिव जय शाह द्वारा एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक में साफ कहा गया कि टीम इंडिया के खिलाड़ी पाकिस्तान ट्रैवल नहीं करेंगे। बीसीसीआई ऐसा फैसला सुरक्षा के मद्देनजर कर रहा है। एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान को देने या न देने का फैसला एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) मार्च में कर सकता है। उल्लेखनीय है कि 2009 में श्रीलंका क्रिकेट टीम की बस पर हुए हमले के बाद लंबे समय तक किसी देश ने पाकिस्तान का दौरा नहीं किया, हालांकि पिछले तीन सालों से एशियाई देश अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी कर रहा है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड सहित कई टीमों ने पाकिस्तान का दौरा किया है मगर इस सूची में भारत का नाम शामिल नहीं है। दोनों देशों के बीच खराब संबंध होने के कारण भारत और पाकिस्तान की टीमों ने करीब एक दशक से कोई द्विपक्षीय श्रृंखला भी नहीं खेली है।

## जब धोनी की जुल्फों के दीवाने हो गए थे परवेज मुशर्रफ, दी थी ये सलाह

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ का 79 साल की उम्र में दुबई के एक अस्पताल में निधन हो गया है। वो लंबे वक्त से बीमार चल रहे थे। मुशर्रफ को क्रिकेट का काफी शौक था। उनका एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। जब 2005-06 में भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान दौरे पर गई थी, तब परवेज मुशर्रफ पाकिस्तान के राष्ट्रपति थे। उस समय वनडे सीरीज का तीसरा मैच के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया था। जो महेंद्र सिंह धोनी की तूफानी पारी की वजह से भारत लाहौर वनडे पांच विकेट से जीता था। इस मैच के बाद पूर्व राष्ट्रपति मुशर्रफ ने टीम इंडिया को सीरीज जीत के साथ ही धोनी को स्पेशल पारी के लिए बधाई दी थी और माही को कभी न बाल कटवाने की सलाह दी थी। तब मुशर्रफ ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा था, मैंने मैदान पर कई पोस्टर देखे, जिसमें आपको हेयरकट की सलाह दी गई है। लेकिन, आप अगर मेरी राय मानेंगे तो आपको बाल नहीं कटवाने चाहिए। क्योंकि आप इस हेयर स्टाइल में काफी अच्छे लगते हैं। यह सुनकर धोनी भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए थे। ऐसे में मुशर्रफ धोनी का जिक्र करते हुए भारतीय कप्तान सौरव गांगुली से पूछ ही बैठे थे कि, 'इसे कहां से लाएं हो?' गांगुली ने कहा था, 'वाघा बॉर्डर के पास घूम रहा था, वहीं से अंदर खींच लिया।'



# टी20 विश्व कप में भारत की जीत काफी हद तक शीर्ष क्रम पर निर्भर होगी : मिताली राज

### *उन्होंने कहा, हरमनप्रीत कौर भी अच्छी फॉर्म में दिख रही है लेकिन हमें आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराने के लिए अन्य बल्लेबाजों के भी रन बनाने की जरूरत है*

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान मिताली राज को लगता है कि महिला टी20 विश्व कप में भारत की जीत काफी हद तक शीर्ष क्रम की फॉर्म पर निर्भर होगी। इस महान बल्लेबाज ने साथ ही कहा कि भारतीय गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका में शुक्रवार से शुरू हो रहे टूनार्मेंट में मुश्किल भरी परिस्थितियों में काफी सुधार दिखाना होगा। मिताली ने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) में अपने कॉलम में लिखा, भारत की उम्मीदें काफी हद तक शीर्ष क्रम पर निर्भर होंगी। स्मृति मंधाना अच्छा खेल रही है और मैच विजेता है। उन्होंने कहा, हरमनप्रीत कौर भी अच्छी फॉर्म में दिख रही है लेकिन हमें आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराने के लिये अन्य बल्लेबाजों के भी रन बनाने की जरूरत है। भारतीय टीम 12 फरवरी को केपटाउन में टूनार्मेंट के शुरूआती मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगी। टीम दक्षिण अफ्रीका में खेल रही है और हाल में त्रिकोणीय श्रृंखला में उप विजेता रही जिसमें मेजबान दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी शामिल थे। अनुभवी शिखा पांडे को छोड़कर भारतीय टीम की तेज गेंदबाजी इकाई इतनी अनुभवी नहीं होगी। मिताली ने कहा, गेंदबाजी की परीक्षा होगी और आपको यहीं सुधार की जरूरत है। उन्हें साथ ही उम्मीद है कि अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की सदस्य शेफाली वर्मा और ऋचा घोष उसी अनुभव का इस्तेमाल करेंगी जो उन्होंने इस आयु ग्रुप के टूनार्मेंट में ऐसी ही परिस्थितियों में खेलते हुए हासिल किया था। मिताली की राय में गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया का शानदार बल्लेबाजी विभाग उन्हें खिताब जीतने का प्रबल दावेदार बनाता है जो छठी बार ट्राफी जीतने की कोशिश में जुटी है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हर कोई सहमत होगा कि आस्ट्रेलिया प्रबल दावेदार है और वह दावेदार बनने का हकदार भी है। मुझे कड़े और प्रतिस्पर्धी मैचों की उम्मीद है। उन्हें हराना इतना मुश्किल है क्योंकि उनकी बल्लेबाजी में काफी गहराई है और उनका बल्लेबाजी लाइन अप भी शानदार है। हालांकि मिताली को यह भी लगता है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है। उन्होंने कहा, हमने हाल में देखा कि जब उन्होंने भारत का दौरा किया था तो यह श्रृंखला काफी प्रतिस्पर्धी रही थी। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया निश्चित रूप से प्रबल दावेदार है, हमने भारत और इंग्लैंड को टूनार्मेंट के नॉकआउट चरण में अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलते हुए देखा है इसलिये मैं उन्हें हल्के में नहीं लूंगा। वैसे आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है।



जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## इंडिया VS आस्ट्रेलिया : ऑस्ट्रेलियाई टीम को झटका पहले टेस्ट से बाहर हुए जोश हेजलवुड

**नई दिल्ली।** चोट से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भारत के खिलाफ नागपुर में नौ फरवरी से शुरू हो रहा पहला टेस्ट नहीं खेल सकेंगे और दिल्ली में होने वाले दूसरे टेस्ट में भी उनका खेलना तय नहीं है। 32 वर्ष के हेजलवुड को पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वषार्बाधित टेस्ट में बायें पैर में चोट लगी थी। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क भी पहले टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। यह दोनों बॉलर ही ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजी की रीढ़ माने जाते हैं, ऐसे में इन दिनों का अब नहीं होना एक बड़ा संकट हो सकता है। हेजलवुड ने बेंगलुरू के केएससीए स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के आखिरी अभ्यास सत्र के बाद क्रिकबज से कहा, पहले टेस्ट के बारे में नहीं कह सकता। अभी उसमें कुछ ही दिन बचे हैं। उसके बाद दूसरे टेस्ट में भी ज्यादा समय नहीं है। देखते हैं। हेजलवुड के नहीं खेलने पर स्कॉट बोलैंड को मौका मिल सकता है। मिशेल स्टार्क पहले ही ऊंगली की चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर हैं।



'अभी पूरी तरह से रिकवर नहीं हो सका हूं'

हेजलवुड ने कहा, अभी कार्यभार प्रबंधन अहम है। मैं थोड़ा बहुत अभ्यास कर पा रहा हूं। अभी पूरी तरह से रिकवर नहीं हो सका हूं। एक बार में एक टेस्ट ही खेल पाना निराशाजनक है। वेस्टइंडीज के खिलाफ भी वह एक ही टेस्ट खेल सके थे और फिर चोटिल हो गए थे। चोटों के बावजूद उनकी प्राथमिकता टेस्ट क्रिकेट है चूंकि आस्ट्रेलिया का विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेलना तय है और उसके अलावा एशेज श्रृंखला भी है। उन्होंने कहा, मेरी सोच नहीं बदली है। मैं मैच दर मैच सोचता हूं। यह बड़ा और लंबा दौरा है और हमें चार टेस्ट खेलने हैं। इसके अलावा एशेज भी खेलना है।
ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा (टेस्ट सीरीज शेड्यूल)-पहला टेस्ट- 9 से 13 फरवरी, नागपुर, दूसरा टेस्ट- 17 से 21 फरवरी, दिल्ली, तीसरा टेस्ट- 1 से 5 मार्च, धर्मशाला चौथा टेस्ट- 9 से 13 मार्च, अहमदाबाद।

## भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद ! मा0 नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद !



आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शिक्षा-** 1. उच्च शिक्षा हेतु मेडिकल कॉलेज, 2. राजकीय इण्टर कालेज, 3. मिशन प्रेरणा उत्तर-प्रदेश-प्रेरक प्रदेश के तहत प्राथमिक विद्यालय उच्चतम माध्यमिक विद्यालय का कायाकल्प, 4. कोन क्षेत्र में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मांग की गयी है।

**सड़क-** 1. झारखण्ड व उत्तर प्रदेश को जोड़ने कोन बाजारी घाट मार्ग निर्माण आजादी के बाद पहली बार, 2. बनौरा तेन्दू सम्पर्क मार्ग से जिगना से होते हुए लखनपुरवा-पुरैनिया सम्पर्क मार्ग तक रोड का निर्माण, 3. वि0 ख0 चतरा के बरईल माईनर से बेलगाई पंचायत भवन होते हुए चतरा बंजरिया तक सम्पर्क मार्ग निर्माण, 4. वि0 ख0 चतरा के सेंधुआरी सुदामा के घर से बभनगवॉं प्राथमिक विद्यालय सम्पर्क मार्ग का निर्माण, 5. वि0 ख0 चतरा के ग्राम बभनगवॉं में बसन्तु चेरो के घर से पुरना कला सम्पर्क मार्ग का निर्माण, 6. वि0 ख0 चोपन कोन तेलगुड़वा मार्ग से हरिजन बस्ती होते हुए जगेसा धोबी के घर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण, 7. वि0 ख0 चोपन के कोन में करईल सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य, 8. वि0 ख0 चोपन नौडीहा चेरोबस्ती से रामवृक्ष के घर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण, 9. वि0 ख0 चतरा के ऊंजी में पंचायत भवन से कल्लर विश्वकर्मा के घर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण, 10. वि0 ख0 चतरा के ग्राम कुसुम्हा से सिद्धी जाने वाले सम्पर्क मार्ग का निर्माण, 11. वि0 ख0 नगवॉं के नैनदह नाला पर पुल निर्माण का कार्य।

**सिंचाई-** 1. वि0 ख0 राबर्ट्सगंज के घाघर मुख्य नहर में ग्राम धोबही सिरोही नदी को जोड़ने हेतु कुलावा का निर्माण जिससे धोबही, खड़ेहरी, लखनवार पाली बहुअरा, सिरपालपुर, अक्छोर, वेठीगाँव, मझिगाँव तक सिंचाई होगी। 2. अधुरी पड़ी बसुहारी सिंचाई परियोजना का कार्य प्रारम्भ है। जल्द होगा पूरा, 3. सोन लिफ्ट कैनाल पर पाँचवा चरण निर्माण व घाघर मुख्य नहर के विस्तारिकरण की मांग की गयी है, 4. पाण्डू नदी की सफाई व अविरलता की मांग की गयी है, 5. जसौली परियोजना क्षेत्र के अन्तर्गत नगवॉं बान्ध से अन्य छोटी बन्धियों को जोड़ने की मांग की गयी है।

**नगर पंचायत का विस्तारीकरण-** 1. डाला नगर पंचायत। **ब्लाक विस्तारीकरण-** कोन ब्लाक, **खेलो इण्डिया के तहत-** 1. वि0 ख0 नगवॉं के नगॉव ग्राम में इनडोर स्टेडियम का निर्माण, राबर्ट्सगंज नगर पालिका में लागू जमिंदारी को समाप्त करने की मांग की गयी है। हर घर नल योजना का शुभारम्भ। विधायक निधि से ओपन मैनूअल जीम प्रत्येक ब्लाक में।

2017 के बाद राबर्ट्सगंज नगर पालिका में प्रधानमंत्री आवास 2662 स्वीकृत व 643 बन गये हैं एवं शौचालय 731, नगर पंचायत चुर्क में प्रधानमंत्री आवास 2528 स्वीकृत है व 842 बन गये हैं। आवास ग्रामीण मुख्यमंत्री आवास स्वीकृत 5625 व 1771 बन गया प्रधानमंत्री आवास 36582 स्वीकृत व 23323 बन गया है। शौचालय ग्रामीण-ब्लाक चतरा में 21994, नगवॉं में 18785, राबर्ट्सगंज में 52440, चोपन में 30000 कुल मिलाकर 123219। उज्जवला गैस 72000 विधान सभा राबर्ट्सगंज। आयुष्मान कार्ड 90601 कार्ड बने विधानसभा में। विद्यालय अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक विद्यालय कुल 72 विद्यालय (वि0 ख0 रा0गंज-20, चोपन-20, नगवॉं-16, चतरा-16)। 875 विद्यालय में से 600 विद्यालय कायाकल्प किये गये। विद्युतीकरण-1167। 5 सब स्टेशन (चकरिया, जवारिडार, नई बाजार, रामपुर, कचनरवा)। विधायक निधि से सांस्कृतिक मंच का निर्माण-प्रत्येक ग्राम पंचायत जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है। कचहरी सोनभद्र बार एसोसिएशन भवन के पूरब वादकारी भवन का निर्माण कार्य। शितला मंदिर के पास सार्वजनिक स्थान पर बोरिग टंकी आर0 ओ0 सिस्टम एवं वाटर कूलर सहित पेयजल की व्यवस्था का कार्य। सरस्वती शिशु मंदिर मानसपुरम, विद्यालय भवन निर्माण। रोरवा में स्व0 सूबेदार प्रसाद की स्मृति में द्वार निर्माण का कार्य। लाल बिजौरा स्व0 राममनोहर तिवारी के स्मृति में द्वार निर्माण। अबाड़ी जाने वाली सम्पर्क मार्ग पर पं0 अटल बिहारी जी के स्मृति में द्वार का निर्माण। सिलथम में अम्बेडकर द्वार का निर्माण कार्य। लसड़ा में (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी) स्व0 बेनी माधवदेव पाण्डेय की स्मृति में द्वार का निर्माण। निधि से क्षेत्र में 40 की संख्या में शेड निर्माण का कार्य कराया गया।

1. वि0 ख0 कोन में बजारी घाट मार्ग का नवनिर्माण, 2. ग्राम खुज्झा विकास खण्ड चतरा में इण्टर कॉलेज का शिलान्यास, 3. वि0 ख0 चतरा में बरईल माइनर से बेलगाई होते हुए बंजरिया रोड तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण , 4. ग्राम ऊँची में सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य, 5. ग्राम नौडिहा में सम्पर्क मार्ग का निर्माण, 6. नैनदह नाला (नगवॉं) में पुल का निर्माण, 7. वि0 ख0 कोन में करईल मार्ग का निर्माण, 8. शीतला मन्दिर राबर्ट्सगंज में शुद्ध पेयजल हेतु आर0 ओ0 प्लाण्ट का निर्माण, 9. लसड़ा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति द्वार का निर्माण, 10. अबाडी मार्ग (रानीताली) में अटल द्वार का निर्माण।

## जनसंदेश टाइम्स

स्थापना दिवस 2023

अभूतपूर्व सफलता के

11th ANNIVERSARY

गौरवशाली वर्ष की

## हार्दिक शुभकामनाएं

सबका साथ सबका विकास के साथ विश्वास को आगे बढ़ाते हुए
राबर्ट्सगंज विधान सभा व जिले के त्वारित विकास में सदैव तत्पर.....



# भूपेश चौबे

## विधायक

## राबर्ट्सगंज-सोनभद्र